# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
रविवार 25 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 13 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 239
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में पीएम मोदी बोल

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। पीएम ने कहा- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। इस बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ शामिल हुए।

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देश के सामने मौजूद विकास से जुड़ी चुनौतियों के बारे में बताया। इसके अलावा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्य किस तरह आधारशिला बन सकते हैं, यह भी बताया गया। बैठक में उद्यमिता, कौशल और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। पीएम ने कहा कि ग्लोबल स्टैंडर्ड के अनुसार हर मुख्यमंत्री को अपने राज्य में कम से कम एक टूरिस्ट प्लेस विकसित करना चाहिए। भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। डेवलपमेंट, मॉर्डनाइजेशन और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।



### तेजी से शहरीकरण हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। वहां सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराने चाहिए। एक राज्य- एक वैश्विक गंतव्य। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। हमें इस तरह काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव ला सकें। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव मजबूत होता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक बड़ा अवसर है। हमें एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए- 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। अगर हम इन तर्ज पर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### देश में अंतिम सांस ले रहा माओवाद

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा हैंहमारा लक्ष्य प्रत्येक राज्य को विकसित, प्रत्येक शहर को विकसित, प्रत्येक नगर पालिका को विकसित और प्रत्येक गांव को विकसित बनाना होना चाहिए। अगर हम इन दिशाओं में काम करेंगे तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### 3 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया

नीति आयोग की मीटिंग में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले से निर्धारित कार्यक्रम का हवाला देते हुए मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया। वहीं केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने अपनी ओर से अपने कैबिनेट सहयोगी के एन बालगोपाल को भेजा। इसी तरह, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

## खास खबर

### पठानकोट के खेत में मिला मोर्टार

पठानकोट। पठानकोट के सोली भोली गांव के एक खेत में मोर्टार मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक ग्रामीण ने बम जैसी वस्तु देखी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बम जैसी वस्तु को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इसकी सूचना सेना को भी दी और सेना की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर जिंदा मोर्टार को निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान गांव के सरपंच भी मौके पर मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक यह मोर्टार बीर सिंह नाम के व्यक्ति के खेत में देखा गया था और उसके बाद ही पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

### मोहाली में पुलिस ने दबोचे 7 नाइजीरियन

चंडीगढ़। मोहाली में पंजाब पुलिस ने 7 नाइजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये एक किराए के मकान में फर्जी कॉल सेंटर चलाकर सोशल मीडिया के ज़रिए लोगों को ठगते थे। इन्होंने अश्लील चैट दिखा कर शादीशुदा व्यक्तियों को ब्लैकमेल कर 15 करोड़ रुपए ठगे थे। पुलिस ने क्रहस् की धारा 318(4), 61(2) और आईटी एक्ट की धारा 66 में मामला दर्ज किया है। इनके कब्जे से करीब 2.10 करोड़ रुपए कीमत का सामान बरामद किया गया है। मोहाली के एसएसपी हरमनदीप हंस ने कहा कि आरोपियों को डीएसपी रुपिंदरदीप कौर सोही की सुपरविजन में गिरफ्तार किया गया है।

### 3 भाइयों की गोली मारकर हत्या

बक्सर। बक्सर में शनिवार की सुबह दो पक्षों में झड़प के बाद अंधाधुंध फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में 5 लोगों को गोली लगी है, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वाले सभी भाई हैं। जो जख्मी हैं, वो भी मृतकों के भाई हैं। फायरिंग के बाद 2 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वारदात का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दो गुटों में पहले लाठी-डंडे और पत्थरबाजी हो रही है। इसके बाद दूसरे गुट के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक मिनट के वीडियो में 12 बार गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही है।

### भारत-नेपाल सीमा पर पकड़ा गया संदिग्ध

बहराइच। यूपी के बहराइच में शुक्रवार की रात भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने एक संदिग्ध को पकड़ा है। उसकी भाषा काफी अजीब है। जो स्थानीय निवासियों से काफी अलग है। एसएसबी ने उसे पुलिस को सौंप दिया है। फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उससे पूछताछ की जाएगी। मामला मोतीपुर क्षेत्र का है। यहां भारत-नेपाल सीमा पर एक युवक घूम रहा था। एसएसबी जवानों को शंका हुई तो उसे रोका। उससे बातचीत करके उसका पता और टहलने का कारण पूछा।

### जस्टिस नागरत्ना बनेंगी कॉलेजियम का हिस्सा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस बी वी नागरत्ना सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सदस्य बनने वाली हैं। वे 25 मई को कॉलेजियम का हिस्सा बनेंगी। कॉलेजियम में अब मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस नागरत्ना का नाम होगा। सीजेआई बीआर गवई के बाद बी वी नागरत्ना पांचवीं सीनियर जस्टिस हैं।

### अब भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर दिया विवादित बयान, बोले

## सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगनाओं जैसा जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग मरे

भिवानी। हरियाणा में भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में विरांगना का भाव व जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग गोली का शिकार बने। सांसद ने कहा कि पर्यटक हाथ जोडक़र मारे गए। अगर पीएम की योजना के तहत ट्रेनिंग लेते और सामना करते तो इतनी मौतें नहीं होती। ये बातें उन्होंने शनिवार को भिवानी के पंचायत भवन में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला संगोष्ठी कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में उन्होंने महात्मा गांधी को लेकर भी विवादित टिप्पणी की।

पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। 10 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई थी।

### वीरों की गाथा गड्ढों में दबा दी

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि कायरों का इतिहास नहीं लिखा जाता है, लेकिन लंबे समय तक हमें कायरता सिखाई और बताई गई। वीरों की गाथा इतिहास के पन्नों में नहीं गड्ढों में दबा दी। मुगलई और अंग्रेजों का इतिहास हमें पढ़ाया गया। जब राष्ट्रीयता का भाव नहीं होता है तब आदमी क्या कहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में वीरता की भावना पैदा करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना (अग्निवीर) चलाई। इसके विरोध में हमारे नौजवानों ने कितनी ट्रेनें फूंक दी, कितनी बसें फूंक दी और कितनी सरकारी बिल्डिंगों को आग लगा दी। इसका मतलब क्या है, उनकी शिक्षा के अंदर कोई न कोई कमी थी। उनकी शिक्षा के अंदर राष्ट्रीयता का भाव नहीं था। अगर राष्ट्रीयता का भाव होता तो फिर वे अपने देश की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाते।

### अग्निवीर की ट्रेनिंग ली होती तो पहलगाम में 26 मौतें नहीं होती

जांगड़ा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पूरा देश महसूस कर रहा है कि अगर नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को जो ट्रेनिंग देना चाहते हैं, वह ट्रेनिंग यात्रियों के पास होती तो 3 आतंकवादी 26 लोगों को नहीं मार पाते। अगर यात्रियों के हाथ में लाठी, डंडा कुछ भी होता और वे चारों तरफ से आतंकवादियों की तरफ दौड़ते, तो मैं दावा करता हूं कि शायद 5 या 6 लोगों की जान जाती, लेकिन तीनों आतंकवादी भी मारे जाते। हाथ जोडऩे से कोई नहीं छोड़ता।

## जमानत के बदले रिश्वत मामले में स्पेशल जज का ट्रांसफर, कोर्ट स्टाफ पर एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने राउस एवेन्यू कोर्ट के एक स्पेशल जज और उनके कोर्ट स्टाफ (अहलमद) पर रिश्वत के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसीबी ने 29 जनवरी 2025 को विधि विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जांच की अनुमति मांगी थी, जिसमें दावा किया गया था कि जज और स्टाफ ने जमानत दिलाने के बदले करोड़ों रुपये की रिश्वत मांगी थी।

हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने 14 फरवरी को पर्याप्त सबूतों की कमी का हवाला देते हुए जज के खिलाफ जांच की अनुमति देने से इनकार कर दिया, लेकिन एसीबी को जांच जारी रखने की छूट भी दे दी। इसके बाद, 16 मई को कोर्ट स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और 20 मई को संबंधित स्पेशल जज का ट्रांसफर कर दिया गया।

### रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप

जानकारी अनुसार एसीबी को पहली शिकायत 30 दिसंबर 2024 को मिली थी, जिसमें एक जीएसटी अधिकारी के रिश्तेदार ने आरोप लगाया कि आरोपियों की जमानत के एवज में 85 लाख से एक-एक करोड़ रुपये तक की रिश्वत मांगी गई। शिकायत में यह भी कहा गया कि रिश्वत देने से इनकार करने पर जमानत याचिकाओं को जानबूझकर लंबित रखा गया और फिर खारिज कर दिया गया। 20 जनवरी को मिली एक अन्य शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि कोर्ट के अहलमद ने उनसे सीधे संपर्क कर प्रति व्यक्ति 15-20 लाख रुपये की मांग की थी।

### ऑडियो रिकॉर्डिंग और प्राथमिक जांच में पुष्ट आरोप

एसीबी ने अपनी जांच में पाया कि शिकायतें घटनाक्रम और प्राप्त ऑडियो रिकॉर्डिंग से मेल खाती हैं, जिससे आरोपों की गंभीरता और प्रामाणिकता और भी पुख्ता हो गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद कोर्ट स्टाफ (अहलमद) ने अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई। 22 मई को कोर्ट ने यह याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपी सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है और एक पर्ची जैसे दस्तावेज भी मामले में उसकी भूमिका को स्पष्ट करते हैं।

यह मामला न्यायपालिका की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

## सीबीएसई ने भाषा को लेकर जारी की गाइडलाइन, स्कूल हर माह देंगे रिपोर्ट

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के तहत 3 से 11 साल तक के बच्चों की पढ़ाई की भाषा को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें सभी स्कूलों से कहा गया है कि वे शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बच्चों की पठन पाठन की भाषा को लेकर एनसीएफ में दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे मई अंत तक विद्यालय में एक समिति बनाएंगे जो एनसीएफ लागू करने पर काम करेगी। समिति छात्रों की मातृभाषा, संसाधन और करिकुलम का कार्य करेगी। यह समिति छात्रों की भाषाई जरूरतों का आकलन करेगी और भाषा शिक्षण सामग्री तैयार करवाएगी।

## देश में कोरोना के अबतक 342 एक्टिव मरीज

### उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, यूपी में 1 केस मिला; 3 दिन में ठाणे से 10 मामले आए

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड और हरियाणा में आज 3-3 और यूपी में 1 मामला सामने आया है। बीते तीन दिन में महाराष्ट्र के ठाणे में 10 मामले सामने आए हैं। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 342 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं।

उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी



संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है।

### गुजरात में 33 एक्टिव केस

गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं। इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

## राहुल गांधी को देश की एकता पर सवाल उठाने की आदत - सिंधिया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देश की एकता पर सवाल उठाने की आदत है, भले ही भारतीय एकजुट हों। यह टिप्पणी उन तीन सवालों के बारे में पूछे जाने के बाद आई जो गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछे थे।

सिंधिया ने कहा, ''देश की एकता, अखंडता और सम्मान पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत है, खासकर ऐसे समय में जब 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और कुछ तत्व भारत की संप्रभुता और एकता पर सवाल उठा रहे हैं।''

केंद्रीय संचार मंत्री ने जयशंकर से पूछे गए सवालों के समय को लेकर भी कांग्रेस नेता की आलोचना की। पूर्ववर्ती ग्वालियर राजघराने के वंशज सिंधिया ने कहा, यहां तक कि जब आतंकवादियों और दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा हो? ऐसे गंभीर समय में ऐसे सवाल उठाना - यह किस तरह की विचारधारा है? न तो आप और न ही हम इसे समझ सकते हैं।

## कच्छ से पकड़ाया पाकिस्तानी जासूस

कच्छ । गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कच्छ के एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहदेव सिंह गोहिल को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारतीय वायु सेना (बीएसएफ) से संबंधित वर्गीकृत जानकारी पाकिस्तान वायु सेना (आईएएफ) के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए, गुजरात एटीएस के एसपी के सिद्धार्थ ने कहा, गुजरात एटीएस ने कच्छ के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया है। हमें जानकारी मिली थी कि वह बीएसएफ और आईएएफ से संबंधित जानकारी एक पाकिस्तानी एजेंट के साथ साझा कर रहा था। घटना के बारे में आगे की जानकारी देते हुए एटीएस ने कथित तौर पर कहा कि गोहिल को एक मई को प्रारंभिक जांच के लिए बुलाया गया था, जहां यह पता चला कि वह जून-जुलाई 2023 में व्हाट्सएप पर अदिति भारद्वाज नामक एक पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था। गुजरात एटीएस एसपी ने बताया, उससे बात करते समय उसे पता चला कि वह एक पाकिस्तानी एजेंट है। उसने बीएसएफ और आईएएफ की निर्माणाधीन या नई बनी जगहों की तस्वीरें और वीडियो मांगे। उसने व्हाट्सएप के ज़रिए तस्वीरें और वीडियो शेयर करना शुरू कर दिया। वर्ष 2025 की शुरुआत में गोहिल ने कथित तौर पर अपने आधार विवरण का उपयोग करके एक सिम कार्ड खरीदा और भारद्वाज के इस्तेमाल के लिए उस पर व्हाट्सएप सक्रिय कर दिया।

## न्यायालय की अवहेलना पर आईएएस को हुई एक महीने की सजा, जुर्माना भी लगा

चेन्नई। करीब 4 दशक पुराने एक मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने आईएएस अंशुल मिश्रा को एक महीने की साधारण सजा सुनाते हुए जुर्माना लगाया है। साथ ही कोर्ट ने उनके वेतन से याचिकाकर्ताओं को 25,000 रुपये का मुआवज़ा देने का भी निर्देश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने सजा पर 30 दिन की राहत दी है ताकि अधिकारी अपील कर सकें।

यह मामला वर्ष 1983 से जुड़ा है, जब तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड ने चेन्नई के एक इलाके में याचिकाकर्ता भाई-बहन आर. ललितांबाई और के.एस. विश्वनाथन की 17 सेंट (लगभग 7400 वर्ग फुट) जमीन अधिग्रहित की थी। जमीन पर बहुमंजिला आवास बनाए गए, लेकिन कई दशकों तक वह उपयोग में नहीं लाए गए। याचिकाकर्ताओं ने जमीन के मालिकाना हक की वापसी की मांग करते हुए चेन्नई मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी को आवेदन दिया। हाईकोर्ट ने नवंबर 2023 में निर्देश दिया था कि वह याचिकाकर्ताओं की मांग पर विचार करते हुए दो महीने के भीतर निर्णय ले। लेकिन विभाग की ओर से इस आदेश का कोई पालन नहीं हुआ।

## चाईबासा कोर्ट के गैर-जमानती वारंट से राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

रांची। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कानूनी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल झारखंड के चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है और उन्हें 26 जून 2025 को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है।

यह वारंट राहुल गांधी की लगातार अनुपस्थिति और अदालत द्वारा जारी समन की अवहेलना के चलते जारी किया गया। राहुल गांधी के वकील द्वारा दाखिल व्यक्तिगत पेशी से छूट की अर्जी को न्यायिक दंडाधिकारी ने खारिज कर दिया। इससे पहले भी उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए।

### मामला किससे जुड़ा है?

यह पूरा मामला 28 मार्च 2018 को दिए गए एक राजनीतिक भाषण से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इस भाषण के बाद भाजपा नेता प्रताप कटियार ने 9 जुलाई 2018 को चाईबासा सीजेएम कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे को झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर फरवरी 2020 में रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित किया गया था। बाद में चाईबासा में जब एमपी-एमएलए कोर्ट की शुरुआत हुई तो मामला पुन: वहीं स्थानांतरित कर दिया गया।

## राहुल गांधी पुंछ में पीड़ितों से मिले और कहा- चिंता न करें, सब कुछ ठीक होगा...

जम्मू,। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले का दौरा किया, जहाँ उन्होंने पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था, जिसके विरोध में नियंत्रण रेखा के पार से हुई गोलाबारी में स्थानीय लोगों के जान-माल का भारी नुकसान हुआ।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुंछ पहुंचकर प्रभावित गांवों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों और शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की।



उन्होंने एक स्कूल में जाकर बच्चों से संवाद किया और कहा, आपने बड़ा खतरा और भयावह स्थिति देखी है, लेकिन चिंता न करें, सब कुछ सामान्य हो जाएगा। पढ़ाई करें, खेलें और ढेर सारे दोस्त बनाएं। यही इस संकट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है।

पहलगाम हमले के बाद दूसरी बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे राहुल गांधी ने सीमा पार से हुई गोलाबारी में नष्ट हुए घरों और सार्वजनिक संपत्तियों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि, राहुल गांधी ने उन संस्थानों का दौरा किया जिन्हें गोलाबारी में नुकसान पहुँचा है। उन्होंने उन गुरुद्वारों और मंदिरों में भी जाने की योजना बनाई है जिन्हें पाकिस्तान की गोलीबारी से क्षति पहुँची है।

पुंछ में पाकिस्तान द्वारा की गई आर्टिलरी और मोर्टार से गोलाबारी के चलते अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 70 से अधिक घायल हुए हैं। हजारों लोग एलओसी से सटे गांवों से पलायन कर सरकारी राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं।

# बाढ प्रभावित क्षेत्रों के एसडीएम को वर्षा पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बारिश से पूर्व जिले के जल प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन निर्धारित कर तैयारियां सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर मृणाल मीना ने शनिवार को आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की। बैठक में सभी एसडीएम को तहसील स्तर पर बारिश से पूर्व संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित कर कार्य प्रणाली तय करने के लिए निर्देशित किया गया।इस दौरान डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती रजनी खटीक ने बताया कि अधिकतर जिले की चार तहसीलों को वर्षाकाल में जल भराव जैसी स्थिति से गुजरना पड़ता है। कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित तहसील के एसडीएम से इस संबंध में जानकारी ली। एसडीएम लांजी कमलचंद सिंहसार ने बताया कि लांजी तहसील के परसोड़ी ग्राम में भीमगढ़ बाँध से छोड़े गए पानी तथा श्रीपुर बाँध महाराष्ट्र से छोड़े गए पानी से बैकवाटर की समस्या आ जाती है। ऐसी स्थिती में गांव टापू बन जाता है। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि से भारी समस्या का सामना ग्राम को जुलाई अगस्त में करना पड़ता है।कलेक्टर श्री मीना ने अधिक्षण यंत्री को डैम इंचार्ज से समन्वय स्थापित कर गेट खुलने की सूचना 24 घंटे पूर्व देने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती खटीक से कहा कि जल भराव व बाढ़ जैसी आपात स्थिति में रेस्क्यू टीम को सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, श्री केसी ठाकुर,



डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कौल व अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही एसडीएम, सीएमओ व अन्य अधिकारी गूगल मीट से जुड़े रहे।

### रेस्क्यू उपकरणों की समय से पूर्व होगी जाँच

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती खटीक से कहा कि समस्त रेस्क्यू उपकरणों की जांच अभी से कर ले। इसके अलावा जबलपुर से भी रेस्क्यू टीम तैनात करने का इंतजाम सुनिश्चित करना होगा।

### जिला अधिकारियों से वर्षा पूर्व तैयारियों की ली गई जानकारी

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी जिला अधिकारियों से वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने पीडब्ल्यूडी से बारिश से पूर्व ही जल प्रभावित क्षेत्र एवं स ?को में बैरियर तथा साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा है। साथ पीएचई से पानी की व्यवस्था तथा सीएमएचओ को एम्बुलेंस व दवाइयों की व्यवस्थाओं में अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा डीएसओ राशन की व्यवस्था में तत्पर रहकर कार्य करेंगे। इसके अलावा डीईओ स्कूल बारिश में स्कूल व्यवस्था का संचालन तथा एमपीईबी बिजली व्यवस्था का पूर्ण अवलोकन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री मीना ने सभी थाना प्रभारी, एसडीएम व तहसीलदारों से अपने पास एक 100 फीट का रस्सा रखने के लिए कहा है। जिससे कि बारिश में बाढ़ समस्या से राहत बचाव कार्य मे सुविधा होगी।

### पीडब्ल्यूडी ब्रिज व पीएमजीएसवाई को समय रहते सड़को व पुलों का जायजा लेना है अनिवार्य

कलेक्टर श्री मीना ने वर्षा से पूर्व छोटे छोटे पहलुओं पर अमल करते हुए पीडब्ल्यूडी ब्रिज व पीएमजीएसवाई को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सड़कों व पुलों की स्थितियों का जायजा अभी से कर लेना बेहतर है। जर्जर पुल पुलिया की बारिश में बह जाने की समस्या निर्मित न हो इसके लिए अभी से सतर्कता बरतना जरूरी है। वहीं सड़को में जल भराव से बाधित आवागमन के लिए डायवर्सन रुट का भी अवलोकन कर अभी से कार्य संपादित करना होगा।

### कंजई में 2 नाले और बैहर में बंजर नदी से जल समस्या का रहता है खतरा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने लालबर्रा एवं बैहर क्षेत्र में जल भराव व बाढ़ की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे ने बताया कि लालबर्रा से सिवनी रोड पर 2 नाले में अक्सर जल भराव से आवागमन की स्थिति बाधित होती है। वहीं एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता ने बताया कि बंजर नदी की वजह से बाढ़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री मीना ने दोंनो ही एसडीएम को निर्देश दिए है कि समय रहते स्थितियों का जायजा लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर ले। चूँकि अभी समय है, हर एक छोटे छोटे पहलू का अवलोकन किया जा सकता है। शहर में जल भराव व बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटा के लिए सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए है कि पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई से सड़कों व पुलों का अवलोकन निर्धारित करना बेहतर होगा।

# ऐरडेले तेली समाज संगठन की कार्यकारिणी का गठन आज

## जिले भर के सामाजिक बन्दुओ की उपस्थिति होगा गठन

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। जिला ऐरडेले तेली समाज संगठन के कार्यकारिणी का कार्यकाल पिछले दिनों 22 मई को समाप्त हो चुका है।जिनकी नई कार्यकारिणी का गठन आज 25 मई रविवार को किया जाना है। इस संबंध में प्रेस से चर्चा के दौरान जिला ऐरडेले तेली समाज संगठन के सचिव रुमन लाल देवारें ने बताया कि वर्तमान में जो कार्यकारिणी ने 3 सालों तक अपना कार्य किया है।उनका कार्यकाल 22 मई को समाप्त हो चुका है। इसके लिए अब जिला संगठन द्वारा 25 मई को एक आमसभा बालाघाट नगर के बस स्टैंड में स्थित धर्मशाला में 11बजे से बुलाई गई है। जिसमें बालाघाट जिले में रहने वाले समस्त स्वजाती बंधुओं, महिला, वरिष्ठ सामाजिक, ग्राम समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समस्त कार्यकारिणी, महिला समिति के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष समस्त महिला समिति की कार्यकारिणी को सूचित किया गया है।इस आम सभा में बड़ी संख्या में जिले भर से सामाजिक बंधु उपस्थित रहेंगे।इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के आराध्या संत जगनाडे महाराज एवं माता कर्मा की पूजा अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात सचिव द्वारा 3 सालों में कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख एवं 3 साल के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया जाएगा। इसके बाद सभी सामाजिक बंधुओ से उनकी राय ली जाएगी और सर्व सम्मति से समाज के अध्यक्ष को मनोनीत किया जाएगा। इस आम सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील जिला ऐरडेले तेली समाज संगठन के सचिव सहित सदस्यों ने की है।


**In The Court Of Additional Judge To District Judge, District Court, Balaghat**

**Presiding Officer:**- कविता इवनाती

(आदेश 5 नियम 20 प्रक्रिया संहिता 1000 के अन्तर्गत)
(MJC GW/0000003/2025)

सेजल नारनौरे वली मॉ कल्पना नारलौरे....................वादी
Vs
आम जनता..............................................प्रतिवादी

Process:-11/2025
पेशी दिनांक-24/07/2025

**प्रेषिती-**
आम जनता पता- आम जनता

यह कि प्रार्थी **सेजल नारनौरे वली मॉ कल्पना नारनौरे** ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 08 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 17May2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दे:-**
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायधीश**
**तह.वारासिवनी जिला बालाघाट( म.प्र. )**


# नौतपा का पहला दिन आज

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। जिला मुख्यालय सहित तहसीलो व अन्य ग्रामीण अंचलों में जारी मौसम के उतार चढ़ाव के बीच आज 25 मई से नौतपा की भी शुरुवात हो रही है।लेकिन अक्सर नौतपा में पड़ने व हलाकान कर देने वाली गर्मी पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष नही दिख रही है।जहा नौतपा के पूर्व जिले का तापमान एक दम से धराशाही हो चुका है तो वही एक बार फिर मौसम में बदलाव के साथ तापमान में गिरावट के देखी जा रही है।जिसके चलते 24 मई शनिवार को सुबहा से ही आसमान में दिन भर बादल छाए रहे, तो वही हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया।जो दिन भर शुष्क बना रहा। इसी बीच 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है।जो 2 जून तक रहेगा।हालांकि मौसम विभाग द्वारा इस नौतपा पर बारिश होने के संकेत दिए गए हैं। तो वहीं इस नौतपा में तापमान नरम गर्म रहने की संभावना व्यक्ति की गई है।जिसको देखते हुए मौसम विज्ञान ने 28 मई तक मौसम का अलर्ट जारी किया है। जिसमे इन दिनों में नौतपा का असर नही पड़ने, और मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने के संकेत दिए हैं।

### क्या है नौतपा

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सूर्य घूमते हुए मध्य भारत के ऊपर आ जाता है।जब सूर्य कर्क रेखा के पास पहुंच जाता है तब वह 90 डिग्री की पोजीशन में होता है।सूर्य और पृथ्वी की दूरी कम होने की वजह से सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ती हैं. इसी कारण तापमान बढ़ जाता है।जिससे मई माह में दिन बड़े होते हैं और रेडिएशन भी ज्यादा हो जाता है। यही वजह है कि पृथ्वी इन दिनों



भट्टी की तरह तपती है.पृथ्वी के तपने के कारण ही नौतपा में लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होता है।लेकिन पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले भर में मौसम परिवर्तन के चलते नौतपा का असर देखने को नही मिल रहा है। वही गर्मी के तेवर भी ढीले नजर आ रहे है।

### 2 मई तक रहेगा नौतपा

रविवार 25 मई से ही नौतपे की शुरुवात होगी।लेकिन जिले भर में इसका असर नरम रहने की बात कही जा रही है।क्यो की जिले में मई माह में मौसम का उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।कभी मौसम गर्म हो रहा है तो कभी बारिश जैसा, मौसम बन रहा है। मई माह में मौसम परिवर्तन का असर, आम दिनचर्या के साथ ही मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।विगत दिनों से जहां धूप और गर्मी ने लोगो को परेशान कर रखा था, वहीं शनिवार को सुबह से ही बादल,आसमान में छाए है और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो रही है। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया है और पड़ रही गर्मी से हल्की राहत भी मिली है। आपको बताए की 25 मई से नौतपा 2 मई तक चलेगा। जहा 7 जून मिरग के बाद प्री- मानसून की शुरुवात होगी।

### 28 मई तक मौसम रहेगा शुष्क

उधर भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से जारी 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान को लेकर मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र अगासे बताते है कि बालाघाट जिले में 24 मई से 28 मई तक की अवधी में आंधी तूफान, बिजली और तेज सतही हवाओं की स्थिति रहेगी। साथ ही हल्की वर्षा के साथ मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान 39 से 39.5 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूयनतम तापमान 25.2 से 26.4 डिग्री सेलिसियस तक रहेगा। सुबह हवा में 52 से 58 प्रतिशत तथा दोपहर में 29 से 32 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 3 से 8 किलो मीटर प्रति घंटे दक्षिण पश्चिम दिशा में चलेगी।

### चिकित्सकों ने जारी की एडवाइजरी

इस पूरे मामले को लेकर दुरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉक्टर निलय जैन ने बताया कि हर किसी को धूप से बचने का प्रयास करना चाहिए ,जितना अधिक हो सके पानी का सेवन करें ,धूप में कम निकले अति आवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर जाएं लेकिन गमछा या रुमाल से अपने सर को ढक कर रखें। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे मौसम के दिनों में अक्सर मरीजों की संख्या अधिक बढ़ जाती है। गर्मी में अपचन की समस्या अधिक बढ़ जाती है इसीलिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करे, शरीर में पानी की कमी नहीं होने दे, वही धूप से अपने आप को बचाने का प्रयास करे। स्वास्थ सम्बधित समस्या होने और जल्द चिकिसको दिखाए।जितना हो सके धूप से बचकर रहे।

# संघर्ष से आत्म निर्भरता की ओर = सीमा बनी सशक्तिकरण की मिसाल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। सीमित संसाधनों में पली-बढ़ी सीमा



(परिवर्तित नाम) ने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और आज वह कई महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। माता पिता द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी करके सीमा को बीए की शिक्षा दिलाई, सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार उसका विवाह संदीप (परिवर्तित नाम) से हुआ। परंतु यह संबंध शीघ्र ही मानसिक और शारीरिक हिंसा में तब्दील हो गया सीमा को गाली गलोज देकर मारपीट करना उसके रंग रूप को ले के भद्दी टिप्पणी कर गर्भावस्था के दौरान ही उसे घर से निकाल दिया गया।

बेबस और असहाय स्थिति में सीमा ने अपने माता-पिता की सहायता सेवन स्टॉप सेंटर, बालाघाट की शरण ली। जहाँ वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा उसे निःशुल्क परामर्श, मार्च 2023, पुलिस साहयता जुलाई 2023, कानूनी सहायता तथा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत घरेलु हिंसा रिपोर्ट माननीय न्यायालय में अगस्त 2023 दर्ज कराया गया । इसी दौरान सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया।

दस्तावेज़ों की अनुपलब्धता के कारण नवजात को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, किंतु वारासिवनी परियोजना अधिकारी श्री पियूष बोपचे के प्रयासों से 'एकल माता' के रूप में प्रकरण तैयार कर योजना का लाभ सुनिश्चित किया गया।

वन स्टॉप सेंटर बालाघाट से सीमा को-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण वर्ष 2024 से प्रदान किया गया तथा चार-पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 1.67 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिससे उसे 15 मई को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया। अब सीमा स्वावलंबन की राह पर अग्रसर है और अपने जीवन में नए अध्याय की शुरुआत कर चुकी है।

आज सीमा सिर्फ एक पीड़िता नहीं, बल्कि साहस, आत्मबल और पुनर्निर्माण की प्रतीक बन चुकी है। उसकी कहानी इस संदेश के साथ गूंजती है कि अगर हौसला हो, तो हर अंधेरा उजाले में बदला जा सकता है।


**विक्रय/किराये से देना है**
श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड ग्राउंड फ्लोर एवं उसके उपर के दो फ्लोर (फ्लोर हाइट 15 फीट) पर स्थित कुल एरिया 3000 वर्गफीट का हाल/ दुकान/, बेचना/ किराये से देना है
-संपर्क-
8817024586, 9201340520

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है, 25 वर्ष से कम उम्र के बालाघाट एवं आसपास के रहने वाले ही संपर्क करें। वेतन-12000+ मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520/7999613237


# धुवारे परिवार का एक बेटा बना डॉक्टर तो दूसरे ने 10वीं में किया 90 प्रतिशत अंक हासिल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। ग्राम कोकना निवासी वेदिस धुवारे के परिवार में इन दिनों खुशियों का माहौल है। उनके बड़े बेटे आकाश धुवारे ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा किया, जो उनके दादा का भी सपना था। तो वहीं छोटे बेटे लक्ष्य धुवारे ने



10वीं कक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल पेश की। आकाश धुवारे की यह सफलता परिवार के लिए गर्व का विषय है। वर्षों की मेहनत, लगन और दादा की प्रेरणा से उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में कदम रखा है। उन्होंने अपने परिवार और गांव सहित बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है। वहीं दूसरी ओर लक्ष्य धुवारे ने भी अपने पहले बड़े शैक्षणिक पड़ाव पर शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। लक्ष्य की इस उपलब्धि से परिवार को उम्मीद है कि वह भी आगे चलकर बड़े मुकाम हासिल करेगा। माता-पिता अपने दोनों बेटों की इस दोहरी सफलता से अत्यंत गौरवान्वित हैं। परिवार ने इस खुशी के मौके पर अपने शुभचिंतकों और गांववासियों का आभार व्यक्त किया है।गांव में भी धुवारे परिवार की इस उपलब्धि को लेकर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। लोग आकाश और लक्ष्य को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# प्रशांत जैन को मिला सांसद प्रतिनिधि का दायित्व

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। मलाजखंड नगरपालिका शहरी क्षेत्र के प्रगतिशील समाजसेवी प्रशांत जैन को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें बालाघाट संसदीय क्षेत्र की सांसद भारती पारधी द्वारा सौंपा गया है। इस जिम्मेदारी के माध्यम से प्रशांत जैन क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों की निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।अपनी नियुक्ति के पश्चात प्रशांत जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं



सांसद भारती पारधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका पालन मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करूंगा। गौरतलब हो कि श्री जैन की स्थानीय जनता के बीच गहरी पकड़ है और उनकी निष्ठा, पार्टी के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनकी यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

# राष्ट्रीय किसान प्रभारी बनाये गए बालाघाट के एम.एम.श्रीवास्तव

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। किसानो के हित में कार्य करने वाले अन्नदाता किसान संगठन के जनक और महाकव्य चित्रगुप्त सागर,किसान की आत्महत्या के रचियता लेखक बालाघाट के उपनागरीय क्षेत्र भटेरा चौकी वार्ड न 11 निवासी डॉ मुरली मनोहर श्रीवास्तव को विगत 15 मई को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन की 25 सदस्य वाली राष्ट्रीय कोर कमेटी का गठन नई दिल्ली में किया गया।जिसमे सामजिक,राजनितिक और राष्ट्रवादी के चिंतक एन गोविंदाचार्य की प्रमुख उपस्थिति में कोर कमेटी में देश के अलग अलग राज्यों के सामाजिक कार्यकर्ताओ को अलग अलग क्षेत्र में कार्य करने की पदों से अलंकरत कर जिम्मेदारी दी गई जिसमे मध्यप्रदेश से बालाघाट भटेरा चौकी निवासी डॉ मुरली मनोहर श्रीवास्तव को राष्ट्रीय किसान प्रभारी बनाया गया है।जो राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होकर किसानो और कृषि के क्षेत्र में अपनी कार्यप्रणाली को देश भर में चलाते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे, बता दें की डॉ एम. एम.श्रीवास्तव कृषि में सुधार और किसानो के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के साथ साथ,चित्रगुप्त सागर महाकाव्य की दो संस्करण की किताब लिख चुके हैँ इसके आलावा किसान की आत्महत्या नामक किताब के भी लेखक रहे है। ऐसे सामाजिक और अन्य गतिविधियों में भी समय समय पर योगदान दें रहे है।लगभग 70 वर्ष की उम्र में डॉ एम.एम.श्रीवास्तव के ऐसे कार्य करने और योगदान देने के चलते,राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय कोर कमेटी में उन्हें राष्ट्रीय किसान प्रभारी बनाया गया है।डॉ एम.एम.श्रीवास्तव ने उन्हें मिली अपनी नई जिम्मेदारी पर कहा की वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन की रीती नीति पर चलते हुए संगठन को और भी मजबूत करने राष्ट्रीय किसान की शाखा में अन्य पदाधिकारियों और सदस्यो का गठन करेंगे। साथ ही देश में अलग अलग कृषि कार्यप्रणालियो को समझते हुए किसानो के हितो को ध्यान में रखकर किसानो की स्थिति और भी बेहतर करने की दिशा में कार्य करेंगे।


**आवश्यकता है**
• वार्ड ब्वॉय - 01 पद
• नर्स - 01 पद
वेतन-योग्यतानुसार
सेठिया ऑई केयर एंड पैथोलॉजी
हनुमान चौक, बालाघाट

**जमीन चाहिए**
ठेका पर कृषि भूमि कि आवश्यकता है, पानी, बिजली सर्वोयुक्त कृषि योग्य
केवल बालाघाट/ वारासिवनी क्षेत्र के किसान संपर्क करें
संपर्क करें
8959050199

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने पुलिस कर्मचारियों से झूमाझपटी कर की अभद्रता, शासकीय कार्य में पहुंचाई बाधा

## बैहर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान हुई घटना, रॉयल एनफील्ड का चालक सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। बैहर ग्राम थाना अंतर्गत ग्राम जता से मलाजखंड रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल के चालक ने जहां पुलिस कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए उनके शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई तो वहीं पर यह मोटरसाइकिल चालक इन पुलिस कर्मचारियों को डराने धमकाने के साथ ही इन पुलिस कर्मचारियों से झूमाझपटी कर बैठा और वाहन चेकिंग के लिए रोके गए वाहन चालकों को भी भगा दिया। जिससे वाहन चेकिंग कार्रवाई नहीं की जा सकती। यह घटना 22 मई की शाम 5:30 बजे करीब हुई। उप निरीक्षक दीपिका सिंगोर द्वारा की गई शिकायत पर बैहर पुलिस थाने में रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनडी 72 71 के चालक जयप्रकाश पिता सुरेंद्र सिंह तेकाम 33 वर्ष ग्राम नेवरगांव जता हाल जबलपुर सिद्धिविनायक कॉलोनी मंडई रांझी जबलपुर निवासी और अनिल पिता डीलन तेकाम 48 वर्ष ग्राम जता थाना बैहर निवासी के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने, शासकीय कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करने और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। दोनों को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 मई को उप निरीक्षक दीपिका सिंगोर प्रधान आरक्षक ज्ञानचंद परते,आरक्षक हेमंत राठौर आरक्षक प्रमोद सेवतिया के साथ सांसद भारती पारधी के फॉलो ड्यूटी में रवाना हुई थी। फॉलो ड्यूटी करते हुए थाना बैहर की सीमा जता से मलाजखंड रोड तक फॉलो कर मलाजखंड थाने से फॉलो आने पर जता मलाजखंड रोड परिवहन चेकिंग कर रहे थे। शाम 5–30 बजे करीब रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनडी 7271 का चालक बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाते हुए मोहगांव तरफ से आ रहा था। जिसे वाहन चेकिंग में लगे पुलिस कर्मचारियों द्वारा रोका गया। इस मोटरसाइकिल में दो लोग थे नाम पूछने पर इन लोगों ने नाम नहीं बताएं। दस्तावेज चेक करने से इनकार करते हुए वाद विवाद झगड़ा करने लगे ।जिन्हें समझाईस दी गई। मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर पीओएस मशीन से चेक करने पर इस मोटरसाइकिल का बीमा अवधि भी समाप्त हो चुकी थी। इस मोटरसाइकिल चालक को पुलिस कर्मचारियों ने बिना हेलमेट एवं मोटरसाइकिल का बीमा ना होने पर चालान कटवाने के लिए बोला गया तो मोटरसाइकिल चालक जयप्रकाश चालान कटवाने से मना करते हुए कहने लगा कि तुम मेरी गाड़ी का चालान करने वाले कौन होते हुए और वह शासकीय कार्य बाधा पहुंचाते हुए आरक्षक हेमंत राठौर से झगड़ा करते हुए और धक्का देते हुए झूमाझपटी करने लगा और बोलने लगा कि तुम लोगों को चालान करने का कोई अधिकार नहीं है ।चालान केवल यातायात पुलिस ही कर सकती है। तब उन्हें समझाइए दी गई किंतु जयप्रकाश और उसका साथी इन पुलिस कर्मचारियों को झूठी शिकायत करूंगा कहकर डराने धमकाने लगा इन पुलिस कर्मचारियों के साथ बदतमीजी कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के साथ ही उसने चलान नहीं कटवाए और अन्य वाहन चालक को जिन्हें चेक करने के लिए रोका गया था उन्हें भी भगा दिया। जिसके कारण वाहन चेकिंग की कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस कर्मचारियों ने दोनों व्यक्ति को मोटरसाइकिल के साथ थाना लाया गया। जिनसे दस्तावेज मांगने पर उन्होंने अपने अपने आधार कार्ड दिखाएं। जिसमें मोटरसाइकिल का चालक जयप्रकाश पिता सुरेंद्र सिंह टेकाम जबलपुर और पीछे बैठे व्यक्ति का नाम अनिल पिता डिलन सिह टेकाम निवासी निवासी था। उप निरीक्षक दीपिका सिंगोर द्वारा की गई रिपोर्ट पर दोनों युवक के विरुद्ध धारा 132 121(1) 221 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं धारा 129 130 177 137 146 196 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया और इस अपराध में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 20 दिनों में 22नाबालिग बालिकाओं को किया गया दस्तयाब

## केरल आंधप्रदेश तेलंगाना महाराष्ट्र से दस्तयाब की गई नाबालिग बालिकाये




बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । पुलिस ने नाबालिग बालिकाओं के अपहरण जैसे संवेदनशील प्रकरणों में सराहनीय सफलता हासिल की है। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना स्तर पर गठित विशेष पुलिस टीमों ने विभिन्न राज्यों में जाकर 20 दिनों में 22 अपहृत नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिवारजनों के सुपुर्द कर दिये।

पुलिस अधीक्षक नागेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत भरवेली थाने की पुलिस टीम ने बालाघाट से करीब 1750 किलोमीटर दूर इदुक्की केरल से 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है । इसी प्रकार विगत 7 दिनों में लालबर्रा थाने की पुलिस टीम ने हैदराबाद आंध्रप्रदेश से 2 नाबालिग बालिका, किरनापुर थाने की पुलिस टीम ने इंदौर , चांगोटोला थाने कीपुलिस टीम ने नागपुर ( महाराष्ट्र), कोतवाली बालाघाट की पुलिस टीम ने विदिशा से नाबालिक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किये है । अभियान के तहत पिछले 20 दिनों में 22 नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है । बालिकाओं के मिलने से उनके परिजनों में मुस्कान देखी गई।

# आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. बी.एम. शरणागत

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। डॉ. बी.एम. शरणागत को आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया है, प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद डॉक्टर श्री शरणागत का शहर के चिकित्सकों ने स्वागत किया। जहां डॉक्टर श्री शरणागत ने बताया कि वह कई वर्षों से संगठन से जुड़े हुए थे और बीते कुछ महीने पहले होने वाले आईएमए के निर्वाचन में वह लगे हुए थे । जिसमें सभी की सर्वसम्मति से उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया है और सभी को मानवता के लिए काम करना चाहियें । आपको बता दे कि आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष पद पर जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एम. शरणागत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। आईएमए ने बिना किसी चुनाव के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एम. शरणागत को, निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए जाने से जिले के चिकित्सा जगत में हर्ष का माहौल है। इसी के चलते शनिवार को शहर के एक निजी हॉटल में चिकित्सकों ने उनका अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप, डॉ. सी.के. पारधी, डॉ. प्रवीण ज्योतिषी, डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए आईएमए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी.एम. शरणागत ने बताया कि आईएमए, चिकित्सकों का एक बड़ा संगठन है, जो मानव और समाजसेवा में अपनी अहम भूमिका निभाता है। मुझे खुशी है कि इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, उज्जैन, रीवा और जबलपुर जोन के चिकित्सकों ने, मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का फर्ज मानवता के साथ स्वास्थ्य सेवा देना है और यही आईएमए का उद्देश्य है। चिकित्सीय प्रोफेशन, एक संवेदनशील प्रोफेशन है। चिकित्सक प्रोफेशन की गरिमा को बनाए रखते हुए अपने कार्यो को करें। ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने बताया कि बालाघाट में 1988 में डॉ. ए.के. महाजन को आईएमए संगठन को खड़ा करने का श्रेय जाता है, उस वक्त केवल 11 सदस्य थे लेकिन आज आईएमए एक वटवृक्ष के रूप में 160 सदस्यों के साथ खड़ा है, जो अपने चिकित्सकों को संरक्षण प्रदान कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शरणागत ने बताया कि आईएमए के माध्यम से चिकित्सकों को एकजुट करना और बालाघाट में आईएमए के लिए भवन बनाना, उनकी प्राथमिकता है। आपको बताते चले कि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एम. शरणागत 2001 से 2003 तक आईएमए के जिलाध्यक्ष रहने के साथ ही 2005 में जबलपुर जोन से जनरल सेक्रेटरी, 2013 से 2014 तक प्रदेश उपाध्यक्ष, 2018 से 2020 तक नेशनल कमेटी सदस्य रह चुके है। इसके अलावा चिकित्सीय क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. आर.ए. भागवत पुरस्कार के साथ अन्य कई पुरस्कारों से उन्हें नवाजा जा चुका है।



# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे वार्ड क्रमांक 13 के वार्डवासी

## नालियों में भरा गंदा पानी ,बीमारियों को दे रहा निमंत्रण, वार्डवासियों ने नपा. पर जताई नाराजगी

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । उपनगरीय क्षेत्र बूढी के वार्डवासी इन दिनों वार्ड में साफ सफाई सहित मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने के कारण बहुत अधिक परेशान है। वार्ड वासियों का कहना है कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी है । नगर पालिका द्वारा वार्ड में आकर साफ सफाई नहीं की जाती है । वार्ड में खुदी नालियों में महिनों से गंदा पानी भरा रहता है। जिससे बीमारियां पनप रही है और वार्ड में इसकी दुर्गंध से वार्ड वासी बहुत अधिक परेशान है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में इसकी कई बार शिकायत वार्ड वासियों द्वारा मौखिक के साथ-साथ लिखित में भी दी गई है , लेकिन नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं । जबकि कुछ वार्ड वासियों द्वारा तो सीएम हेल्पलाइन में भी इसकी शिकायत नंबर 181 पर की गई है।



आपको बता दे की इन दिनों शहर के बहुत से वार्डों में साफ सफाई को लेकर वार्ड वासी बहुत अधिक परेशान है। कुछ वार्ड वासियों ने तो अधिकतर वार्ड में मूलभूत सुविधा सहित साफ सफाई नहीं होने के कारण सीएम हेल्पलाइन के नंबर 181 पर भी शिकायत कर रखी है । कुछ लोग नगर पालिका सहित जनसुनवाई में साफ सफाई किए जाने को लेकर शिकायत करते हैं , किंतु नगर पालिका द्वारा साफ सफाई सहित मूलभूत सुविधा वार्ड वासियों को दिए जाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । ऐसा ही ताजा मामला शहर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित सौगोन वन का है जहां पर कई दिनों से नगर पालिका द्वारा साफ सफाई नहीं की गई है और आज भी इस क्षेत्र में नगर पालिका की मूलभूत सुविधाएं वार्ड वासियों को नहीं मिल रही है। वार्ड वासियों को यहां दो वक्त पानी नहीं मिलता ,तो वहीं वार्ड की नालियों में गंदा पानी की निकासी नहीं होने के कारण,पानी भरा रहता है और आज वार्ड में पानी भरे रहने से दुर्गंध फैल रही है। जिसको लेकर कई वार्ड वासियों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है तो कुछ वार्ड वासियों ने इसकी लिखित शिकायत नगर पालिका को भी की है लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार इस शिकायत पर उतना ध्यान नहीं दे रहे हैं और वार्डवासी बहुत अधिक परेशान हो गए हैं उनका मानना है कि नगर पालिका द्वारा वार्ड में मूलभूत सुविधाएं दी जाए और साथ ही जो वार्ड में नालियों में गंदा पानी से दुर्गंध आ रही है उसे अब बीमारी फैलने का भी खतरा वार्ड वासियों पर बना हुआ है, छोटे बच्चे को इन दिनों फ्लू जैसी बीमारी भी हो रही है।

### मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जा रही है - मीना बर्वे



वार्ड की एक महिला मीना बर्वे ने बताया कि नगर पालिका द्वारा मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जा रही है और यहां पर उनको नगर पालिका की पाइपलाइन से दो वक्त भरपूर पानी नहीं मिल रहा है , उन्हें दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है और कई दिनों तक तो नगर पालिका द्वारा जलप्रदाय भी नहीं किया जाता तो उन्हें पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है, उन्होंने यह भी बताया कि इसको लेकर उन्होंने नगर पालिका में जाकर शिकायत भी की है , लेकिन कोई भी उनकी शिकायत को देखने वार्ड में नहीं आया और आज वार्ड में पानी की निकासी नहीं होने के कारण कई महीनो से नाली में पानी भरा हुआ है जिसके कारण आज दुर्गंध वार्ड में फैल रही है और आज उनके वार्ड में रहना दूभर हो गया है।

### नालियों में भरा गंदा पानी दुर्गंध दे रहा है - नरेश



वार्ड वासी नरेश बताते हैं कि उनके वार्ड में पूरी तरह से पक्की नाली नहीं बनाई गई है । कुछ स्थानों पर जो नाली बनाई गई है उसे पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होती है और नालियों में भरा गंदा पानी दुर्गंध दे रहा है । जिस कारण से वार्डवासी बहुत अधिक परेशान है, अनेको बार शिकायत करने के बाद भी नगर पालिका से कोई वार्ड में देखने नहीं आता है। कुछ लोगों ने तो सीएम हेल्पलाइन भी समस्याओं को लेकर लगाया है वह यही मांग करते हैं कि वार्ड में नगर पालिका द्वारा मूलभूत सुविधाएं दी जाए ।

# अंतिम दिन तक चला दास्तावेज सत्यापन का कार्य

बालाघाट( पदमेश न्यूज )। पिछले दिनों लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन के आदेश जारी किए गए थे। जहां इस कार्य के लिए बालाघाट जिले के सभी संकुलों में अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था बनाई गई थी ।जहां 06 से 17 मई तक अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन होना था लेकिन शुरू की गई इस प्रक्रिया में 17 मई तक सभी अतिथियों के दस्तावेजों का सत्यापन नही हो सका था ।जिसके चलते शासन द्वारा सत्यापन की अंतिम तारिख 17 मई को बढ़ाकर 24 मई किया गया था ।जिसके उपरांत सर्वर व स्टाफ सहित अन्य व्यवस्था बनाकर अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा था ।यह कार्य अंतिम दिन तक जारी रहा और बालाघाट ब्लाक में बनाए गए उत्कृष्ट विघायल संकुल में करीब 550 से अधिक अतिथी शिक्षको के दस्तावेजो का सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया है ।जहा अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य पूर्ण होने पर अतिथि शिक्षकों के साथ साथ स्कूल प्रबंधन ने भी राहत की सांस ली है।



तो कई अतिथि शिक्षक सरकारी स्कूल में पढ़ाने से हो जाते वंचित

आपको बताए कि पूर्व में सर्वर समस्या, स्टाफ व कम्प्यूटर आपरेटर की कमी के चलते भारी संख्या में अतिथि शिक्षक दस्तावेज सत्यापन की राह तक रहे थे। ऐसे में उत्कृष्ट विघालय संकुल में भारी संख्या में अतिथि शिक्षक दस्तावेज सत्यापन के लिए पहुंच रहे थे। लेकिन आए दिन किसी न किसी कारणों के चलते उनके दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो रहा था। वही अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन के लिए जिले भर के सभी स्कूलों में दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था बनाई गई थी ।लेकिन जिले के ज्यादातर संकुलों में अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं किया जा रहा था ।वही चुनिंदा संकुलों में ही सत्यापन का कार्य हो रहा था। जिसके चलते उत्कृष्ट विद्यालय सहित नगर के अन्य केंद्रों में अतिथि शिक्षकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही थी।

### सत्यापनकर्ताओ की कमी से झूझ रहे थे केंद्र

बात अगर नगर से उत्कृष्ट विद्यालय केंद्र की करें तो यहां दस्तावेज सत्यापन के लिए पहुंचने वाले अतिथि शिक्षक काफी ज्यादा परेशान हो रहे थे। जिसकी प्रमुख वजह सत्यापन करने वाले शिक्षको का अभाव बताया जा रहा था। जानकारी के अनुसार वर्तमान में शासकीय आदेशों के तहत स्कूलों की छुट्टियां चल रही है। जिसके चलते ज्यादातर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। तो कई शिक्षक छुट्टी मनाने व शादी ब्याह के चलते शहर में नहीं है। यही वजह है कि केंद्र में शिक्षक नहीं पहुंच रहे थे। जहां सभी शिक्षक उपस्थित न होने के चलते अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों के सत्यापन में दिक्कतें आ रही थी। लेकिन संकुल प्रबंधन द्वारा 4 से 5 अतिरिक्त शिक्षको, व 2 कम्प्यूटर आपरेटरो की व्यवस्था बनाकर इस कार्य को पूर्ण किया गया है।

### सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है- ज्योतिषी

दस्तावेज सत्यापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य शरद ज्योतिषी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन की आज अंतिम तिथि थी। हमारे संकुल में रोजाना 50 से 70 अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा था ।आज अंतिम तारीख तक आने वाले सभी अतिथि शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है।

# मरार समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

बालाघाट( पदमेश न्यूज )। जिला मरारमाली समाज बालाघाट के तत्वावधान में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 25 मई रविवार को किया जा रहा है। प्रात:11 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिले के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। जिन्होने कक्षा दसवी व 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर समाज को गौरान्वित किया है ।कार्यक्रम का आयोजन माता सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास बूढी में किया गया है। समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आज 24 मई को सुबह से ही कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है उन्होने अपने-अपने कार्यो का संपादन किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुये जिला मरारमाली समाज के जिलाअध्यक्ष रमेश पंचे ने बताया कि मरार समाज के सैकडो प्रतिभावान विद्यार्थियो ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करके समाज को गौरान्वित किया है। यही नही बल्कि समाज के कई बच्चो का नवोदय विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश भी हुआ है। हमारा समाज ऐसे बच्चों को 25 मई को सम्मानित करने जा रहा है। उन्होने बताया कि प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मरठे प्राचार्य शास. महाविद्यालय खमरिया ( जबलपुर),प्रमुख अतिथि पारस ठाकरे सहायक प्राध्यापक पी.जी. कॉलेज बालाघाट होगें। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश पंचे जिला अध्यक्ष मरारमाली समाज बालाघाट करेगें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बालाघाट ब्लाक से धनेन्द्र पांचे उ.मा. शिक्षक, प्रज्ञा मानेश्वर शा. प्रबंधंक ग्रामीण बैंक, रविकांत पांचे उच्च. माध्यमिक शिक्षक, मनीषा कावरे स्वास्थ्य विभाग होगें। इसी तरह वारासिवनी ब्लाक से नंदलाल तामेश्वर शिक्षक, सुलोचना भंवरे प्राथमिक शिक्षक, लालबर्रा से चिरंजय मानेश्वर सहा सांख्यिकी अधिकारी, सरोज देशमुख प्राथमिक शिक्षक होगें ।इसी तरह कटंगी से आर.पी. मरठे शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक, भारती नागेश्वर प्राथमिक शिक्षक , खैरलांजी से दुलीराम भंवरे प्राथमिक शिक्षक, किरनापुर से गणेश मानेश्वर उ.मा.शिक्षक, गणेश देशमुख उ.मा.शिक्षक, पुष्पा खैरवार उच्च.मा. शिक्षक, हस्तकला बाहेश्वर मा. शिक्षक, लांजी से उत्तम देवाहे, गौरी इंगले अतिथि शिक्षक, कलावंती बड़मे आ. कार्यकर्ता, बिरसा परसवाड़ा से सुकरूलाल गाडेश्वर कोल माइंस, धन्नालाल पंचेश्वर माध्यमिक शिक्षक, संजय पंचेश्वर आ.सिविल इंजिनियर, मोहिनी मरठे स्वास्थ्य विभाग, शिवकुमार मानेश्वर प्राचार्य शा.उ.मा. विद्यालय परसवाड़ा, शशांक राणा उ.नि. थाना चांगोटोला होगें। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालक विजय पांचे मा.शिक्षक एवं श्रीमती विंदेश्वरी पंचे मध्यमिक उच्च. शिक्षक द्वारा किया जायेगा। इसी तरह कार्यक्रम की प्रस्तावना भाऊराव महंत उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रेरक, कार्यक्रम के उदबोधक डॉ. नरेन्द्र जामरे अतिथि विद्वान शा. महा. बैहर, हेमलता देवेन्द्र चौधरी लिपिक होगें। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजक दीपक मातरे जिला प्रभारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला मरार माली समाज बालाघाट, संयोजक जी.एल. सिंगनघूपे जिला प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ जिला मरार माली समाज बालाघाट सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिले के समस्त सामाजिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं,समस्त अधिकारी कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी 13 वर्षीय बालक सहित आधा दर्जन से अधिक घायल, एक की मौत

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । जिले की गढ़ी थाना अंतर्गत बैहर रोड पर स्थित ग्राम खुर्शीपार के पास बारातियों से भरी पिकअप पलटने से एक बाराती की मौत हो गई वहीं एक 13 वर्षीय बालक सहित आधा दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए यह सड़क दुर्घटना गुरुवार के शाम करीब 3 बजे हुई। मृतक राफेल पिता फ्रांसिस तिग्गा 42 वर्ष ग्राम देवगांव थाना बिरसा निवासी है। इस दुर्घटना में गम्भीररूप से घायल बालक आयुष लकड़ा 13 वर्ष को मेडिकल कॉलेज नागपुर और बेलोरीयूस टोप्पो 45 वर्ष को गोंदिया के अस्पताल में भर्ती किया गया है अन्य घायल का इलाज बैहर के अस्पताल में किया गया। गढ़ी पुलिस ने दुर्घटना में मृतक व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दिया है। सभी लोग ग्राम देवगांव थाना बिरसा निवासी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार को ग्राम देवगांव बिरसा से पिकअप और बस में बारात ग्राम हटा पांडूतला ( थाना गढ़ी ) जाने निकली थी। पिकअप में करीब एक दर्जन लोग सवार थे और बस जागे निकल चुकी थी। 3:00 बजे करीब जब पिकअप बैहर से गढ़ी की ओर जा रही थी ।तेज रफ्तार पिकअप गढ़ी थाना क्षेत्र में आने वाले भेसान फॉरेस्ट नाका के आगे खुर्शीपार के पास अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में 13 वर्षीय बालक सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बताया गया की घटना के दौरान ग ?ी से बैहर जा रही 108 एंबुलेंस से से सभी घायलों को बाहर के अस्पताल में जाकर भर्ती किया गया ।जहां पर गंभीर रूप से घायल राफेल तिग्गा की मौत हो गई । इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक बालक सहित दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया था। बालक आयुष लकड़ा 13 वर्ष को उसके परिजनों ने नागपुर ले गए हैं जबकि एक अन्य घायल बैलेरियूस टोप्पो को गोंदिया के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस दुर्घटना में अन्य घायलों का इलाज बैहर के ही अस्पताल में किया गया ।23 मई को बैहर पुलिस ने मृतक राफेल तिग्गा का शो पंचनामा करवाई पश्चात पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिए। वही धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना गढ़ी थाना भिजवा दी है। सहायक उप निरीक्षक चंद्र कुमार अहिरवार ने मर्ग जांच दौरान पिकअप क्रमांक सीजी 04 एच जेड 1470 के चालक के विरुद्ध धारा 106 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# खुरपुडी मोक्षधाम घाट आमाझोला नाले में पुल निर्माण करवाने की उठी मांग

## पुल के अभाव में बारिश के दिनों में किसानों का कृषि कार्य होता है प्रभावित, ग्रामीण एवं किसानों ने नाले में जल्द पुल का निर्माण करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत खुरपुडी स्थित मोक्षधाम घाट के पास आमाझोला नाले में पुल नहीं होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने एवं किसी की मृत्यु हो जाने पर मोक्षधाम में अंतिम संस्कार करने के लिए जाने वाले ग्रामीणजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि नाले के दूसरी ओर खुरपुड़ी के किसानों की सौ एकड़ से अधिक कृषि भूमि भी स्थित है जहां पर किसान कृषि कार्य करते है। साथ ही गर्मी के दिनों में किसान आसानी से अपने खेतों की ओर नाला से आना-जाना कर सकते है। लेकिन बारिश के दिनों में किसानों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि पुल के अभाव में किसान नाले से बह रहे पानी के अंदर से मजबूरी में जान जोखिम में डालकर नाला पार कर अपने खेतों तक पहुंच पाते है। लेकिन नाले में अधिक एवं बाढ़ आने पर वे खेत नही पहुंच पाते है जिससे उनका कृषि कार्य भी प्रभावित होता है। जबकि लंबे समय से ग्रामीणजन एवं किसानों के द्वारा मोक्षधाम घाट आमाझोला नाले पर पुल निर्माण करवाने की मांग कर रहे है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसानों एवं ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

### बारिश के दिनों में होती है सबसे अधिक परेशानी, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत खुरपुड़ी के समीप से नाला गुजरा है और जिस स्थान पर मोक्षधाम घाट स्थित है उस स्थान को आमाझोला नाला नाम दिया गया है और इस नाले के दुसरे ओर 2 दर्जन से अधिक किसानों की एक सैकड़ा से अधिक खेती है और खेत व मोक्षधाम जाने का यह एक मात्र रास्ता है। लेकिन नाले के ऊपर से आने-जाने के लिए पुल नही होने के कारण सबसे अधिक परेशानी बरसात के दिनों में एवं नाले में पानी जब तक बहते रहता है उस समय तक सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में किसानों को घुमकर दुसरे किसानों के खेतों के अंदर से आना-जाना करना पड़ता है किन्तु किसानों के खेतों में फसल लगने के कारण वे लोग भी आने-जाने से मना करते है। ऐसी स्थिति में कई बार विवाद की भी स्थिति निर्मित होती है। साथ ही नाले में अत्यधिक पानी बहते रहने से किसान अपने खेतों तक समय पर नही पहुंच पाने से उनकी फसल प्रभावित हो जाती है। वहीं नाले के दुसरे साइड में मोक्षधाम बना हुआ है लेकिन नाले में पानी रहने के कारण रोड़ किनारे नाला के समीप ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ग्रामीणजन एवं किसानों के द्वारा लंबे समय से मोक्षधाम घाट आमाझोला नाले पर पुल का निर्माण करवाने की मांग कर रहे है लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजन एवं किसानों ने शासन-प्रशासन से खुरपुड़ी के मोक्षधाम घाट आमाझोला नाले के ऊपर पुल का निर्माण करवाने की मांग की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।





### आवागमन में होती है परेशानी - भरत

भरतलाल नगपुरे ने बताया कि खुरपुड़ी मोक्षधाम घाट के आमाझोला नाले के दुसरे साइड में दो दर्जन से अधिक किसानों की सैकड़ो एकड़ खेती है। लेकिन बरसात के दिनों में नाले में अत्यधिक पानी बहने के कारण खेतों तक जाने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही जब तक नाले में पानी बहता है सबसे अधिक परेशानी किसानों को होती है, ऐसी स्थिति में बरसात में धान का रोपाई कार्य करने में काफी परेशानी होती है और समय पर फसल की देख-रेख नही होने पर फसल भी प्रभावित होती है।



श्री नगपुरे ने बताया कि नाले में अधिक पानी रहने पर दुसरे के खेत से जाते है तो उनके द्वारा मना किया जाता है इसलिए प्रशासन से लंबे समय से नाले के ऊपर पुल का निर्माण करवाने की मांग कर रहे है लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणजन एवं किसानों में आक्रोश व्याप्त है, प्रशासन से मांग है कि मोक्षधाम घाट आमाझोला नाले के ऊपर पुल का जल्द निर्माण करवाये।

### शासन-प्रशासन को भेजा गया है मांग पत्र - धन्नालाल

खुरपुड़ी सरपंच धन्नालाल कावरे ने बताया कि ग्राम के समीप से नाला गुजरा है और ग्राम स्थित मोक्षधाम घाट आमाझोला नाला के दु सरे साईड में किसानों की खेती है एवं मोक्षधाम जाने का रास्ता भी बना हुआ है। इसी मार्ग से किसान एवं किसी की मृत्यु होने पर उसका अंतिम संस्कार इसी मार्ग व नाले के अंदर से जाना पड़ता है। लेकिन बारिश एवं नाले में पानी रहने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और सबसे अधिक परेशानी किसानों को होती है क्योंकि नाले में अधिक पानी रहने पर कृषि उपकरण सहित अन्य सामग्री ले जाने व आने-जाने में उन्हे काफी परेशानी होती है।



साथ ही कृषि कार्य करने में किसानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। श्री कावरे ने बताया कि जब किसान दुसरे के खेत से जाते है तो विवाद की स्थिति निर्मित होते रहती है इसलिए पंचायत के माध्यम से मोक्षधाम घाट आमाझोला नाला वाले स्थान पर पुल का निर्माण करवाने के लिए शासन-प्रशासन को मांग पत्र भेजे है, राशि स्वीकृत होने के बाद पुल का निर्माण करवाया जायेगा और पुल बन जाने से किसानों एवं ग्रामीणजनों को आने-जाने में सुविधा होगी।

# विद्यालय में अव्वल रहे समर्थ बिसेन, 96 प्रतिशत अंक लेकर किया परिवार और जिले का नाम रोशन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई निवासी राजेश बिसेन के सुपुत्र केन्द्रीय विद्यालय भरवेली बालाघाट के होनहार छात्र समर्थ बिसेन ने कक्षा 10 वीं के सीबीएसई परीक्षा परिणामों में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से न केवल विद्यालय का मान बढ़ा है, बल्कि पूरे जिले के लिए भी गर्व का क्षण बना है। समर्थ बिसेन के इस सफलता के पीछे उनके परिवार का अथक सहयोग और मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा है। उनके पिता राजेश बिसेन, माता श्रीमती प्रज्ञा (शीलू) बिसेन, दादा भागवत लाल बिसेन, दादी श्रीमती मांगन बिसेन, नाना यशवंत कुमार गौतम, नानी श्रीमती लक्ष्मी गौतम और मामा राहुल गौतम ने हमेशा उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है। समर्थ की सफलता पर पूरे परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है। वहीं समर्थ बिसेन के परिवारजनों का कहना है कि समर्थ बचपन से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी और अनुशासित रहा है। वह नियमित रूप से विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई करता था और कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देता था। समर्थ ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवारजनों को देते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उन्होंने बताया कि वह आगे भी अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहेंगे और भविष्य में आईआईटी में पढ़ने का सपना पूरा करना चाहते हैं। विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों ने समर्थ को इस असाधारण सफलता के लिए बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए भी समर्थ एक प्रेरणास्त्रोत बन गया है। बालाघाट जिले में समर्थ बिसेन की यह सफलता शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल है, जिसने यह साबित किया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



# पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने लालबर्रा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में थाना परिसर में 'सिंदूर' का पौधा लगाकर थाना परिसर को हरा भरा रखने की प्रेरणा दी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह शनिवार को थाना लालबर्रा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने थाना परिसर की साफ-सफाई, हवालात की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस आवासीय क्वार्टर की सुविधा तथा भविष्य में नये थाना भवन निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। साथ ही अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेख जैसे गंभीर अपराध रजिस्टर, एम.एल.सी. आगंतुक रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया और शस्त्रागार की स्थिति एवं उपलब्ध संसाधन भी बारीकी से जांच की। साथ ही इस निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में थाना परिसर में 'सिंदूर' का पौधा लगाकर थाना परिसर को हरा-भरा रखने की पुलिसकर्मियों को प्रेरणा दी। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने गंभीर अपराधों के शीघ्र निराकरण एवं जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली एवं जनहितैषी बनाने हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही थाने आने वाले आम नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध करवाने, निकट भविष्य में वर्षा ऋतु में जल भराव की स्थिति, पुल-पुलिया एवं क्षेत्र को चिन्हित करने एवं पूर्व तैयारी के निर्देश भी दिये। साथ ही इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगेन्द्रसिंह ने थाने में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और उन्हे आवश्यक समाधान प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने पुलिस कर्मचारियों को प्रभावी बीट प्रणाली के अंतर्गत कार्य कर अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमसूचना तंत्र को मजबूत बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

इस अवसर पर लालबर्रा थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी सहित लालबर्रा थाने में पदस्थ समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग खराब, आवागमन में हो रही परेशानी

## ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की प्रशासन से की मांग



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 7 किमी. दूर ग्राम पंचायत रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग खराब होने एवं जगह-जगह से डामर उखड़ जाने के कारण आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कुछ स्थानों पर मार्ग के बीच में गड्ढे भी बन गये है और गड्ढे में दुपहिया वाहन जाने से हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं लंबे समय से ग्रामीणजन एवं राहगीरों के द्वारा खराब सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की मांग कर रहे है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने शासन-प्रशासन से रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग का जल्द मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व किया गया है। लेकिन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण सड़क का खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह से डामर उखड़ गये है। साथ ही कुछ स्थानों पर गड्ढे बन गये है। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग रमपुरी से घटोलगांव होते हुए नेवरगांव ला. से छिंदलई-लामता हाईवे मार्ग को जोड़ता है और इस मार्ग से आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणजन आवागमन करते है। लेकिन सड़क खराब होने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने शासन-प्रशासन से बरसात के पूर्व रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

# बदलीनुमा मौसम होने से गर्मी से मिली राहत

## मौसम बदलने से किसान रबी की धान की फसल को लेकर चिंतित



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। उमस भरी गर्मी, चिलचिलाती धुप के बीच 24 मई को सुबह अचानक बदलीनुमा मौसम होने के साथ ही क्षेत्र में कुछ स्थानों पर हल्की बुंदाबांदी बारिश भी हुई है जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। परन्तु बार बार मौसम बदलने एवं बारिश के आसार दिखाई देने से रबी में धान की फसल लगाने वाले किसान चिंतित नजर आ रहे है। उन्हे इस बात का डर सता रहा है कि अगर बारिश तेज होती है तो उनके खेतों में पककर तैयार हो चुकी धान की फसल खराब हो सकती है जिससे उन्हे आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। वर्तमान में किसानों के द्वारा तीव्र गति से रबी की धान कटाई व चुराई का कार्य किया जा रहा है एवं जिन किसानों की भारी प्रजाति की धान है उसे समय है परन्तु बार-बार मौसम बदलने से रबी की धान की फसल जिन किसानों ने कटाई कर चुके है। जिनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है या फिर जिन किसानों की धान को पकने में समय है। सभी किसान चिंतित नजर आ रहे है कि अगर बारिश तेज होती है तो रबी की धान की फसल को काफी नुकसान हो सकता है। वहीं 25 मई से नौतपा भी शुरू होने वाला है लेकिन नौतपा के एक दिन पूर्व ही मौसम परिवर्तन होने से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष नौतपा अधिक नही तपेगा। साथ ही शनिवार को सुबह से अचानक मौसम परिवर्तन होने एवं दिनभर बदलीनुमा मौसम बने रहने से उमस भरीं गर्मी से राहत मिली है। लेकिन बार-बार मौसम परिवर्तन होने से किसान रबी धान की फसल को लेकर चिंतित नजर आ रहे है।

# सद्गुरू सत्य कबीर प्रकट महोत्सव कार्यक्रम 26 को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी (सीएम राइज) स्कूल के सामने स्थित सामुदायिक भवन में अयोध्यावासी वैश्य समाज लालबर्रा के द्वारा 26 मई को प्रातः 8 बजे से सद्गुरू सत्य कबीर प्रकट महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में अयोध्यावासी वैश्य समाज लालबर्रा के पदाधिकारी सचिन अवधिया ने बताया कि अयोध्यावासी वैश्य समाज लालबर्रा के द्वारा 26 मई को प्रातः 8 बजे से सद्गुरू सत्य कबीर प्रकट महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर भजन, आरती, रैली एवं भजन का आयोजन किया गया और सदगुरू सत्य कबीर प्रकट महोत्सव के अवसर पर उपस्थितजन कबीर के जीवन, संदेश को याद करेगें। साथ ही अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। इस अवसर पर नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील अयोध्यावासी वैश्य समाज लालबर्रा के पदाधिकारियों ने की है।

# सराफा व्यापारी से नकाबपोशो ने किया लूट का प्रयास

## चोरी और लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने सराफा व्यापारियों ने की मांग

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर सहित क्षेत्र में चोरी और वारदातों का क्रम समय समय पर चला आ रहा है। जिसमें अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए हौसलों का प्रदर्शन किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला नगर में सामने में आया है जिसमें अज्ञात नकाबपोश असामाजिक तत्वों के द्वारा सराफा व्यापारी आयुष सोनी का पीछा कर अड़ंगा डालकर मोटरसाइकिल रुकवाने और लूट जैसी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया। हालांकि व्यापारी की समझदारी से यह घटना से बच गया किंतु काफी देर तक उक्त लुटेरों के द्वारा व्यापारी को परेशान किया जाता रहा। यह पूरी घटना गोलीबारी चौक स्थित विभिन्न सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं सराफा व्यापारियों के द्वारा पुलिस थाने में शिकायत कर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग एवं नकाबपोशों की फोटो देकर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस घटना की सूचना पर नगर में सनसनीय फैल गई वहीं लोग अब दहशत महसूस कर रहे हैं।




### नकाबपोशो ने व्यापारी का पीछा कर शंकर तालाब पर किया रोकने का प्रयास

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सहित क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार सराफा बाजार है। जो नगर के गोलीबारी चौक के पास में स्थित है जहां पर करीब एक दर्जन सोना चांदी हीरे जवारत सहित कई प्रकार के आभूषणों की दुकानें संचालित होती है। जहां पर कुछ दुकानदारों के द्वारा कीमती जेवरात रोजाना घर से दुकान लाना लेजाना किया जाता है। यह बाजार रात करीब 8 से 9 बजे पूरी तरह बंद हो जाता है। जहां पर शुक्रवार की शाम सुदेश सोनी अपनी दुकान लड़के आयुष सोनी के भरोसे छोड़कर किसी कार्य से चले गए थे। जिसके बाद लड़के के द्वारा रात 8 बजे दुकान बंद कर कीमती जेवरात के साथ वह घर जाने के लिए निकाला। तो उसे आभास हुआ कि दो मोटरसाइकिल में चार व्यक्ति चेहरे पर नकाब बंधे हुए उसका पीछा कर रहे हैं। जिससे वह घबराकर सावधानी बरतते हुए वापस अपनी दुकान के पास आ गया। जहां उसके द्वारा अपने सहयोगी को बुलाकर संभावना व्यक्त करते हुए साथ चलने कहां गया। जहां से आयुष सोनी और सहयोगी दोनों घर के लिए निकले तो वहीं अज्ञात चार नकाबपोश दो मोटरसाइकिल से उनका पीछा करते हुए शंकर तालाब पर पहुंचे। जहां आयुष सोनी की मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास नकाबपोशों के द्वारा किया गया वहीं चलती गाड़ी में लूट का प्रयास भी किया गया। हालांकि लड़के के द्वारा तेज गति से वाहन चलाकर घर पहुंच कर स्वयं को सुरक्षित कर लिया गया। इसके बाद यह घटना की जानकारी आयुष सोनी ने अपने पिता सुदेश सोनी को बताई जिनके द्वारा दुकान सहित आसपास की सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। तो उसमें स्पष्ट रूप से दो मोटरसाइकिल पर चार नकाबपोश सड़क पर खड़े दिखे जो आयुष सोनी के निकलने का इंतजार कर रहे थे। उसके निकलते ही उसके पीछे मोटरसाइकिल से जा रहे थे। मामले में सराफा व्यापारियों के द्वारा थाने में शिकायत कर मामले में गंभीरता से कार्यवाही करते हुए नकाबपोशों को गिरफ्तार करने की मांग की गई है। वहीं नकाबपोशों के द्वारा की गई वारदात को लूट का प्रयास बताया है।




### नगर सहित क्षेत्र में नही रुक रहा वारदातो का दौर

नगर सहित क्षेत्र में चोरी और लूट की वारदातों का दौर रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जो समय समय पर सामाजिक अज्ञात तत्वों के द्वारा इस प्रकार की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। शुक्रवार की रात हुई घटना से लोग बहुत 'यादा दहशत में है तो वहीं सराफा व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है कि आज पीछा कर रहे हैं कल किसी और के साथ भी यह घटना हो सकती है। इसके पहले थानेगांव निवासी वृद्ध महिला के साथ अज्ञात महिला ने लूट की वारदात की थी। उसके बाद यह लूट का असफल प्रयास हुआ और बीते कुछ समय पहले ही सूने मकान में दिनदहाड़े चोरियो की वारदात रुकी थी। परंतु इस घटना ने सभी को चिंतित कर दिया है की सुना स्थान की तो छोड़ो नगर के अंदर लोगों के द्वारा लूट का प्रयास किया जा रहा है इससे लोग काफी दहशत में है और वह डरे हुए हैं। जिनके द्वारा शासन प्रशासन से उक्त चारों नकाबपोशों पर कार्यवाही कर भयमुक्त वातावरण निर्मित करने की मांग की जा रही है।

### पुलिस प्रशासन को नगर में गस्ती कर नकाबपोशो पर कार्यवाही करना चाहियें-सुदेश सोनी

सराफा व्यापारी सुदेश सोनी ने बताया कि प्रतिदिन हमारे द्वारा अपनी दुकान रात 8 से 8.30 बजे के बीच बंद की जाती है। शुक्रवार को मैं कुछ काम से सामान लाने के लिए चले गया था मेरा बेटा दुकान में बैठा था जिसने दुकान बंद कर सामान लेकर जा रहा था। तो दो गाड़ी में चार नकाबपोश व्यक्तियों ने उसका पीछा किया तो बेटे को समझ आया कि कोई पीछा कर रहा है तो वह सावधानी से तत्काल दुकान के पास आकर सहयोगी के साथ गया। शंकर तालाब के पास फिर उक्त चारों लोगों के द्वारा लूट का प्रयास किया गया किंतु यह दो व्यक्ति होने से उनका प्रयास असफल रहा। हमारे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट नहीं दिख रहा है किंतु यह दो बाइक में मुंह पर कपड़ा बांधे चार लोग थे। जिनकी फोटो हमने पुलिस को दे दी है वह क्या करती है देखना है। सराफा बाजार नगर का बड़ा बाजार है यहां पर रात दिन गस्त नहीं होती है इसकी व्यवस्था होनी चाहिए सराफा बाजार में दो चार दुकान छोड़कर सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। हनुमान मंदिर में भी कैमरे लगे हैं यह जो अज्ञात लोग हैं वह हमारे आने जाने की रैकी करते रहे होंगे तभी उनके द्वारा उपयुक्त समय प्रयास किया गया है।



# भारतीय हाई स्कूल कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय इंग्लिश हाई स्कूल रामपायली में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें छात्रा कुमारी प्रीति डहरवाल 96 प्रतिशत, सजल भिवंगडे 95 प्रतिशत, सुजल अटराहे 94 प्रतिशत, सरयू लांजेवर 92 प्रतिशत, अंजलि राऊत 92 प्रतिशत, राशि भगत 91 प्रतिशत, अमित राऊत 91प्रतिशत, पूर्वशी ठाकरे 90प्रतिशत, डिंपल बानेवार 90प्रतिशत, प्रियल बैस 87 प्रतिशत, प्रणव भगत 87 प्रतिशत, कृति बसोंड 85प्रतिशत, जावेंद्र डोहरे 85 प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल के द्वारा छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा, द्वारा नालसा, नशा पीड़ितो के लिए विधिक सेवा के संबंध में जानकारी प्रदान की साथ ही श्री सतीश शर्मा द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में श्रीमती शिखा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बालाघाट द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट, मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य तथा कैरियर गाईडेंस के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बसंत डहाके, चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसल द्वारा संविधान में हुए 42वे संवैधानिक संशोधन से उद्भूत अनुच्छेद 39 ए के प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा कि इस अनुच्छेद के माध्यम से समाज के कमजोर, पिछड़े एवं आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर डॉ गजानंद कटरे सी.टी.ओ. एन.सी.सी, अशोक रावड़े सी.एम. राईज़ विद्यालय शिक्षक, धीरेन्द्र दत्त आर्य, श्री आर.एस. कुसराम, हंसराज चौहान प्रशिक्षक, प्रभारी एन.सी.सी. अभिजीत ठाकुर, पी.एल.वी. विजय सूर्यवंशी एवं लगभग 250 एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे।

# जलगंगा संवर्धन अभियान में नपा ने कुँओं का किया कायाकल्प




वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुओं के कायाकल्प करने का कार्य किया गया। जिसके तहत नगर के शासकीय जल स्रोत के रूप में स्थित कुओं की मरम्मत की गई। यह जल संरचनाओं के सरंक्षण एवं पुर्नजीविकरण के उद्देश्य से शासन के द्वारा 30 जून तक विभिन्न जल स्त्रोतों नदी ,तालाबों ,कुँओं ,बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो को अविरल बनाये रखने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया। इसमें नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर में समस्त सार्वजनिक कुँओं की स्वच्छता एवं रंगरोगन कर कुँओं की कायाकल्प की गई। जिसमें नगर में कुल 16 सार्वजनिक कुँएं है जिनका जिर्णोद्धार स्वच्छता एवं रंगरोगन वर्षों से नहीं हो पाया था। अधिकांश कुँएं पेयजल के लिये सार्वजनिक रूप से उपयोगी है। जिनकी स्वच्छता की अत्यंत आवश्यकता बनी हुई थी इस विषय को संज्ञान में लेकर किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री दिशा डेहरिया ने बताया कि नगर में स्थिति सार्वजनिक कुँओं को जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शामिल किया जाकर समस्त कुँओं की साफ सफाई एवं रंगरोगन के साथ जल संरक्षण विषय पर जागरूकता स्लोगन लिखवायें जा रहें हैं। जिससे जनसामान्य जल संरक्षण के विषय में जागरूकता आये नगर के समस्त सार्वजनिक कुँओं के साथ साथ वार्डो में पूर्व से निर्मित प्राप्रर्टियों एवं भवन के केच वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराये जाने वार्ड प्रभारियों को घर घर भेजा जा रहा है। एवं जन सामान्य को जागरूक कर घरों में आवश्यक रूप से वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कराये जाने प्रेषित किया जा रहा है। अभियान प्रारंभ होने के उपरांत से लगभग 83 घरों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराया जा चुका है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## खिलाड़ियों को खेल की बारीकी का दिया गया प्रशिक्षण





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के इंडोर स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया गया। जिसमें ग्रीष्मकालीन खेल खिलाये जा रहे हैं यह शिविर का आयोजन 1 मई से 31 मई तक किया गया है। जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इंडोर स्टेडियम में उपस्थित हो रहे हैं। जहां पर एकल युगल बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं उत्कृष्ट खेल गतिविधि सीखने की तकनीक भी प्रशिक्षणार्थियों को बताई जा रही है। इस दौरान उपस्थित खेल प्रेमियों के द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया तो वहीं उन्हें खेल की बारीकियां बताई गई। वहीं कहा गया कि किसी भी प्रकार का खेल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कारगर है सदैव हमें खेलों से जुड़े रहना चाहिए। खेल हमें शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर स्वस्थ बनाता है। खेल में हार जीत चलते रहती है यह हमें जिंदगी का सबसे बड़ा सबक सिखाती है कि हार में हमें विचलित नहीं होना चाहिए और जीत में हमें अधिक उत्साहित नहीं होना हैं। हमें सदैव आगे की तैयारी करना चाहिए खेल हमारा सर्वांगीण विकास करवाता है। प्रत्येक व्यक्ति को खेल से जुड़कर स्वास्थ्य लाभ लेने चाहिए। यह आधुनिक दौर है विभिन्न प्रकार के खेल है हर किसी को कोई ना कोई खेल खेलते रहना चाहिए। वर्तमान समय में देखने आता है कि युवा वर्ग मोबाइल से बहुत ज्यादा जुड़ा होता है मोबाइल चलाना ठीक है । परंतु वह सकारात्मक उपयोग के लिए चलना चाहिए ना कि अपना पूरा मनोरंजन मोबाइल को बना लेना चाहिए। इस अवसर पर पंकज परते ,संतोष आडे, योगेश सोहाने ,प्रणीत नेवारे, ममता बिसेन सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणर्थी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अविश्वास प्रस्ताव को लेकर रमरमा में चर्चा सम्मिलन 2 जून को

## ग्राम पंचायत रमरमा के संबंध में एसडीएम ने जारी किया आदेश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रमरमा में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उठा पाठक तेज हो गई है। जहां पर मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है ऐसे में सरपंच के कार्यों को लेकर पंचायत बॉडी में असंतोष व्याप्त है। जिनके द्वारा सरपंच को पद से हटाने के लिए कवायत की जा रही है। इस परिस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विहित प्राधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत के पंचों की परेड़ के बाद एक नया आदेश जारी किया हैं। यह आदेश ग्राम पंचायत भवन में समस्त पंचायत बॉडी के सामने अविश्वास को लेकर रमरमा में चर्चा एवं सम्मिलन कार्यक्रम 2 जून को आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके लिए नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

### सरपंच पुत्र के इशारों पर पंचायत का संचालन कर मनमानी करती है सरपंच

ग्राम पंचायत रमरमा के पंचों के द्वारा सरपंच श्रीमती इमलाबाई बिसेन के द्वारा पंचायत संचालन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। जिसमें पंचों के द्वारा लिखित में शपथ पत्र एवं प्रारूप पत्र देकर आरोप लगाए गए हैं कि सरपंच के द्वारा ग्राम विकास की शासकीय राशि की अफरा तफरी कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जाता है। ग्राम पंचायत में मीटिंग करने के बाद एक तरफ कार्यवाही की जाती है पंचों को विश्वास में नहीं लिया जाता है और ना ही हमारे द्वारा बताए गए कार्यों को करवाया जाता है। ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा अपने विवेक का





उपयोग नहीं करते हुए अपने पुत्र के इशारों पर पंचायत का संचालन कर मनमानी करती हुए पंचों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं तथा पंचों को धमकी देते रहते हैं। जिससे आक्रोशित पंचों के द्वारा 19 मई को पंचों के दिए हुए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा व सम्मेलन पंचायत भवन में आयोजित करने निर्देश जारी किये हैं।

### यह दिया गया आदेश

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी विहित् प्राधिकारी वारासिवनी के द्वारा 23 मई को आदेश जारी किया गया की ग्राम पंचायत रमरमा जनपद पंचायत वारासिवनी के सरपंच श्रीमती इमलाबाई बिसेन के विरुद्ध ग्राम पंचायत रमरमा के 6 पंचगण द्वारा हस्ताक्षरित अविश्वास का प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र नियमानुसार प्रस्तुत किया एवं पंचगणो के समक्ष में सुना गया जो समाधान कारक होने से ग्राह्य किया गया। प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा व सम्मिलन 2 जून की दोपहर 12 बजे की तिथि निर्धारित की गयी है एवं सम्मिलन का स्थान ग्राम पंचायत भवन रमरमा रखा गया है।

### नायब तहसीलदार करेंगी अध्यक्षता

वहीं आदेश में म.प्र.पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 21/2 के साथ पठित नियम म.प्र. ग्राम पंचायत के सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव नियम 1994 के नियम 4 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये। ग्राम पंचायत रमरमा के सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा सम्मिलन की अध्यक्षता हेतु श्रीमती मंजुला महोबिया नायब तहसीलदार वारासिवनी को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं पीठासीन अधिकारी के सहयोग हेतु इरफान खान खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी को नियुक्त किया गया है।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढोये?

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर

# थर्मामीटर का जनक-डैनियल गेब्रियल फारेनहाइट

डैनियल गेब्रियल फ़ारेनहाइट को अक्सर थर्मामीटर का जनक कहा जाता है क्योंकि उन्होंने 1714 में आधुनिक पारा थर्मामीटर का आविष्कार किया था, जो तापमान माप में एक महत्वपूर्ण प्रगति थी। उनके आविष्कार ने, फ़ारेनहाइट तापमान पैमाने के साथ, तापमान को मापने का एक विश्वसनीय और सटीक तरीका प्रदान किया, जिससे अधिक वैज्ञानिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

डैनियल गेब्रियल फारेनहाइट का जन्म 24 मई, 1686 को पोलैंड के गडांस्क में एक धनी व्यापारी परिवार में हुआ था। वह इस भाग्यशाली पृष्ठभूमि से आया था। 1701 में, त्रासदी तब हुई जब अनजाने में ज़हरीले मशरूम खाने के बाद एक अजीब और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में उसने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया। 15 साल की उम्र में अनाथ हो जाने के बाद, फारेनहाइट को अभिभावकों ने अपने पास रख लिया और एम्स्टर्डम में एक व्यापारी के लिए मुनीम के रूप में प्रशिक्षु बना दिया। अपनी बुद्धिमानी के बावजूद, उन्होंने लेखा-जोखा यह थर्मामीटर - एक ग्लास ट्यूब से बना है जिसमें एक बंद स्टेम से जुड़ा एक अल्कोहल से भरा बल्ब है - तरल के विस्तार के आधार पर तापमान मापने वाला पहला थर्मामीटर था। फारेनहाइट एक पोलिश मूल के डच भौतिक विज्ञानी और उपकरण निर्माता थे, जो 1714 में पारा थर्मामीटर का आविष्कार करने और 1724 में फारेनहाइट तापमान पैमाने को विकसित करने के लिए प्रसिद्ध थे, जो आज भी संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण उन्हें अक्सर थर्मोमेट्री का जनक माना जाता है। 1724 में पेश किया गया उनका पैमाना पानी के हिमांक को 32°F और क्वथनांक को 212°F पर सेट करता है, इन बिंदुओं के बीच 180 बराबर विभाजन होते हैं।उन्होंने पारा थर्मामीटर भी विकसित किया, जो पहले के अल्कोहल थर्मामीटर की तुलना में अधिक सटीक था। फारेनहाइट ने अपना अधिकांश जीवन नीदरलैंड में बिताया, जहाँ उन्होंने खुद को भौतिकी का अध्ययन करने और अल्कोहल थर्मामीटर (1709) जैसे सटीक मौसम संबंधी उपकरणों के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शुरू में एक समान बर्फ-नमक मिश्रण के तापमान के आधार पर अपने पैमाने का शून्य बिंदु निर्धारित किया और पानी के हिमांक बिंदु और सामान्य शरीर के तापमान को दर्शाने के लिए क्रमश: 30 और 90 डिग्री का चयन किया। बाद में इन मूल्यों को संशोधित कर 32 और 96 कर दिया गया, लेकिन अंतिम पैमाने को इस तरह से समायोजित किया गया कि सामान्य शरीर का तापमान 98.6 डिग्री हो गया। अपनी खोजों में, उन्होंने पाया कि पानी अपने हिमांक बिंदु से नीचे तरल रह सकता है और तरल पदार्थों का क्वथनांक वायुमंडलीय दबाव के साथ बदलता रहता है। अधिकांश आधुनिक थर्मामीटर सेल्सियस और फ़ारेनहाइट तापमान पैमाने दोनों के साथ कैलिब्रेट किए जाते हैं। इस थर्मामीटर में, आंतरिक पैमाना डिग्री फ़ारेनहाइट दिखाता है, जबकि बाहरी पैमाना डिग्री सेल्सियस दिखाता है। फेरोमैग्नेटिज्म, एंटीफेरोमैग्नेटिज्म और पैरामैग्नेटिज्म की घटनाओं के साथ-साथ चुंबकीय गुणों पर तापमान के प्रभाव की जांच करें। थर्मामीटर अधिकांश आधुनिक थर्मामीटर सेल्सियस तापमान पैमाने और फ़ारेनहाइट तापमान पैमाने दोनों के साथ स्नातक किए जाते हैं। इस थर्मामीटर का आंतरिक पैमाना डिग्री फ़ारेनहाइट दिखाता है, और इसका बाहरी पैमाना डिग्री सेल्सियस दिखाता है। तापमान, गर्मी या ठंड का माप विभिन्न मनमाने पैमानों का उपयोग करके व्यक्त किया जाता है और यह उस दिशा को इंगित करता है जिसमें ऊष्मा ऊर्जा स्वाभाविक रूप से प्रवाहित होगी - अर्थात, एक गर्म वस्तु (उच्च तापमान पर) से एक ठंडी वस्तु (कम तापमान पर) की ओर। तापमान सीधे तौर पर एक ऊष्मागतिक प्रणाली की कुल ऊर्जा के अनुरूप नहीं होता है; उदाहरण के लिए, एक जलती हुई माचिस का तापमान एक हिमखंड से बहुत अधिक होता है, फिर भी हिमखंड में माचिस की तुलना में कुल मिलाकर कहीं अधिक ऊष्मा ऊर्जा होती है। दबाव या घनत्व की तरह, तापमान को एक गहन गुण माना जाता है - जिसका अर्थ है कि यह मौजूद पदार्थ की मात्रा पर निर्भर नहीं करता है - द्रव्यमान



या आयतन जैसे व्यापक गुणों के विपरीत। उदाहरण के लिए, यदि आप अपना दिन बाहर के तापमान की जाँच करके शुरू करते हैं, तो आप सटीक थर्मोमेट्री पर भरोसा कर रहे हैं। आजकल तीन तापमान पैमाने सामान्य रूप से उपयोग में हैं। फारेनहाइट (°F) तापमान पैमाने का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ अन्य अंग्रेजी बोलने वाले देशों में किया जाता है। सेल्सियस (°C) तापमान पैमाना लगभग सभी देशों में मानक है जिन्होंने माप की मीट्रिक प्रणाली को अपनाया है, और इसका विज्ञान में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। केल्विन (K) पैमाना, एक निरपेक्ष तापमान पैमाना (सेल्सियस पैमाने को -273.15° से स्थानांतरित करके प्राप्त किया जाता है ताकि ताकि निरपेक्ष शून्य 0 K के साथ मेल खाता हो), वैज्ञानिक तापमान माप के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक के रूप में मान्यता प्राप्त है।

अगर आप अपना दिन बाहर के तापमान की जाँच करके शुरू करते हैं, तो आप नियमित रूप से सटीक थर्मोमेट्री पर भरोसा करते हैं।सामान्य मानव शरीर का तापमान आमतौर पर 98.6°F (37°C) के आसपास माना जाता है। हालाँकि, यह सिर्फ़ एक औसत है, और सामान्य शरीर का तापमान उम्र, गतिविधि, दिन के समय और इसे कैसे मापा जाता है जैसे कारकों के आधार पर थोड़ा भिन्न हो सकता है। 100.4°F (38°C) से ऊपर के तापमान को अक्सर बुख़ार माना जाता है, और इसे किसी मेडिकल प्रोफेशनल द्वारा जाँचा जाना चाहिए।शरीर के तापमान 98.6°F (37°C) अक्सर उद्धृत औसत है, सामान्य शरीर का तापमान 97एस्न (36.1°C) से 99एस्न (37.2°C) तक हो सकता है।वास्तव में, तापमान को सटीक रूप से मापने से पहले की दुनिया की कल्पना करना मुश्किल है। सटीक थर्मोमेट्री हमें अपना खाना पकाने, अपने घरों को गर्म करने और बुखार का पता लगाने में मदद करती है, सभी सटीक रूप से - और एक समाज के रूप में, हम जलवायु को समझने, औद्योगिक प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने, ऊष्मप्रवैगिकी का अध्ययन करने और बहुत कुछ करने के लिए सटीक थर्मोमेट्री का उपयोग करते हैं हम इसका श्रेय काफी हद तक फारेनहाइट को देते हैं - तापमान पैमाने को नहीं, बल्कि उस व्यक्ति को जिसके नाम पर इसका नाम रखा गया है। उसका नाम सर्वव्यापी है, लेकिन उसकी कहानी कम जानी-पहचानी और आश्चर्यजनक रूप से नाटकीय है।थर्मामीटर के शुरुआती आविष्कारकों में से एक के रूप में, फारेनहाइट को अपने उपकरण पर अलग-अलग तापमानों को चिह्नित करने की आवश्यकता थी। उन्होंने जो पैमाना तैयार किया, उसे अब फारेनहाइट पैमाने के रूप में जाना जाता है। इस पैमाने ने शुरू में मानक वायुमंडलीय दबाव के तहत पानी के हिमांक को 32एस्न और क्वथनांक को 212°F पर सेट किया। उन्हें लगभग निर्वासन का सामना करना पड़ा, लेकिन थर्मामीटर को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर उन्होंने हॉलैंड, जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन और पोलैंड की यात्रा की। हालाँकि गैलीलियो ने 1593 में एक जल-आधारित थर्मामीटर विकसित किया और सैंटोरियो सैंटोरियो ने फ्लोरेंस में एक स्नातक मॉडल पेश किया, फारेनहाइट का लक्ष्य एक अधिक विश्वसनीय और मानकीकृत उपकरण बनाना था। उन्होंने सटीकता बढ़ाने के लिए अल्कोहल के बजाय पारे का उपयोग करके और पारंपरिक गोलाकार बल्बों के बजाय थर्मामीटर को बेलनाकार आकार में फिर से डिज़ाइन करके नवाचार भी किए। यह नवाचार मौसम संबंधी घटनाओं और वायुमंडलीय विज्ञान की हमारी समझ को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण था। फारेनहाइट की विरासत को वैज्ञानिक समुदाय में शैक्षिक कार्यक्रमों और पुरस्कारों के माध्यम से सम्मानित किया जाता है जो सटीकता की उनकी खोज को मान्यता देते हैं। उनकी अग्रणी भावना वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती है और उन्हें उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करती है। फारेनहाइट के काम ने कई आधुनिक वैज्ञानिक विकासों की नींव रखी। उनके सावधानीपूर्वक प्रयासों ने उन उपकरणों को आकार दिया, जिन पर हम अभी भी भरोसा करते हैं, जो सटीकता और नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनका प्रभाव मौसम विज्ञान, इंजीनियरिंग और भौतिकी तक फैला हुआ है। हालाँकि सेल्सियस पैमाने का दुनिया भर में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, फिर भी फारेनहाइट पैमाना संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य क्षेत्रों में उपयोग में है, जो इसके स्थायी प्रभाव को प्रदर्शित करता है। थर्मामीटर के आविष्कार के संबंध में, डैनियल फारेनहाइट, जिन्हें डैनियल गेब्रियल फारेनहाइट के रूप में भी जाना जाता है, ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने बैरोमीटर और वायुमंडलीय दबाव के मापन में भी उल्लेखनीय प्रगति की। पारा-आधारित बैरोमीटर में उनके सुधारों ने वायुमंडलीय दबाव के अधिक सटीक और विश्वसनीय रीडिंग की अनुमति दी, जिससे मौसम पूर्वानुमान में काफी सुधार हुआ और वैज्ञानिक अनुसंधान को समर्थन मिला। फ़ारेनहाइट तापमान पैमाने और पारा थर्मामीटर के आविष्कारक डैनियल गेब्रियल फ़ारेनहाइट का निधन 16 सितंबर, 1736 को नीदरलैंड के हेग में हुआ था।

- संजय गोस्वामी

## संतोष का मार्ग

एक ऋषि अपने शिष्य कपिल के साथ श्रावस्ती नरेश के पास गए। ऋषि से मिलकर नरेश प्रसन्न हुए और उनके आदर-सत्कार में लग गए। इधर कपिल एक सेविका के रूप पर मुग्ध हो गया। उस सेविका ने कपिल से विवाह करने से पहले महंगे कपड़े और गहने मांगे। कपिल यह सब देने में असमर्थ था। सेविका ने इसकी व्यवस्था का तरीका बताते हुए कहा कि जो श्रावस्ती नरेश का प्रातःकाल सर्वप्रथम अभिवादन करता है, उसे वे दो स्वर्ण मुद्राएं प्रदान करते है। कपिल रात बीतने के पहले ही नरेश के शयनकक्ष में घुसने लगा मगर चोर समझकर द्वारपालों ने उसे पकड़ लिया। नरेश के सामने उसने सब बातें सच-सच कह दीं। उसके भोलेपन पर प्रसन्न हो नरेश ने उसकी मुंहमांगी चीज देने का वचन दिया।

कपिल ने एक दिन का समय मांगा। सोचने लगा, दो स्वर्ण मुद्राएं तो कम हैं, क्यों न सौ मांग लूं, पर वे भी कितने दिन चलेंगी। उसने पूरा राज्य ही मांग लिया। श्रावस्ती नरेश निस्संतान थे, उन्हें योग्य व्यक्ति की तलाश भी थी। उन्हें कपिल योग्य लगा। वह बोले- तुमने मेरा उद्धार कर दिया। मैं तृष्णा रूपी सर्पिणी के पाश से छूट गया। यह सुनकर कपिल का विवेक जाग्रत हो गया।

वह बोला- महाराज, आप जिस दलदल से निकलना चाहते हैं, उसी में मैं गिरना नहीं चाहता। मुझे कुछ नहीं चाहिए। वह ऋषि के पास गया और उनसे सब कुछ कह डाला। ऋषि बोले- कामनाओं का कहीं अंत नहीं होता, इसलिए जितना अपने परिश्रम और ईश्वर कृपा से मिल जाए, उसी में प्रसन्न व संतुष्ट रहना चाहिए।

## संरक्षित धन का मूल्यांकन कर, रिजर्व बैंक से डिविडेंड वसूल कर रही है, सरकार?

केंद्र सरकार ने एक बार फिर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) से 2.69 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक डिविडेंड वसूल किया है। यह अब तक की सबसे बडी डिविडेंड की राशि है जिसका ट्रांसफर रिजर्व बैंक सरकार को कर रहा है। रिजर्व बैंक में जमा सोने का भंडार और विदेशी मुद्रा की कीमत बढ़ जाने से सरकार ने इसे रिजर्व बैंक का मुनाफा मान लिया है। सवाल यह है, यह डिविडेंड रिजर्व बैंक का असल लाभ का नतीजा है,या बाजार में कीमत बढ़ने से सोने एवं विदेशी मुद्रा भंडार का जो मूल्यांकन बढा है। बाजार में सोने और डॉलर की कीमत चढ़ती और उतरती रहती है। आज जो मुनाफा दिख रहा है। कल वह घाटे में भी बदल सकता है। सरकार ने मूल्य वृद्धि को मुनाफा मानकर अपना डिवीडेंड रिजर्व बैंक से ले लिया। भविष्य में यदि घाटा होगा, तो नुकसान रिजर्व बैंक का होगा। रिजर्व बैंक कोई कंपनी नहीं है। रिजर्व बैंक कोई व्यापार भी नहीं करता है। एक नियामक संस्था है, उसके पास जो संपत्तियाँ हैं। जैसे विदेशी मुद्रा भंडार, सोने का भंडार वह किसी व्यापार या विक्रय की कमाई से नहीं आया है। बाजार में मूल्य परिवर्तन से उसका मूल्यांकन साख के रूप में होता है। रिजर्व बैंक में जमा सोना और विदेशी मुद्रा भंडार से अंतरराष्ट्रीय साख बनती है। उसी साख के आधार पर वैश्विक संस्थाओं द्वारा रिजर्व बैंक की आर्थिक स्थिति का मूल्याकन किया जाता है। रिजर्व बैंक में जमा गोल्ड रिज़र्व की वैल्यू पिछले साल 80 बिलियन थी। जो इस साल बढ़कर .100 बिलियन हो गई। सोने की सिर्फ कागज़ पर कीमत बढ़ी है। सोने की बिक्री नहीं हुई है। रिजर्व बैंक में जमा डॉलर की वैल्यू बढ़ी है। रुपये के मुकाबले 78-79 से बढ़कर 85-86 रुपया डॉलर का मूल्य हो गया है।

-सनत जैन

# साइबर ठगी अपराधियों की अब खैर नहीं- अपराधियों को जल्दी पकड़ने के लिए केंद्र सरकार ने नई ई-जीरो एफआईआर योजना शुरू की

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश जैसे - जैसे डिजिटाइजेशन सिस्टम की ओर तेजी से बढ़ रहा है उसी तेजी से डिजिटल फ्रॉड जिसे हम साइबर ठगी कहते हैं,भी बढ़ते जा रहे हैं, उससे निपटने के लिए अनेकों राज्यों में साइबर क्राइम एंड कमांड सेंटर की स्थापना की गई है जहां अलग-अलग एरियाओं में फ्रॉड हुए मामलों को दर्ज करते हैं, जिसमें अनेकों कठिनाइयों का सामना पड़ता है जहां ठगी हुई है उसका जूरिडिक्शन एरिया कौन सा है, यह पता करो, फिर वहां जाकर साइबर विभाग में एफआईआर को दर्ज कराना पड़ता है। आज हम देखते हैं कि एक मेट्रोपॉलिटन नागरिक से लेकर छोटे-छोटे गांव तक और प्लेन उड़ाने वालों से लेकर साइकिल रिक्शा चलाने वालों तक के पास मोबाइल है, तो इंडस्ट्री चलाने वालों से लेकर रेहड़ी-पटरी खोमचे चलाने वालों तक के पास भी मोबाइल है, और आज करीब करीब सभी कुछ ना कुछ व्यवहारों के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट देते लेते रहते हैं जिससे अनेकों आदमी साइबर क्राइम यानें ठगी का शिकार हो जाते हैं। मेट्रोपॉलिटन नागरिक या फिर उद्योग से जुड़े लोगों को तो कुछ नॉलेज होने के कारण वो एफआईआर दर्ज कर देते हैं परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में रेहड़ी पटरी चलाने वालों, मजदूरों के साथ कुछ फ्रॉड होता है तो उन्हें उनकी एफआईआर करने की जानकारी व कार्रवाई करने के लिए कार्यवाही करने का पता या समय नहीं होता, इसलिए वे शिकायत नहीं कर पाते छोड़ देते हैं, इन्हीं सभी कठिनाइयों को देखते हुए केंद्र सरकार के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के अंतर्गत दिनांक 19 मई 2025 को ई-जीरो एफआईआर शुरू की गई है जो फिलहाल तो केवल दिल्ली तक ही सीमित है, हालांकि आगे चलकर इसे पूरे भारतवर्ष में लागू किया जाएगा जो साइबर ठगी से पीड़ित, व्यक्तियों के लिए काफी हद तक मददगार सिद्ध होगी।चूँकिवित्तीय ठगी अपराधों के पीड़ितों के गए हुए पैसे वापस हासिल करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में नई ई-जीरो फिर सटीक मदद करेगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, साइबर ठगी अपराधियों की अब खैर नहीं, अपराधियों को जल्दी पकड़ने के लिए केंद्र सरकार ने नई ई-जीरो एफआईआर योजना शुरू की।

साथियों बात अगर हम दिनांक 19 मई 2025 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा ई-जीरो एफआईआर योजना को शुरू करने की करें तो उन्होंने कहा है कि गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने अभूतपूर्व गति से अपराधियों को पकड़ने के लिए नई ई-जीरो एफआई आर पहल शुरू की है। अपने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया यह नया सिस्टम, एनसी आरपी या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वत: एफआईआर में परिवर्तित करेगा, शुरू में यह 10 लाख रूपए से ऊपर की सीमा के लिए होगा। नया सिस्टम जांच में तेजी लाएगा, जिससे साइबर अपराधियों पर सख्ती हो सकेगी, जल्द ही इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार साइबर- सुरक्षित भारत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर रही है।पीएम के साइबर सुरक्षित भारत के विजन को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आई4सी की हाल की समीक्षा बैठक में साइबर वित्तीय अपराधों के पीड़ितों को गँवाए हुए धन को वापस हासिल करने में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस पहल को लागू करने के निर्देश दिए थे। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 ने साइबर वित्तीय अपराधों से संबंधित शिकायतों की आसान रिपोर्टिंग और त्वरित कार्रवाई को सक्षम बनाया है। शुरू की गई नई प्रक्रिया में आई4सी के एनसीआरपी सिस्टम, दिल्ली पुलिस के ई-एफआईआर सिस्टम और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम का एकीकरण शामिल है। इसे तुरंत संबंधित क्षेत्रीय साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों को भेजा जाएगा। शिकायतकर्ता 3 दिनों के भीतर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में जाकर जीरो एफआईआर को नियमित एफआई आर में परिवर्तित कर सकते हैं। दिल्ली पुलिस



और आई4सी, गृह मंत्रालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के नए प्रावधानों के अनुसार मामलों के पंजीकरण के लिए एक प्रक्रिया स्थापित करने के लिए मिलकर काम किया है। प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र पर ध्यान दिए बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से एफआईआर जारी करने की प्रक्रिया शुरू में दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू होगी। बाद में इसे अन्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा। दिल्ली के ई- क्राइम पुलिस स्टेशन को एनसीआरपी पर दर्ज विशिष्ट प्रकृति की साइबर अपराध शिकायतों के लिए ई- एफआईआर दर्ज करने और उन्हें क्षेत्रीय पुलिस स्टेशनों में स्थानांतरित करने के लिए अधिसूचित किया गया है। यह पहल एनसीआरपी/1930 शिकायतों को एफआईआर में परिवर्तित करने की प्रक्रिया में सुधार करेगी, जिससे पीड़ितों के गँवाए हुए धन की आसान वसूली होगी और साइबर अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई को सुगम बनाया जाएगा। इसमें हाल ही में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों का लाभ उठाया गया है। बता दें कि आई4सी की स्थापना गृह मंत्रालय ने दिल्ली में की थी, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समन्वित और व्यापक तरीके से साइबर अपराध से निपटने के लिए एक ढांचा और पारिस्थिति की तंत्र प्रदान किया जा सके। आई4सी की परिकल्पना देश में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नोडल बिंदु के रूप में की गई है।

साथियों बात अगर हम साइबर अपराधों से निपटने तंत्र को मजबूत करने केंद्र सरकार द्वारा अनेकों कदम उठाने की करें तो, भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य के विषय हैं। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश मुख्य रूप से अपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से साइबर अपराध सहित अपराधों की रोकथाम, पता लगाने, जांच और अभियोजन के लिए जिम्मेदार हैं और पुलिस स्टेशनों की क्षमता बढ़ाते हैं। केंद्र सरकार राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की पहलों और उनके एलईए की क्षमता निर्माण में सलाह और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिए तंत्र को मजबूत करने के लिए, केंद्र सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कदम उठाए हैं- (1) गृह मंत्रालय ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराधों से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए एक संलग्न कार्यालय के रूप में आई4सी की स्थापना की है।(2) आई 4सी के एक भाग के रूप में 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' लॉन्च किया गया है,ताकि जनता सभी प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट कर सके, जिसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस पोर्टल पर रिपोर्ट की गई साइबर अपराध की घटनाएं, उनका एफआईआर में रूपांतरण और उसके बाद की कार्रवाई कानून के प्रावधानों के अनुसार संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की जाती है। सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं। (3) वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग और धोखेबाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकने के लिए आई4सी के तहत 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' वर्ष 2021 में शुरू की गई है। अब तक 13.36 लाख से अधिक शिकायतों में 4,386 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राशि बचाई गई है। ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराने में सहायता के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 शुरू किया गया है। (4) राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के जांच अधिकारियों को प्रारंभिक चरण की साइबर फोरेंसिक सहायता प्रदान करने के लिए, आई4सी के एक भाग के रूप में, नई दिल्ली में अत्याधुनिक राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (जांच) की स्थापना की गई है। अब तक, राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (जांच) ने साइबर अपराधों से संबंधित लगभग 11,835 मामलों में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के एलईए को अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। (5) साइबर अपराध जांच, फोरेंसिक, अभियोजन आदि के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से पुलिस अधिकारियों/न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए आई4सी के तहत बड़े पैमाने पर ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्लेटफ़ॉर्म, जिसका नाम 'साइट्रेन' पोर्टल है, विकसित किया गया है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 1,02,276 से अधिक पुलिस अधिकारी पंजीकृत हैं और पोर्टल के माध्यम से 79,904 से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। (6) गृह मंत्रालय ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम योजना के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को साइबर फोरेंसिक- सह-प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना, जूनियर साइबर सलाहकारों की भर्ती और एलईए के कर्मियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण जैसे क्षमता निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। 33 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फोरेंसिक-सह- प्रशिक्षण प्रयोगशालाएँ चालू की गई हैं और 24,600 से अधिक एलईए कर्मियों, न्यायिक अधिकारियों और अभियोजकों को साइबर अपराध जागरूकता, जाँच, फोरेंसिक आदि पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। (7) उभरते साइबर खतरों से निपटने के लिए, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सीएपीएफ के लिए हर शुक्रवार को साप्ताहिक ऑनलाइन सहकर्मी-शिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिसमें साइबर अपराध के रुझान, जांच तकनीक और जवाबी उपायों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। अब तक 98 सहकर्मी-शिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। (8) 3,785 से अधिक एलईए कर्मियों, न्यायिक अधिकारियों, लोक अभियोजकों और फोरेंसिक वैज्ञानिकों को आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि साइबर ठगी अपराधियों की अब खैर नहीं-अपराधियों को जल्दी पकड़ने के लिए केंद्र सरकार ने नई ई-जीरो एफआईआर योजना शुरू की वित्तीय हानियों से संबंधित शिकायतें स्वचालित रूप से ई क्राइम थाने में जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज होगी- शिकायतकर्ता 3 दिनों में जीरो को नियमित एफआईआर में परिवर्तन कर सकते हैं।वित्तीय अपराधों के पीड़ितों को गवाए हुए पैसों को वापस हासिल करने में आने वाली कठिनाइयों को नई ई-जीरो एफआईआर सटीक मदद करेगी।

**यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है**

**- किशन सनमुखदास भावनानीं**

## स्टारलिंक का भारतीय बाजार में जल्द होगा प्रवेश!

**मुंबई।** भारत के डिजिटल भविष्य को नई ऊंचाई पर ले जाने एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करने जा रही है। शुरुआती प्रमोशनल ऑफर में यह सेवा सिर्फ 840 रुपए प्रति माह में अनलिमिटेड डेटा के साथ मिल सकती है। हालांकि भारत में सैटकॉम स्पेक्ट्रम की लागत पारंपरिक टेलिकॉम सेवाओं की तुलना में अधिक है– जैसे कि शहरी ग्राहकों पर 500 अतिरिक्त शुल्क फिर भी स्टारलिंक जैसी कंपनी इस चुनौती से आसानी से निपट सकती है। स्टारलिंक के पास फिलहाल करीब 7,000 उपग्रह हैं और उसके 40 लाख वैश्विक यूजर्स हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि 2030 तक अगर स्टारलिंक अपनी सैटेलाइट संख्या 18,000 तक भी बढ़ा ले, तो भारत में वह केवल 15 लाख यूजर्स को ही कवर कर पाएगा। यानी सेवा की मांग बढ़ने पर क्षमता एक बड़ी चुनौती बन सकती है। जहां भारत के कई हिस्सों में आज भी हाई-स्पीड इंटरनेट एक सपना है, वहीं स्टारलिंक जैसी सेवा दूरदराज के इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी को नया जीवन दे सकती है। यह पहल भारत के डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूती देगी।

## बैंकिंग सेवाएं में सुधार के लिए वित्त मंत्रालय ने बैंकों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने हाल ही में सरकारी बैंकों में किए गए गलत व्यवहार के मामलों पर नजर डालते हुए सभी सार्वजनिक बैंकों को सख्ती से निर्देश दिया है। मंत्रालय का उद्देश्य है ग्राहकों को बेहतर और सम्मानजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने सभी पीएसबी प्रमुखों को कहा कि वे कर्मचारी आचरण के लिए तयशुदा दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकों को शाखाओं के प्रबंधकों के प्रदर्शन की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। हाल ही में एक एसबीआई शाखा पर आई विवादित घटना ने सार्वजनिक ध्यान आकर्षित किया, जिसमें एक अधिकारी ने ग्राहक से अपमानजनक व्यवहार किया था। बाद में उस अधिकारी ने माफी की मांग की और एसबीआई ने इसे बर्दाश्त नहीं करने का दावा किया। नागराजू ने अचानक दौरे पर दिल्ली के सार्वजनिक बैंकों का निरीक्षण किया, जिसमें उन्हें अच्छे और बुरे अनुभव देखने को मिले। ये बैंक अब कर्मचारियों की सॉफ्ट स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए एआई भी शुरू कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि सभी बैंक कर्मचारियों को ग्राहकों के प्रति उदार होने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम चला रहे हैं। इस नए प्रयास से ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलने की उम्मीद है।

## एक सप्ताह में सोना 3,170 रुपए महंगा, चांदी में भी 2300 का उछाल

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेज़ी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के मुताबिक 17 मई को सोने की कीमत 92,301 प्रति 10 ग्राम थी, जो 24 मई को बढ़कर 95,471 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई यानी एक सप्ताह में सोने की कीमत में 3,170 रुपए का इजाफा हो गया। वहीं चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 17 मई को चांदी की कीमत 94,606 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो अब बढ़कर 96,909 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है यानी इस हफ्ते चांदी की कीमत में 2,303 रुपए का इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी ने 28 मार्च को 1,00,934 प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया था। दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 900,50 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,080 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,080 रुपए है। वहीं चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,080 रुपए है।

## दिल्ली में हर पांच किलोमीटर पर बनाया जाएगा चार्जिंग स्टेशन, ईवी कॉरिडोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर अब इलेक्ट्रिक गाड़ियों की दौड़ और तेज़ होने वाली है! दिल्ली सरकार ने अपनी नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। नीति के तहत राजधानी में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, रोजगार सृजन और हरित परिवहन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार एक ईवी कॉरिडोर की योजना पर विचार कर रही है, जो आउटर रिंग रोड पर बनाया जा सकता है। इस कॉरिडोर में चार्जिंग स्टेशनों को फ्लाईओवर के नीचे और खाली ज़मीनों पर स्थापित किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक में कोई बाधा न आए। इससे नए ईवी खरीदारों में रेंज एंग्जायटी यानी चार्ज खत्म होने की चिंता भी कम होगी। इस नई नीति के तहत दिल्ली सरकार ने स्क्रैप करने के लिए पुराने वाहनों को और ईवी किट्स के रेट्रोफिटिंग के लिए आकर्षक प्रोत्साहन भी प्रस्तावित किया है। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक सभी नए वाहन पंजीकरण में 95 फीसदी हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की हो। यह नीति दिल्ली के परिवहन में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## रिजर्व बैंक ने यूबीआई और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ नियामकीय मानदंडों के गैर-अनुपालन के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों और कृषि कर्ज प्रवाह -संपार्श्विक मुक्त कृषि ऋण पर कुछ निर्देशों के गैर-अनुपालन के लिए 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। उनकी योजना से अच्छा फल मिलेगा। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आप कोई फैसला थोड़ा सोच समझकर लें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। आप अपने कामों में पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगे, जिससे उन्हें पूरा करके ही आगे बढ़ेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको किसी काम को करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए बहुत ही जोश से भरा रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से मन काफी खुश रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आज आपको तनाव बना रहेगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कोई महत्वपूर्ण फैसला बहुत ही सोच विचारकर लेने की आवश्यकता है। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। आप अपने कामों को लेकर मनमौजी ना रहें। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान दें। आपको कुछ महत्वपूर्ण लोगों से बातचीत करते समय अपने कान और आंख खुले रखने होंगे। किसी नए काम की शुरुआत आप किसी एक्सपर्ट की राय लेकर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी से ऑफर आ सकता है, लेकिन अभी आप पुरानी में ही टिके रहे तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए रुपए-पैसे के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा, जिससे आपका मन भी परेशान रहेगा। आपको कोई लेनदेन खुलकर करना होगा, नहीं तो आपके साथ धोखा हो सकता है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपके परिवार में कोई वाद-विवाद फिर से सिर उठाएगा। जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती हैं। आप किसी को भी बिना मांगे सलाह देने से बचें। आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों से एक नई पहचान मिलेगी।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कारोबार में चल रही समस्याओं को लेकर किसी एक्सपर्ट से सलाह ले सकते हैं। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। जो जातक नौकरी में कामों को लेकर परेशान हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। टेक्निकल क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को किसी बड़े काम को करने का मौका मिलेगा। व्यापार में आपको अच्छा मुनाफा मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप बिजनेस को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए रूपए-पैसे के मामले में सोच समझकर चलने के लिए रहेगा। आप अपनी डाइट पर कंट्रोल करके रखें। दोस्तों के साथ घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं। आपको किसी काम में निवेश बहुत ही सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आपको अपने जीवनसाथी से कुछ भी छुपाने से बचना होगा। निजी मामलों में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर बेवजह टेंशन ना लें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। जीवनसाथी के साथ आपकी किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ एकांत में समय बिताएंगे। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर आपको खुशी होगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप कार्य क्षेत्र में अपने बॉस से कोई जरूरी बात करने में सोच विचार अवश्य करें। यदि आप धन की कमी को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या दूर हो सकती है, क्योंकि आपको रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी काम को करने में आपको अपने भाइयों से मदद लेनी होगी, तभी उसके पूरे होने की संभावना है। संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं।

## शब्दजाल - 7909

*शब्द जाल में हरियाणा के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | क | म | हें | द्र | ग | अं | बा | ला | ल | ट |
| द | री | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | क | ड़ |
| पा | नी | प | त | दी | छ | हि | अ | र्म | र | क |
| इं | स | ल | क | दि | वा | स | सा | ल | ना | क |
| डि | आ | त | ग | फ | ज | ना | तू | र | ल | क |
| य | ह | द | गु | दि | री | उ | ती | ण | घ | क |
| रो | व | ल | ड़ | या | प | दा | जू | भि | व | रा |
| क | एं | ऊ | गां | द | ब | क | बा | ए | वा | क |
| क | ड | ल | व | र्द | गी | स | री | द | प | नी |
| क | गॉ | ल | प | म | हें | द्र | ग | ढ़ | प | द |
| य | मु | ना | न | ग | र | स | य | ब | प | म |

अंबाला, भिवानी, फरीदाबाद, यमुनानगर, पानीपत, गुड़गांव, करनाल, महेंद्रगढ़, रोहतक, हिसार

### शब्दजाल - 7908 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | क | ल | व | ग | सा | ना | क | प | ल | ओ |
| र | ब | ल | न | व | ग | ग | से | म | ल | म |
| त | स | र | ल | र्म | वा | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | ग | पु | न | न | प | न | ली | क |
| यू | क | दो | ग | द | लं | का | ब | ग | झ | क |
| क | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | बू | घ | को |
| लि | अ | दे | व | ना | र | ल | श | र | ल | ल |
| प्ट | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| स | बा | चे | न | पी | प | ल | र | नी | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | म | स्ता |
| गु | ल | मो | ह | र | न | रा | बा | द | प | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6853

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | | ■ | 13 | | | ■ |
| 14 | | 15 | | ■ | 16 | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | ■ | 19 | 20 | | |
| 21 | | | 22 | | 23 | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | ■ |
| 27 | | 28 | | ■ | ■ | 29 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6852

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | ■ | क्ष | त्रि | य | ■ | ज | ख्मी |
| दि | ■ | सी | मा | ■ | दे | श | प्रे | मी | ■ |
| श | बा | ब | ■ | दे | व | ■ | म | न | ■ |
| ■ | बु | ■ | जो | श | ■ | बा | गी | ■ | खु |
| दौ | ल | त | ■ | द्रो | ही | ■ | त | ला | शी |
| ड़ | ■ | ला | ■ | ही | ■ | पा | ■ | ट | ■ |
| ■ | रो | श | नी | ■ | आ | प | के | सा | थ |
| जं | ग | ■ | य | की | न | ■ | ■ | ब | ■ |
| ग | ■ | ■ | त | ■ | बा | द | ल | ■ | जी |
| ल | की | र | ■ | डॉ | न | ■ | की | म | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**25 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 06.41 बजे से |
| कर्क | 08.54 बजे से |
| सिंह | 11.10 बजे से |
| कन्या | 13.22 बजे से |
| तुला | 15.33 बजे से |
| वृश्चिक | 17.48 ब.से |
| धनु | 20.04 बजे से |
| मकर | 22.09 बजे से |
| कुंभ | 23.55 बजे से |
| मीन | 01.28 बजे से |
| मेष | 02.59 बजे से |
| वृष | 04.39 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 145 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 15.52 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 11.12 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 11.06 बजे को समाप्त। **करण** गर 05.38 बजे, वणिज 15.52 बजे तदनन्तर विष्टि 02.03 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 57' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872355 **जूलियन दिन** 2460820.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 26 **विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | | | रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: परोपकार की सीख

अरब के एक खलीफा बेहद ईमानदार और न्यायप्रिय थे। एक बार वह बीमार हो गए। उनका काफी इलाज कराया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अपना अंत समय जान खलीफा ने खजांची को बुलाया और उससे पूछा, 'बताओ, खलीफा बनने के बाद मेरी निजी संपत्ति कितनी बढ़ी है?' खजांची ने हिसाब लगाया और बोला, 'हुजूर, आपकी निजी संपत्ति में एक ऊंट, एक दुशाला और एक बकरी का इजाफा हुआ है।' खलीफा ने उन्हें गरीबों में बांट देने का हुक्म दिया। इसके बाद उन्हें यह भी पता चला कि उन्होंने राजकोष से पांच हजार दिरहम लिए थे। इस पर वह बोले, 'मेरा घर बेचकर पांच हजार दिरहम खजाने में जमा कर दिए जाएं और जो बचें उन्हें गरीब लोगों व अनाथ बच्चों में बांट दिया जाए।' इसके बाद वह अपने आसपास खड़े सभी लोगों से बोले, 'मेरी आखिरी यात्रा में सिर्फतीन कपड़े मेरे जिस्म पर हों, जिनमें से दो तो इस वक्त मेरे शरीर पर हैं ही। तीसरा कपड़ा खरीद कर मुझ पर डाल दिया जाए।' यह सुनकर उनके कुछ मित्र बोले, 'हम तीनों नए कपड़े खरीद ही सकते हैं और फिर अंतिम यात्रा में तो नए कपड़े लिए जाने चाहिए, भला पुरानों से काम क्यों चलाया जाए?' उन मित्रों की बात सुनकर खलीफा बोले, 'अरे भाई, क्या तुम इतना भी नहीं जानते कि धरती पर नए कपड़ों की जरूरत मुर्दों के बजाय जिंदा लोगों को ज्यादा है। आप लोग कृपया जिंदा लोगों को ही नए कपड़े देने का प्रयास करें।' यह सुनकर सभी लोग खलीफा के प्रति श्रद्धा से भर उठे।

## सूडोकु नवताल- 7162

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 8377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ |
| 20 | | | | 21 | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | ■ | 24 | | 25 | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

*1.अचंभा, आश्चर्य-4*
*3.अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3*
*6.पिता के छोटे भाई, काका-2*
*7.माह, मास-3*
*9.धावक(अंग्रेजी-3)*
*11.नया जीवन, उद्धार होना-5*
*12.लक्ष्मी, धन की देवी-3*
*15.बुरी आदत-2*
*16.पैर, पाँव-2*
*18.देवमुनि, देवर्षि-3*
*20.शिकायत करना-5*
*22.रनिवास-3*
*24.बेकार, आंवारा-3*
*26.छोटा टुकड़ा-2*
*27.अभिनय, कथा मंचन-3*
*28.सुगंध फैलाना-4*

**ऊपर से नीचे**

*1.सहसा, अकस्मात-4*
*2.एक प्रकार की शराब-2*
*3.प्रतिभाशाली-3*
*5.मननशील-5*
*6.चतुर्थ-2*
*8.नाव खेना-2,3*
*10.पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3*
*13.पैर मारना-5*
*14.मन की इच्छा-5*
*17.प्रकार-3*
*19.टूटना, बिखरना-4*
*21.पराजित होना, हारना-3*
*23.चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2*
*25.पथ, रास्ता, मार्ग-2*

### शब्द पहेली -8376 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | च | क | न | ■ | ■ | आ | ब | रु |
| जू | ■ | ■ | ब | र | दा | न | ■ | ख |
| बा | ल | ■ | ■ | वा | दा | ■ | ■ | सा |
| ■ | ल | त | ■ | ना | ■ | म | ग | र |
| ■ | का | र | ण | ■ | क | ल | फ | ■ |
| ह | र | फ | ■ | आ | ■ | बा | ल | ■ |
| बा | ■ | ■ | दा | वा | ■ | ■ | त | ह |
| ला | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | ब |
| त | मी | ज | ■ | ■ | र | स | खा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की रही तेजी

मुंबई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में पांचों कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव देखा गया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग एक फीसदी की तेजी देखी गई। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेत और यूएस बांड यील्ड में गिरावट से घरेलू शेयर बाजार को सहारा मिला। सबसे अधिक उछाल बैंकिंग, आईटी और मेटल सेक्टरों में देखने को मिला। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को इन्फोसिस और टीएसी जैसे दिग्गज आईटी स्टॉक्स में गिरावट ने बाजार को नीचे की तरफ खींचा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 115 अंक की गिरावट लेकर 82,215 पर खुला और 271.17 अंक गिरकर 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 50 6 अंक गिरकर 25,013 पर खुला और 74.35 अंक गिरकर 24,945.45 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 18.33 अंक की मामूली बढ़त लेकर 82,077.75 पर खुला और 905.72 अंक गिरकर 81,153.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भी मजबूती के साथ 24,996.20 अंक




पर खुला और 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर बंद हुआ। बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स तेजी के साथ 835.2 अंक बढ़कर 82,021.64 अंक पर खुला और 410.19 अंक उछलकर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 262.3 अंक बढ़कर 24,946.20 अंक पर खुला और 129.55 अंक की बढ़त के साथ 24,813.45 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार में नरमी के असर से भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 578.3 अंक गिरकर 81,018.33 पर खुला और 644.64 अंक गिरकर 80,951.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 215.55 अंक गिरकर 24,597.90 पर खुला और 203.75 अंक गिरकर 24,609.70 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में हरियाली दिखी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 219.05 अंक चढ़कर 81,171.04 पर खुला और 769.09 अंक या 0.95 प्रतिशत उछलकर 81,721.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 166.50 (0.68 फीसदी) अंक उछलकर 24,776.20 पर खुला और 243.46 अंक या 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,853.15 पर बंद हुआ।

## भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार में आ रही कमी

नई दिल्ली। कोलकाता से 80 किलोमीटर दूर, पेट्रापोल लैंड पोर्ट उचित व्यवसायिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है जो भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पार व्यापार के लिए प्रमुख सड़क परिवहन सेवा उपलब्ध कराता है। मगर हाल ही में दोनों देशों के बीच राजनितिक तनाव और माल ढुलाई में गिरावट के कारण व्यापारिक गतिविधियों में कमी आई है। पेट्रापोल भारत एवं बांग्लादेश के बीच व्यापार और यात्रियों की आवाजाही के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण भूमि बॉर्डर क्रॉसिंग है। भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि मार्ग से होने वाला करीब 70 फीसदी व्यापार (मूल्य के लिहाज से) इसी लैंड पोर्ट के जरिये होता है। बिल्कुल सीमा पर अपने मेहराबों के साथ खड़ा यहां का विशाल कार्गो गेट दोनों देशों के बीच व्यापार में संभावित उछाल का प्रतीक है। मैत्री द्वार की क्षमता रोजाना करीब 2,000 ट्रकों को संभालने की है। यह आधुनिक सुविधाओं से लैस है जहां नंबर प्लेट की स्वचालित पहचान से लेकर बूम बैरियर, फेशियल रिकॉग्निशन मशीन, प्रवेश एवं निकास के लिए ऐक्सेस कंट्रोल आदि लगे हैं। मगर सवाल यह है कि दोनों तरफ से लगाए गए व्यापार प्रतिबंधों कारण यह प्रवेश द्वार अपनी वास्तविक क्षमता को कब महसूस करेगा?

## बैंक निष्क्रिय बैंक खातों को सक्रिय करने केवाईसी सुविधा उपलब्ध कराए- आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में जारी परिपत्र में कहा कि बैंक सभी गैर प्रमुख शाखाओं सहित सभी शाखाओं में निष्क्रिय खातों या बिना दावे वाली रकम के लिए अनिवार्य रूप से जानें अपने ग्राहक (केवाईसी) के विवरण को दुरुस्त करने की सुविधा मुहैया करवाएं। इसके अलावा बैंकों को वीडियो उपभोक्ता पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी) उपलब्ध होने की स्थिति में खातेधारक




की मांग पर यह सुविधा मुहैया करवानी चाहिए। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि निष्क्रिय बैंक खातों को सक्रिय करने के लिए अधिकृत बिजनेस कॉरस्पोंडेंट की मदद भी ली जा सकती है। रिजर्व बैंक ने इस प्रारूप परिपत्र पर साझेदारों की टिप्पणी 6 जून तक मांगी है। रिजर्व बैंक ने जनवरी में बिना दावे वाली रकम और निष्क्रिय खातों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए थे। इसके तहत ग्राहक के खाते की जानकारी या चेक बुक का अनुरोध शामिल करने सहित गैर वित्तीय गतिविधियां या कोई वित्तीय लेन देन दो वर्ष तक नहीं होने की स्थिति में ऐसे खातों को 'निष्क्रिय' श्रेणी में रखा जाएगा। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया कि वह एक साल की अवधि से अधिक समय से उपभोक्ता की बिना लेन देन की पहल वाले खातों की सालाना समीक्षा करे। ग्राहकों को निष्क्रिय होने वाले बैंक खातों की स्थिति के बारे में पत्रों, ईमेल या एसएमएस के जरिये अधिसूचित किया जाएगा। ग्राहकों को अपने खाते सक्रिय करने के लिए अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा।

# आज से नौतपा प्रारंभ, सूर्य करेगा रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश




लांजी (पद्मेश न्यूज)। गर्मी के मौसम में हर साल नौतपा आता है। ऐसी मान्यताएं हैं कि नौतपा के नौ दिन सूर्य देव प्रचंड स्वरूप में रहते हैं। इस दौरान सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में आते हैं और भीषण गर्मी का एहसास कराते हैं। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही धरती का तापमान बढ़ जाता है। दरअसल सूर्य 15 दिन के लिए रोहिणी नक्षत्र में आते हैं, लेकिन शुरुआत के 9 दिन ही सबसे ज्यादा गर्मी रहती है। लेकिन इस बार ऐसे आसार नजर नहीं आ रहे हैं एवं शुरू के दिनों में बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने भी 28 मई तक बारिश का अनुमान बताया है।

### कब प्रारंभ होगा नौतपा

सूर्य देव 25 मई को सुबह 03 बजकर 15 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसकी अवधि 15 दिनों की होती है लेकिन इसके शुरू के 9 दिनों में तेज गर्मी पड़ती है। सूर्य देव 8 जून 2025 को 1ः04 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे। इसके बाद 8 जून को सूर्य देव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जायेंगे और फिर 15 जून को मिथुन राशि में।

### नौतपा से जुड़ा वैज्ञानिक आधार

नौतपा को न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। विज्ञान में भी बताया गया है कि इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होती है। वहीं मैदानी इलाकों में तापमान में बढ़ोतरी के कारण समुद्री लहरों की अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जिससे तटीय क्षेत्रों में बारिश और तूफान की संभावना बढ़ जाती है।

बड़े बुजुर्ग नौतपा से जानते हैं मौसम का हाल

बड़े बुजुर्ग नौतपा से जानते हैं कि आगे मौसम का हाल कैसा रहेगा। नौतपा यदि तपता है अर्थात रोहणी नक्षत्र में बारिश नहीं होती है तो आगे अच्छी बारिश होने की संभावना रहेगी। नौतपा के कारण संक्रमण में कमी आएगी और संक्रमण से होने वाली बिमारियों में भी कमी आएगी। माना जा रहा है कि इस बार नौतपा में मिला जुला असर रहेगा, शुरू के दिनों में हवा तूफान के साथ बारिश होगी। नौपता में यदि बारिश नहीं होती है तो यह माना जाता है कि बारिश अच्छी होगी। यदि रोहिणी नक्षत्र काल के दौरान पूरे समय वर्षा न हो तो यह माना जाता है कि बारिश इस बार जबरदस्त होने वाली है।

क्या कहता है मौसम विभाग

मई माह के प्रथम सप्ताह से ही मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। शनिवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे एवं हवाओं के साथ हल्की बारिश होते रही, सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुई बारिश 11.30 बजे तक होते रहीं। हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश ने पुरे मौसम में ठंडक घोल दी। मौसम विभाग ने 28 मई तक आंधी तूफान के साथ बारिश होने का पुर्वानुमान बताया जा रहा है । इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# पंचायत भूमि पर बेजा अतिक्रमण कर बांधे जा रहें मवेशी



लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी की ग्राम पंचायत परसवाड़ा के सरपंच सचिव द्वारा ग्राम के ही एक व्यक्ति पर शासकीय भूमी पर अतिक्रमण कर बाउन्ड्रीवॉल के अंदर अपने निजी सामग्री रखकर और मवेशी बांधकर उपयोग करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत एसडीएम लांजी और तहसीलदार से करते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत परसवाड़ा के सरपंच विजय लिल्हारे ने बताया कि उनके गांव के ही निवासी प्रताप पिता कोरकू लिल्हारे द्वारा ग्राम पंचायत परसवाड़ा का जो परिसर है, उसके भीतर मवेशियों का चारा पैरा, मलमूत्र निकलता है उसकी खाद, जलाऊ लकड़ी सहित अन्य सामग्री रखकर उपयोग करते हुए गंदगी फैलाई जा रही है। सरपंच श्री लिल्हारे ने बताया कि प्रताप लिल्हारे द्वारा पंचायत परिसर की भूमी पर कई वर्षो से अतिक्रमण कर उपयोग किया जा रही है किन्तु मेरे कार्यकाल में दो वर्ष पूर्व बाउन्ड्रीवॉल बनाई गई उसके बावजूद भी उसके द्वारा अपनी मनमानी करते हुए शासकीय भूमी पर अपना हक जमाया हुआ है।

सरपंच विजय लिल्हारे ने यह भी बताया कि पंचायत द्वारा बाउंड्रीवॉल बनाने के बाद पंचायत द्वारा गेट लगाकर ताला भी लगाया जाता था किन्तु प्रताप लिल्हारे द्वारा ताला तोड़ दिया जाता है। वहीं प्रतिदिन अपना मवेशी भी परिसर में बांध दिया जाता है। जबकि इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा कई बार नोटिस देकर तथा मौखिक रूप से अपना कब्जा हटाने की समझाईस भी दी गई किन्तु प्रताप लिल्हारे द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है जिसके चलते सरपंच द्वारा शुक्रवार 23 मई को एसडीएम लांजी एवं तहसीलदार को शिकायत कर उचित कार्यवाही करते हुए पंचायत परिसर की शासकीय भूमी को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की है।

# मंत्री विजय शाह लापता!

## 11 हजार का इनाम

### - कांग्रेस ने लगाए गुमशुदगी के पोस्टर

भोपाल । मंत्री कुंवर विजय शाह के अचानक लापता हो जाने के बाद इंदौर कांग्रेस ने उनके गुमशुदगी के पोस्टर शहर के प्रमुख चौराहों पर चिपकाए हैं। इन पोस्टरों में लिखा है कि जो भी विजय शाह को ढूंढकर लाएगा, उसे ?11,000 का इनाम दिया जाएगा। पोस्टरों के माध्यम से कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक विजय शाह इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस अपना आंदोलन जारी रखेगी।



जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने बताया कि कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के बाद से मंत्री विजय शाह गायब हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री शाह कैबिनेट की बैठक में भी उपस्थित नहीं थे और अब तक उनका कोई अता-पता नहीं है। विवेक खंडेलवाल ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि वे भूमिगत हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि उनकी नसों में सिंदूर दौड़ रहा है, लेकिन इस समय 140 करोड़ देशवासियों की रगों में मंत्री का घटिया बयान दौड़ रहा है। पीएम को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### गृह विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

कांग्रेस ने यह भी कहा कि एक मंत्री का इस तरह लापता हो जाना यह दर्शाता है कि प्रदेश का गृह विभाग निष्क्रिय हो चुका है। पार्टी का आरोप है कि भाजपा सरकार और प्रशासन मिलकर उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि पूरे देश में नेताओं और विपक्ष द्वारा इस्तीफे की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार उनकी रक्षा कर रही है। कांग्रेस द्वारा लगाए गए पोस्टरों में लिखा गया है - गुमशुदा की तलाश, ढूंढ कर लाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। पार्टी ने साफ कर दिया है कि जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देते, कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# मप्र में अब संविदाकर्मी भी ले सकेंगे ट्रांसफर

भोपाल। प्रदेश में अब संविदा कर्मचारियों के भी तबादले हो सकेंगे। लेकिन इसके लिए कर्मचारी-अधिकारी को अपने वर्तमान पदस्थापना स्थल का एग्रीमेंट खत्म करना होगा। इसके बाद जहां उसे नई पदस्थापना चाहिए उस स्थान पर नया एग्रीमेंट करना होगा। तीस मई तक होने वाले तबादलों के लिए पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने संविदा कर्मचारियों के लिए यह तबादला व्यवस्था लागू की है। संविदा कर्मचारियों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जॉइन करने की प्रक्रिया को तबादला नहीं कहा जाएगा, बल्कि इसे स्थान परिवर्तन नाम दिया जाएगा।

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग में अलग-अलग योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए नियुक्त संविदा कर्मचारियों को स्थान विशेष पर कार्य के लिए रखा जाता है। योजना के स्वरूप में बदलाव होने पर संविदा पर पदस्थ कर्मचारियों की सेवाएं किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। वर्तमान में संविदा कर्मचारियों के पदस्थापना को संशोधित करने की कोई नीति नहीं है। इसलिए कुछ अपवाद परिस्थितियों में विभाग के संविदा कर्मचारियों को पदस्थापना में बदलाव के लिए यह नीति तय की गई है।

### इन आधार पर होंगे तबादले

पदस्थापना बदलने के पहले संविदा कर्मचारी का एग्रीमेंट समाप्त किया जाएगा। नए कार्य स्थल पर नियोक्ता द्वारा नया संविदा कार्य सौंपा जाएगा। नए एग्रीमेंट की कॉपी संबंधित योजना और कार्यक्रम के राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी। एक बार स्थान परिवर्तन होने पर पांच साल तक संविदा कर्मचारी अपनी पदस्थापना में परिवर्तन नहीं करा सकेंगे। स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सामान्य ट्रांसफर नीति के अंतर्गत तय अवधि में ही की जा सकेगी। स्थान परिवर्तन का आदेश जारी होने के दो सप्ताह के भीतर संबंधित कर्मचारी को कार्यमुक्त किया जाना अनिवार्य होगा। नए स्थान पर एक सप्ताह के भीतर नए संविदा एग्रीमेंट की कार्यवाही पूरी करना होगी। स्थान परिवर्तन में नए संविदा कार्यस्थल के लिए किसी तरह का यात्रा या अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी। अवकाश की भी सुविधा नहीं मिलेगी।

### जिले के भीतर ऐसे हो सकेंगे ट्रांसफर

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नीति में जिले के भीतर संविदा कर्मचारियों के ट्रांसफर को लेकर जो नीति तय की गई है उसके अनुसार एक मई से 30 मई 2025 तक जिले के भीतर स्थान परिवर्तन या पदस्थापना में बदलाव का काम कलेक्टर द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जा सकेगा। पदस्थापना आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। जिले में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों की कुल संख्या का दस प्रतिशत ही पदस्थापना परिवर्तन किया जा सकेगा।

### अंतर जिला ट्रांसफर के लिए यह होगी प्रोसेस

अंतर जिला ट्रांसफर केवल स्वैच्छिक आवेदन पर ही हो सकेंगे। विवाहित, विधवा, तलाकशुदा महिलाओं को ऐसे जिले में भेजा जा सकेगा जिसमें उसका ससुराल, पति का निवास स्थान या स्वयं का परिवार निवास करता हो। आवेदक स्वयं या उसके आश्रितों को कैंसर, ब्रेन ट्यूमर हो। समान पद पर पदस्थ संविदा कर्मचारियों के परस्पर तबादले के स्वैच्छिक आवेदन के आधार पर तबादले हो सकेंगे। एक जिले से अन्य जिले में स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन योजना के राज्य कार्यक्रम अधिकारी को भेजा जाएगा।

# पीएम मोदी का भोपाल दौरा होगा ऐतिहासिक सिंदूरी



भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर 31 मई को राजधानी भोपाल आ रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा महिला सशक्तिकरण की एक ऐतिहासिक मिसाल बनने जा रहा है। देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाला महिला सम्मेलन एक नई सोच और ऊर्जा का प्रतीक होगा। कार्यक्रम में करीब 600 से अधिक महिलाएं सिंदूरी साड़ी में मंच और उसके आस-पास नजर आएंगे।

जानकारी अनुसार पीएम मोदी के इस आयोजन में करीब एक लाख महिलाएं भाग लेंगी और सबसे खास बात यह है कि पूरी व्यवस्था महिलाओं के हाथों में होगी — मंच संचालन से लेकर सुरक्षा, ट्रैफिक और मीडिया प्रबंधन तक।

सम्मेलन में पीएम मोदी देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्का जारी करेंगे। यह आयोजन न सिर्फ श्रद्धांजलि है, बल्कि यह महिला नेतृत्व और सहभागिता को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान देने का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर राज्य की विभिन्न महिला कल्याण योजनाओं की झलक, स्व सहायता समूहों के स्टॉल, स्टार्टअप्स और सेफ सिटी जैसे नवाचारों की प्रदर्शनी भी देखने को मिलेगी। यह सम्मेलन न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक संदेश है कि 'नारी शक्ति' अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि आयोजक और नेतृत्वकर्ता की भूमिका में भी है।

# भरगट संरक्षक-सराफ अध्यक्ष बने

### - एमपी सराफा एसोसिएशन की भोपाल में हुई बैठक, प्रदेश पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया हुई

भोपाल। मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन की प्रादेशिक बैठक भोपाल में हुई। इसमें प्रदेश पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। कोर कमेटी के सभी सदस्यों में सर्वसम्मिति से कार्यकारिणी को पुनः चुना। मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक झमक भरगट रतलाम, प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ जबलपुर, प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी आगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) भोपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल वर्मा घुंघरू इंदौर, प्रदेश सहसचिव नरेंद्र रोड़ा विदिशा, प्रदेश कोषाध्यक्ष रविंद्र सोनी उज्जैन का सर्वसम्मति से पुनः चयन किया गया। भोपाल सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य नरेश अग्रवाल, सुशील धनवानी, विजय वर्मा, आनंद सोनी, रितेश अग्रवाल, सुमंत सोनी, राजेश सोनी, योगेश सोनी, विनीत सिंघल, विक्रम सोनी सागर, राजकुमार सराफ विदिशा आदि ने पदाधिकारियों का सम्मान किया। वहीं, नवचयनित पदाधिकारियों ने एक सप्ताह में प्रदेश की संपूर्ण कार्यकारिणी घोषित करने की बात कहीं।

### व्यापारियों के लिए सेमिनार होगा

आगामी महीनों में मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश के बड़े शहरों में सराफा व्यापारियों को जागरूक एवं शासन की नीतियों से व्यापारियों को अपडेट करने के लिए सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सराफा व्यापार में एमसीएक्स के महत्व को समझाने के लिए नवीन मृदभटकल बाम्बे ने व्यापारियों को समझाइश दी। साथ ही वैश्विक स्तर पर सोना-चांदी के भाव में हो रही तेजी-मंदी से होने वाले नुकसान को अपने व्यापार को कैसे बचाया जाए एवं अपने व्यापार में मुनाफे को कैसे सुरक्षित रखा जाए, इसके बारे में जानकारी दी गई।

# मप्र में कोरोना के 2 केस, जेएन-1 वैरिएंट एक्टिव

### भोपाल के सरकारी अस्पतालों में जांच के लिए आरटीपीसीआर किट उपलब्ध नहीं



भोपाल । कोरोना के मामले फिर सामने आने लगे हैं। इंदौर में 2 एक्टिव केस हैं, जबकि दिल्ली से केरल तक 314 मामले सामने आ चुके हैं। इस स्थिति में भी प्रदेश की राजधानी के सरकारी अस्पतालों में कोरोना की पहचान के लिए जरूरी आरटीपीसीआर जांच की व्यवस्था नहीं है। केवल एम्स ही ऐसा है, जिसमें जांच के लिए किट उपलब्ध हैं।

बीते एक सप्ताह में सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में कोरोना जैसे लक्षणों वाले मरीजों की संख्या 15 फीसदी तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कोरोना के जेएन-1 वैरिएंट है, जो तेजी से फैल रहा है। लोगों को खुद को सुरक्षित रखने के लिए कोरोना की आदतों को फिर अपनाने की जरूरत है।

### निजी में 900 से 1200 रुपए में हो रही जांच

राजधानी में आरटीपीसीआर जांच के लिए जब निजी जांच केंद्र पर फोन कर पूछताछ की गई तो पहली बार में किसी ने भी जांच हो पाएगी या नहीं, यह जानकारी नहीं दी। सभी ने 10 से 15 मिनट में कॉल बैक कर अपडेट करने की बात कही। बता दें, कुल 5 लैब में कॉल किया गया लेकिन जवाब में सिर्फ तीन लैब से कॉल बैक आया। सभी ने दो दिन में रिपोर्ट आने की बात कही और जांच के लिए 900 रुपए, 1050 रुपए और 1200 रुपए चार्ज बताया है।

### कोविड-19 डेशबोर्ड 5 दिन से नहीं हुआ अपडेट

केंद्रीय मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर का कोविड-19 डैश बोर्ड आखरी बार 19 मई 2025 की सुबह 8 बजे अपडेट किया गया था। तब तक के आंकड़ों के अनुसार देश में 257 कोरोना के एक्टिव मामले थे। वहीं, अब तक कुल कोरोना के मरीजों में से 98.81% यानी 4 करोड़ 45 लाख 11 हजार 240 मरीज स्वस्थ हुए। जबकि 5 लाख 33 हजार 666 लोगों की इस बीमारी के कारण मौत हुई।

### वायरल बनकर लौट रहा कोरोना

राजधानी के रीजनल रेस्पिरेशन डिजीज इंस्टीट्यूट और जेपी अस्पताल की ओपीडी में आने वाले 15 फीसदी मरीजों में कोरोना जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं। रीजनल रेस्पिरेशन डिजीज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. पराग शर्मा बताते हैं कि इन मरीजों में बुखार, गंध-स्वाद का चले जाना, बदन दर्द, खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। यह लक्षण 2020 की कोविड लहर की याद दिलाते हैं। हालांकि, बीमारी 7 से 10 दिन में ठीक भी हो रही है। कुछ मरीजों को जरूर भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है।

# सीबीआई और कस्टोडियन विभाग करे संपत्तियों की संयुक्त जांच

### - भोपाल में महज एक शत्रु संपत्ति, इंदौर में शून्य, मंडला में डेढ़ सौ से ज्यादा

भोपाल। शत्रु संपत्तियों के मामले प्रदेश के 55 जिलों की जिलेवार उपलब्ध कराई जानकारी से शत्रु सम्पत्तियों के मामले में भारी लीपापोती का आभास होता है। यह आरोप लगाते हुए क्रिएशन एंड प्रोजेक्शन डॉट.कॉम के संचालक और समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने प्रदेश की शत्रु सम्पत्तियों की जांच सीबीआई एवं कस्टोडियन विभाग की संयुक्त टीम से कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, कस्टोडियन विभाग नई दिल्ली कस्टोडियन विभाग मुम्बई, मुख्य सचिव मप्र शासन, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग मप्र शासन एवं कलेक्टर भोपाल को पत्र लिखा है।

श्री अग्निहोत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि म.प्र. शासन द्वारा शत्रु सम्पत्तियों के विषय में माह फरवरी-2025 में मध्यप्रदेश के 55 जिलों के जिला प्रशासन से शत्रु सम्पत्ति विषयक जानकारी की रिपोर्ट बुलाई गई। इन 55 जिलों की शत्रु सम्पत्ति विषयक जानकारी 83 पृष्ठों में एकत्रित की गई। इसमें भोपाल जिले में मात्र 1 शत्रु सम्पत्ति, इंदौर, रायसेन, बुरहान में कोई शत्रु सम्पत्ति नहीं बतायी गई। जबकि आदिवासी जिलों मण्डला में 163 शत्रु सम्पत्तियाँ, बैतूल में 98 शत्रु सम्पत्तियाँ, डिंडोरी में 63 शत्रु सम्पत्तियाँ बताई गई। भोपाल के मामले में ऐसा लगता है कि तत्कालीन प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, श्रीमती माला श्रीवास्तव द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर में प्रस्तुत रिपोर्ट में आबिदा सुल्तान एवं आफताब जहां बेगम के नाम पर जो सैकड़ों एकड़ सम्पत्तियां बताई गई है, उसको शत्रु सम्पत्ति की जांच में क्यों नहीं माना जा रहा है। भोपाल नवाब परिवार से मर्जर एग्रीमेंट की मूलप्रति क्यों नहीं मांगी जा रही है? मध्यप्रदेश में एवं विशेषकर भोपाल रियासत क्षेत्र में शत्रु सम्पत्तियों की मामले में प्रदेश शासन को 55 जिलों से जिलेवार प्रदाय की गई शत्रु सम्पत्तियों के मामले में लगता है कि भारी लीपा-पोती की गई है।

# सरकारी कर्मचारी निजी अस्पताल में करा सकेंगे इलाज

### प्रदेश के 50 से ज्यादा हॉस्पिटल सूचीबद्ध, मनमानी वसूली पर रद्द होगी मान्यता

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने शासकीय कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए इलाज को और अधिक सुलभ और रियायती बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। अब प्रदेश के 50 से अधिक निजी अस्पतालों को मनोनीत सूचीबद्ध अस्पताल घोषित किया गया है। यहां सरकारी कर्मचारी सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) की पैकेज दरों पर उपचार ले सकेंगे।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, इन अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन से लेकर ऑपरेशन, दवाएं, जांच, आईसीयू, डॉक्टर फीस, फिजियोथेरेपी और नर्सिंग सेवाएं तक सभी शुल्क पैकेज में शामिल होंगे। अस्पतालों को अलग से दवा या उपकरण बेचने की अनुमति नहीं होगी। इलाज के बाद कर्मचारी को शासन द्वारा तय प्रारूप में बिल देना अनिवार्य होगा। इस सूची में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शाजापुर, कटनी, हरदा, बैतूल, विदिशा, होशंगाबाद जैसे शहरों के प्रतिष्ठित अस्पताल शामिल हैं।

### इन सेवाओं का मिलेगा लाभ

जनरल मेडिसिन, सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, रेडिएशन और मेडिकल ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, स्त्री-रोग, ईएनटी, दंत शल्य चिकित्सा, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, पॉलिट्रोमा और डायलिसिस जैसी सेवाएं अस्पतालों में उपलब्ध होंगी।

### अस्पतालों पर होगी निगरानी

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अस्पताल सीजीएचएस दर से अधिक शुल्क वसूलता है या सेवा मानक में कमी पाई जाती है, तो उसकी मान्यता बिना सूचना के तत्काल रद्द कर दी जाएगी। कार्डियक सर्जरी जैसे मामलों में कैथ लैब, आईसीसीयू, विशेषज्ञ डॉक्टर और ब्लड बैंक जैसी सुविधाएं अनिवार्य होंगी।

### इन अस्पतालों के नाम शामिल



प्रमुख नामों में लक्ष्या मल्टी स्पेशियलिटी, पीपुल्स जनरल हॉस्पिटल, बंसल, रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज, सीएचएल ट्रस्ट, श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट, भंडारी हॉस्पिटल, कृष मेमोरियल, आईटीएम ग्वालियर, आदित्य सुपर स्पेशियलिटी, श्री बालाजी हॉस्पिटल और विंध्य हॉस्पिटल जैसे सेंटर शामिल हैं।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# केरल पहुंचा मानसून...मप्र में 15-16 जून को एंट्री

## मंडला-बालाघाट समेत 9 जिलों से सबसे पहले दस्तक; ग्वालियर-चंबल संभाग में देर लगेगी

भोपाल। देश में मानसून ने दस्तक दे दी है। शनिवार को मानसून केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय से 8 दिन पहले पहुंचा है। मध्यप्रदेश में भी मानसून 15-16 जून तक एंटर हो सकता है। इससे पहले प्री मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी मंडला, सिवनी, डिंडौरी, बालाघाट, अनूपपुर, बुरहानपुर, पांढुर्णा, बैतूल, बड़वानी के रास्ते से मानसून दस्तक देगा। ग्वालियर-चंबल में सबसे लेट 25 जून तक पहुंचेगा। भोपाल, इंदौर में यह 20 से 22 जून के बीच आ सकता है।

बता दें कि प्रदेश में मानसून के आमद की सामान्य तारीख 15 जून है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से यह 18 से 22 जून के बीच ही पहुंच रहा है। पिछले साल यानी 2024 में मानसून की 21 जून को एंट्री हुई थी। यह 6 दिन देरी से प्रदेश में पहुंचा था। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर




जिले में प्रवेश किया था। इस बार भी इन्हीं जिलों से मानसून के आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि इस बार मानसून ने 8 दिन पहले ही देश में दस्तक दी है। इससे पहले 2009 को भी मानसून 23 मई को पहुंच गया था। फिलहाल मानसून के आगे बढने की स्थिति ठीक है। मध्यप्रदेश में इस बार भी समय से पहले या समय पर इसके दस्तक देने की स्थिति बन रही है।

### इस बार बारिश के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद

प्रदेश में इस बार मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है। अनुमान के मुताबिक 104 से 106 प्रतिशत यानी औसत 38-39 इंच बारिश हो सकती है। जबलपुर-शहडोल संभाग में सबसे ज्यादा पानी गिरेगा। ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग में भी कोटा फुल हो सकता है। साल 2023 में प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई थी, लेकिन 2024 में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 44 जिलों में कोटे से ज्यादा बारिश हुई थी। नतीजा ये रहा है कि सोयाबीन का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 2 क्विंटल तक बढ़ गया था। वहीं, गेहूं-चने के लिए भी पानी पर्याप्त गिरा था। मई के आखिरी में मौसम विभाग एक और अपडेट जारी करेगा। इसमें बारिश को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी। अप्रैल में हुए मानसून फोरकास्ट में कहा था कि जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा।

## पुलिस अधिकारियों को आईपीएस बनने के लिए 28 साल का इंतजार

भोपाल। देश में मध्य प्रदेश पहला राज्य है। यहां के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस बनने के लिए 28 साल का इंतजार करना पड़ रहा है। जबकि कर्नाटक में 2012 बैच के अधिकारियों को आईपीएस में पदोन्नति मिल चुकी है। मध्य प्रदेश में 1997 बेच के अधिकारी प्रतीक्षा सूची में बने हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश में 1997 बैच हिमाचल में 2000 का बैच दिल्ली में 2001का बैच तमिलनाडु में 2002 का बैच महाराष्ट्र में 2004 का बैच उत्तराखंड में 2005 का बैच तथा पश्चिम बंगाल में 2009 के बैच तेलंगाना, गुजरात और आंध्र प्रदेश में 2010 तथा कर्नाटक के राज्य पुलिस सेवा के 2012 बैच के पुलिस अधिकारियों को आईपीएस संवर्ग के लिए पदोन्नति मिल रही है।

मध्य प्रदेश में निर्धारित समय पर काडर का रिव्यू नहीं होने के कारण अन्य राज्यों की तुलना में यह असंतुलन बढ़ता ही जा रहा है। मध्य प्रदेश के राज्य सेवा के पुलिस अधिकारियों में पदोन्नति को लेकर नाराजी देखने को मिल रही है। म। प्र। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को 25 वर्ष से अधिक सेवा करने के बाद केवल एक पदोन्नति मिल पा रही है। मध्य प्रदेश में पुलिस का स्ट्रक्चर पूरी तरह से गड़बडडाया हुआ है। जिसके कारण राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी अन्य राज्यों की तुलना में बहुत पीछे चल रहे हैं। अन्य राज्यों मे समय-समय पर केडर रिव्यू हो जाने के कारण समय-समय पर पदों में वृद्धि होती है। मध्य प्रदेश इस मामले में सबसे पिछड़ा हुआ राज्य है। मध्य प्रदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के अधिकारियों को आईएएस का अवार्ड मिल चुका है। वहीं 1997 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस का अवार्ड नहीं मिल पाया है। जबकि दोनों संवर्ग में एक साथ नियुक्ति हुई थी।

## अब 94 हजार छात्रों को बंटेंगे लैपटाप

**- और 4 हजार होनहार विद्यार्थी बढ़े...**

भोपाल। प्रदेश सरकार कक्षा 12वीं में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप के लिए राशि देती है । इस बार पूरे प्रदेश में गत वर्ष की तुलना में 4 हजार ज्यादा विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। गत वर्ष 90 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि दी गई थी, जो अब बढकर 94 हजार तक पहुंच गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 12वीं का परिणाम बेहतर रहा। इस बार 94 हजार विद्यार्थियों ने 75 फीसदी या इससे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों की स्कूल संख्या के अनुसार जानकारी प्रस्तुत की जाए। इंदौर जिले में 95 हायर सेकंडरी स्कूल हैं। इनमें गत वर्ष 4500 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25 हजार रुपए की राशि प्रत्येक के बैंक खाते में भेजी गई थी। इसी प्रकार गत वर्ष 157 विद्यार्थियों को स्कूटी की राशि भी दी गई थी। इस वर्ष स्कूटी के 150 और लैपटॉप योजना में 5 हजार विद्यार्थी संख्या पहुंचने का अनुमान है। फिलहाल स्कूल स्तर पर डाटा कलेक्शन किया जा रहा है। स्कूल स्तर पर विद्यार्थी के बैंक का डाटा, आईएसएफसी कोड, बैंक शाखा आदि की जानकारियां पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। गत वर्ष सत्र पूरा होने के अंतिम दौर में विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी की राशि दी गई थी। इस बार जुलाई में ही राशि देने के प्रयास किया जा रहे हैं, इसीलिए लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ही जारी हो गए हैं।



## चित्रकूट में 750 करोड़ के फंड का घोटाला

### कांग्रेस ने लगाए आरोप तीर्थस्थल पर रिसॉर्ट, सामुदायिक भवन में हो रही नशाखोरी

भोपाल। भोपाल में कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि चित्रकूट में विकास और नमामि गंगे परियोजना के नाम पर दिए गए करोड़ों रुपए गलत तरीके से खर्च किए गए हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकार ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण को 750 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन इनका सही उपयोग नहीं हुआ।

नायक ने बताया कि 37 करोड़ रुपए खर्च कर एक सामुदायिक भवन बनाया गया, ताकि वहां सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो सकें। लेकिन यह भवन ऐसी जगह बनाया गया जो संस्थान की जमीन से दूर है। अब वहां कोई कार्यक्रम नहीं होते, बल्कि वह जगह नशा करने वालों का अड्डा बन गई है।

आरोग्यधाम में निजी क्लिनिक और बर्थडे पार्टी

उन्होंने बताया कि चित्रकूट में 47 एकड़ में बने आरोग्यधाम को आयुर्वेद रिसर्च सेंटर के तौर पर तैयार किया गया था। लेकिन अब वहां एलोपैथिक डॉक्टर, मेडिकल स्टोर और निजी क्लिनिक चल रहे हैं। इतना ही नहीं, इसे एक रिसॉर्ट की तरह किराए पर दिया जा रहा है, जहां बर्थडे पार्टी जैसे निजी आयोजन हो रहे हैं।




#### नदी सफाई के पैसे निजी संस्थान को दे दिए

मुकेश नायक ने बताया कि मंदाकिनी नदी की सफाई के लिए सरकार ने 37 करोड़ रुपए मंजूर किए थे। लेकिन इनमें से 30 करोड़ रुपए सीधे एक निजी संस्थान को दे दिए गए।

उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार किसी निजी संस्थान की जमीन और सुविधाओं पर विकास प्राधिकरण का पैसा कैसे खर्च कर सकती है? उन्होंने यह भी कहा कि गोशाला के लिए मिले फंड का भी दुरुपयोग हुआ है। गोशाला बंद पड़ी है और वहां खाना-पीना चल रहा है। वहीं टाटा ट्रस्ट से मिले पैसे का बड़ा हिस्सा एलोपैथिक केंद्र पर खर्च हो चुका है। नायक ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने रामपथ गंगा योजना के लिए 2000 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन इन पैसों का कोई हिसाब नहीं है। उन्होंने महाकाल लोक और ओंकारेश्वर लोक परियोजनाओं पर भी सवाल उठाए और कहा कि नमें लगी मूर्तियां मामूली हवा से भी गिर जाती हैं।

## मप्र की राजनीति में दिखेगा आरएसएस बनाम सेवादल

भोपाल। नए सिरे से जमीन तैयार करने के लिए मध्य प्रदेश के विदिशा से शुरू हो रहे राहुल गांधी के पायलट प्रोजेक्ट में सेवाभाव को लेकर सियासी एंट्री हुई है। भाजपा ने प्रोजेक्ट पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए सवाल उठाए हैं कि आरएसएस की तोड़ के लिए कांग्रेस सेवादल और इसके जरिए सेवा के कैंप व शिविर लगाने का प्रोजेक्ट लेकर आई थी। इस नई प्लानिंग का हाल भी सेवादल की तरह होगा। वहीं कांग्रेस ने भाजपा को सेवादल के सेवाभाव को सीखने और अगले चुनावों में सियासी जमीन बचा पाने को लेकर नसीहत दी है।

मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर गुप्ता ने राहुल गांधी के विदिशा प्रोजेक्ट पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा- राहुल गांधी के बारे में क्या जहा जाए। आलू से सोना और सोना से आलू बनाते हैं। क्या कहेंगे और क्या करेंगे, ये राहुल गांधी को ही नहीं पता लगता। कांग्रेस के दिमाग में न क्षेत्र, न देश का विकास और न ही गरीबों के कल्याण की भावना है। ऐसे प्रोजेक्टस का ही परिणाम है कि कांग्रेस एक-दो प्रान्त तक सिकुड़ गई है। आरएसएस की तर्ज पर सेवादल बनाने, कैम्प लगाने, शिविर लगाने का क्या हुआ। सेवा के लिए दिल में भावना, डेडीकेशन और राष्ट्र के प्रति समर्पण होना जरूरी है।

### अगले चुनाव में भाजपा को समझ आ ही जाएगा

वहीं पूर्व गृहमंत्री के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल का कहना है कि सेवादल की सेवा भावना अद्भुत है। सेवादल जन सेवा में जुटा हुआ है। सेवादल की इस सेवा को भाजपा समझे तब तो उसे पता चले। वैसे ही राहुलजी का पायलट प्रोजेक्ट क्या है यह अगले चुनाव में भाजपा को अच्छे से समझ आ ही जाएगा। विधानसभा और लोकसभा चुनाव कांग्रेस एक तरफा फतह करेगी।

## शहरों के बीचों बीच जंगल बनाने की तैयारी

भोपाल। शहरों में बढ़ती आधारभूत संरचनाओं ने हरियाली पर कटौती की है। जिसका परिणाम मौसम और तापमान में बढ़ोत्तरी पर देखा जा रहा है। वहीं शहरों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। अब मध्य प्रदेश सरकार ने शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए ऑक्सीजन पार्क बनाने की तैयारी कर रही है। जहां सघन पौधरोपण किया जाएगा। एक ही स्थान पर यहां 50 से 70 हजार पेड़-पौधे होंगे। इससे जहां आसपास का वातावरण स्वच्छ रहेगा, वहीं बड़ी संख्या में इन पेड़ों से लोगों को ऑक्सीजन भी मिलेगी।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप संचालक बीडी भूमरकर ने बताया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के तहत ऑक्सीजन पार्क तैयार करने के लिए प्रदेश के 7 शहरों का चयन किया गया है। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, सतना और उज्जैन शहर शामिल हैं।

## कांग्रेस अब जांच-परखकर बनाएगी पदाधिकारी

### छवि सुधार के लिए इंटरव्यू पैटर्न का तरीका अपनाएगी पार्टी

भोपाल। मध्यप्रदेश में कांग्रेस संगठनात्मक मजबूती के लिए जिम्मेदारियों को तय करने को लेकर एक के बाद एक बड़े बदलाव कर रही है। दरअसल, कांग्रेस में अंदरूनी खेमों की सियासत, परिवारवाद के साथ पट्ठावाद के कई आरोप लगते रहे हैं। अक्सर ऐसे मामलों में असंतुष्ट नेताओं का हंगामा और पार्टी के खिलाफ विरोधाभास भी खुलकर सामने आते हैं।

अब पार्टी अपनी छवि सुधार के लिए इंटरव्यू पैटर्न का तरीका अपनाएगी। इसकी शुरुआत भी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति से होगी। नई व्यवस्था के चलते पारदर्शिता के लिए केंद्रीय संगठन से एक टीम प्रत्येक जिले में भेजेगा। टीम सभी जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर लोगों से संबंधित दावेदार की फीडबैक लेगी। जरूरी नहीं कि सिर्फ दावेदार को ही जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी जाए, टीम अपने स्तर पर ही पार्टी विचारधारा के कार्यकर्ता का चुनाव कर सकेगी।

#### जिलाध्यक्ष पद के लिए देना होगा इंटरव्यू

ऐसे नामों का सूची टीप लगाकर केंद्रीय संगठन को भेजी जाएगी। इसके बाद संबंधित दावेदार को कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। तब साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रदेश प्रभारी, केंद्रीय पैनल के सामने जिलाध्यक्ष पद के लिए इंटरव्यू देना होगा। फिर नाम पर प्रदेश संगठन का अभिमत लिया जाएगा और नियुक्ति का अंतिम अधिकार एआईसीसी को होगा। अगले माह जून से प्रदेश के सभी जिलों में एआईसीसी की टीम इस प्रक्रिया में जुटेगी।

#### टीम में होंगे अनुभवी नेता

इस टीम में अनुभवी नेताओं को रखा जाएगा। जिन्हें जिलों में संबंधित दावेदार की पकड़, संगठन में तालमेल के साथ जातिगत समीकरणों का तगड़ा अनुभव होगी। जिलों में दौरे के बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठकों के दौर भी शुरू होगा। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता फिरोज सिद्दीकी ने बताया कि संगठन की मजबूती के लिए हर तरह के कदम बढ़ाए जा रहे हैं। कई प्लानिंग पर अमल किया जा रहा है। कांग्रेस में उसी की जिम्मेदारी मिलेगी जो काबिल होगा।

#### जमीनी स्तर पर काम शुरू

मप्र कांग्रेस कमेटी ने पिछली हार से सबक लेते हुए चुनाव से साढ़े तीन साल पहले ही जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बनाए पायलट प्रोजेक्ट पर सबसे पहले मप्र में काम शुरू हुआ है। इसमें ब्लॉक कमेटी की तर्ज पर पंचायत और मोहल्ला कमेटियों का गठन, बूथ लेवल पर टीम बनाना, कांग्रेस के पुराने और कोर कार्यकर्ताओं से घर जाकर संपर्क करना, और वोटर लिस्ट का रिव्यू करना शामिल है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने इसके लिए चुनाव के लिहाज से सबसे मुश्किल जिला विदिशा को चुना है, जहां लगातार भाजपा जीतती रही है। यहां बीते तीन दिन से संगठन महामंत्री संजय कामले ने 150 कार्यकर्ताओं के साथ डेरा डाला हुआ है। इसके पहले दिग्विजय सिंह सरकार में संगठन प्रभारी महेश जोशी ने इसी प्रकार फील्ड में काम किया था। विदिशा जिले में जो 150 कार्यकर्ता अभी काम कर रहे हैं, उनमें से 75 कार्यकर्ता पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए हैं। इनमें 20 महिलाएं भी शामिल हैं। अब तक इस टीम ने जिले की चार विधानसभा- विदिशा, शमसाबाद, सिरोंज और कुरवाई में काम शुरू कर दिया है। अब केवल बासौदा विधानसभा बची है।

## मोदी के मप्र दौरे से पहले शाह का हो सकता है इस्तीफा

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले फिर लिखा माफीनामा

भोपाल । भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताकर प्रदेश के जनजाति कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। खबर है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को प्रस्तावित मप्र दौरे से पहले शाह का इस्तीफा हो सकता है। हालांकि विवादित बयान मामले में शाह ने एक बार फिर अपने बयान पर माफी मांगी है। शाह ने एक नोट एवं वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने लिखा और कहा है कि 'ये मेरी भाषाई भूल थी। इसके लिए मैं बहन सोफिया कुरैशी और देशवासियों से माफी मांगता हूं।' इधर पार्टी शाह ने लिखा जयहिंद, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मैं मन से बहुत दुखी एवं विचलित हूं। मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर एवं सम्मान हमेशा रहा है, मेरे द्वारा कहे गए शब्दों से समुदाय, धर्म, देशवासियों को दुख पहुंचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी, मेरा आशय किसी भी धर्म, जाति एवं समुदाय को ठेस पहुंचाने, आहत करने का नहीं था। मैं भूलवश अपने द्वारा कहे गए शब्दों के लिए पूरी भारतीय सेना से, बहन कर्नल सोपिया से, एवं समस्य देशवासियों से, पूरी तरह से क्षमाप्रार्थी हूं और पुन: हाथ जोडक़र माफी मांगता हूं।

उल्लेखनीय है कि मंत्री विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के बाद मप्र उच्च न्यायालय के आदेश पर उन पर एफआईआर दर्ज की गई गई। शाह ने इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। सर्वोच्च न्यायालर्य ने उनकी माफी को नामंजूर कर उनके बयान को लेकर एसआईटी गठित कर जांच के आदेश दे दिए है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नियम तोडऩे पर होगी कार्रवाई

भोपाल। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सफारी व्यवस्था को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब नियमों की अवहेलना करने वाले गाइड और जिप्सी चालकों पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। पहले यह जुर्माना 500 रुपए था। टाइगर रिजर्व के पर्यटन अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। नये नियमों के तहत 2000 तक का जुर्माना किया जा सकता है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अपनी प्राकृतिक सुंदरता और बाघों के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है।

## मप्र में वक्फ की जमीन पर खेती करेंगे किसान

भोपाल । मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड को हाई कोर्ट जबलपुर से बड़ी राहत मिली है. मामले के अनुसार वक्फ बोर्ड की जिन जमीनों पर भूमाफिया कब्जा किए बैठे हैं, उन्हें इस जमीन को छोडऩा पड़ेगा. कोर्ट के फैसले के बाद अब वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्तियों की देखभाल और निश्चित आय बनाने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है. उद्देश्य यही है कि जरूरतमंदों को जमीन देकर उनसे निश्चित किराया वसूला जाएगा. इससे जमीन भी सुरक्षित रहेगी और आय भी होगी. साथ ही जरूरतमंद की माली हालत भी सुधरेगी.

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड की रणनीति के अनुसार कोर्ट का फैसला आने के बाद ये जमीन किसानों को लीज पर दी जाएगी. माना जा रहा है कि देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसान अब वक्फ की जमीन पर अन्न उगाएगा. इससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम बनेगा और वक्फ बोर्ड की आय बढ़ेगी. मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल का कहना है कि इस आय को गरीबों के लिए उपयोग में लाया जाएगा. अब तक जो जमीनें कृषि कार्य के लिए लीज पर दी जाती थीं, उस पर भूमाफिया कब्जा कर बैठ जाते थे।

#### भूमाफिया को खाली करनी होगी वक्फ की जमीन

वक्फ बोर्ड ने भूमाफिया के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका भी दायर की थी. कोर्ट ने वक्फ बोर्ड के हक में फैसला दिया. इसके बाद मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल ने कहा कि बोर्ड की जमीन किसानों को दी जाएगी. ये जमीन किसानों को पट्टा नियम अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ लीज पर कृषि कार्य के लिए दी जाएगी.

#### एमपी वक्फ बोर्ड की याचिका में क्या दलीलें

एमपी वक्फ बोर्ड ने याचिका में दो आपत्तियां उठाई गई थीं. पहली यह कि वक्फ बोर्ड के आदेश पर हस्ताक्षर करने वाली मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. फरज़ाना गज़ाल पूर्णकालिक सीईओ नहीं हैं, जोकि वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 23 के खिलाफ है. दूसरा यह कि 1994 के एक पुराने परिपत्र के अनुसार वक्फ संपत्ति की नीलामी केवल मुतवल्ली (देखरेख करने वाला संपत्ति की) द्वारा की जा सकती है, बोर्ड द्वारा नहीं।

## चुनाव आयोग पहली बार बीएलओ को दिल्ली बुलाकर दे रहा ट्रेनिंग

### - मुख्य चुनाव आयुक्त ने बदली पुरानी व्यवस्था

भोपाल। देश में सामान्यत: चुनाव आयोग, चुनावी गतिविधियों के समय ज्यादा सक्रिय रहता है। इस बार चुनाव आयोग ने प्रशिक्षण का लंबा कार्यक्रत तैयार दिया है,जिसके तहत देश भर के सभी बूथ अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण तो पहले भी दिए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार बूथ स्तर के अधिकारियों को दिल्ली बुलाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मप्र से भी कुछ विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अधिकारी दिल्ली से प्रशिक्षण लेकर लौट आए हैं। निकट भविष्य में मप्र के सभी 65100 बूथ अधिकारी प्रशिक्षण लेने जाएंगे।

बूथ स्तर के अधिकारियों के प्रशिक्षण पर होने वाला संपूर्ण व्यय चुनाव आयोग द्वारा किया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम न सिर्फ एक राज्य, बल्कि देश के सभी राज्यों के




बूथ स्तरीय अधिकारियों को अलग-अलग समय में प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम है। हालांकि अभी तक बूथ अधिकारियों को प्रशिक्षण जिला स्तर पर ही दिया जाता रहा है, लेकिन पहली बार चुनाव आयोग ने दिल्ली बुलाकर प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम बना है। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र राजेश कौल ने बताया कि बीएलओ का दिल्ली में प्रशिक्षण देना, चुनाव आयोग का कार्यक्रम है। खास बात यह है कि बूथ अधिकारियों का दिल्ली आने-जाने का किराया, रहने-ठहरने का बंदोबस्त चुनाव आयोग द्वारा ही किया जा रहा है। जिस पर भारी राशि खर्च होने की संभावना है। चुनाव आयोग के अनुसार बीएलओ को दिल्ली बुलाकर प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आने के बाद तय हुआ है।

#### अभी तक जिलों में होते रहे हैं प्रशिक्षण

बीएलओ को प्रशिक्षण में कोई विशेष बात नहीं सिखाई जाती है। 18 साल का होने पर भारतीय नागरिक का नया मतदाता पहचान पत्र बनाना। जगह बदलने या अन्य वजह से मतदाता का सूची नाम काटना या जोडऩा। निधन पर मतदाता सूची से नाम हटाना। इसके अलावा चुनावों के दौरान बूएलओ को अलग से प्रशिक्षण दिए जाते हैं। अभी तक ये प्रशिक्षण जिला या ब्लॉक स्तर पर दिए जाते रहे हैं। पहली बार है कि दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# शुभमन बने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टीम के नये उपकप्तान होंगे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए युवाओं पर भरोसा जताया है। इससे पहले माना जा रहा था कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी की जिम्मेदारी दी जाएगी। बुमराह के अलावा केएल राहुल भी कप्तानी के दावेदार थे। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद से ही माना जा रहा था कि भविष्य को देखते हुए बीसीसीआई शुभमन को कप्तान बनायगा और ये बात सही साबित हुई। भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, इसका पहला मैच 20 जून से लीड्स क्रिकेट स्टेडियम में होगा।



अगरकर ने कप्तान के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन टीम के कप्तान रहेंगे और ऋषभ पंत टीम के उपकप्तान। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि बुमराह सभी मैच के लिए उपलब्ध रह पायेंगे। राहुल के बारे में अगरकर ने कहा कि राहुल ने पहले कप्तानी की, लेकिन तब मैं वहां नहीं था। हम उम्मीद करते हैं कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। बुमराह के लिए फिट गेंदबाज के रूप में रहना अधिक महत्वपूर्ण है उनपर कप्तानी का अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जा सकता। अगरकर ने जोर देकर कहा कि कप्तान को एक-दो सीरीज के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय के लिए चुना जाता है। उन्होंने कहा कि आप कप्तान को एक-दो सीरीज के लिए नहीं चुनते, बल्कि दीर्घकालिक योजना बनाते हैं। हमें उम्मीद है कि शुभमन समय के साथ सीखेंगे।

वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास को लेकर उन्होंने कहा कि विराट ने अप्रैल में ही अपनी संन्यास की योजना को लेकर जानकारी दे दी थी। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल नहीं किये जाने को लेकर अगरकर ने कहा कि शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। इसलिए उन्हें शामिल नहीं किया गया है। हाल में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और आकाश दीप को शामिल किया गया है।

### इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

### टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम

13 जून- बेकेनहम में भारत बनाम इंडिया-ए

20 जून- लीड्स में भारत बनाम इंग्लैंड

2 जुलाई- बर्मिंघम में भारत बनाम इंग्लैंड

10 जुलाई- लॉर्ड्स में भारत बनाम इंग्लैंड

23 जुलाई- मैनचेस्टर में भारत बनाम इंग्लैंड

31 जुलाई- द ओवल में भारत बनाम इंग्लैंड

## आईपीएल 2025 में 9 बल्लेबाजों ने 500 से अधिक रन बनाए

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हर सीजन बल्लेबाजों ने रनों का अंबार लगाया है। 2025 सीजन में अब तक का रिकॉर्ड बना, जिसमें 9 बल्लेबाजों ने 500 से अधिक रन बनाए, जो टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की बढ़ती आक्रामकता को दिखाता है। इससे पहले, 2018 और 2023 में 8-8 खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की, जबकि 2013 और 2024 में 7-7 बल्लेबाजों ने 500 रन का आंकड़ा पार किया।

दरअसल 2025 सीजन में गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन 638 रन बना चुके हैं, जबकि कप्तान शुभमन गिल भी 500 से ऊपर रन बना चुके हैं। सूची में तीसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 583 रन बनाए हैं। मिशेल मार्श 560 रन के साथ चौथे पायदान पर है। 559 रन के साथ यशस्वी जायसवाल सूची में पांचवें नंबर पर हैं। जबकि निकोल्स पूरन 511 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। विराट कोहली भी 505 रन बना चुके हैं। केएल राहुल 504, जोस बटलर 500 रन बना चुके हैं।

वहीं आईपीएल के 2018 सीजन में केएल राहुल (659 रन), डेविड वॉर्नर, और क्रिस गेल जैसे खिलाड़ियों ने 500 से अधिक रन बनाए, जिसने उस सीजन को बल्लेबाजी के लिए यादगार बनाया। 2023 में गिल (890 रन) और कोहली (639 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 8 बल्लेबाजों ने 500 रन का आंकड़ा छुआ। इन सीजनों में बल्लेबाजों की निरंतरता और बड़े शॉट्स की रणनीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतना ही नहीं 2013 सीजन में माइकल हसी और कोहली (634 रन) जैसे खिलाड़ियों ने 500 प्लन रन बनाए, जबकि 2024 में कोहली (741 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (583 रन) ने ऑरेंज कैप की दौड़ में 7 बल्लेबाजों को मुकाम तक पहुंचाया।

## अभिषेक के छक्के से कार का कांच टूटा

लखनऊ। सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक अभिषेक शर्मा ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हुए मुकाबले में आक्रामक पारी खेली। अभिषेक ने एक ऐसा शॉट लगाया कि गेंद सीधे ही एक कार पर जा लगी जिससे उसकी विंडशील्ड टूट गयी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। ये कार आईपीएल प्रायोजक टाटा की नई कार है जिसे मैदान के बाहर प्रदर्शन के लिए रखा गया था। कार सीमा रेखा से काफी दूर थी पर अभिषेक का शॉट इतना तेज था कि गेंद उस तक पहुंच गयी। मैच के दूसरे ही ओवर में अभिषेक ने भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर हवा में एक बड़ा शॉट खेला जिसके बाद गेंद सीधे उछलकर कार की विंडशील्ड पर लग गयी। इस मैच में हैदराबाद की ओर से अभिषेक और हेड ने तेजी से शुरूआत की। अभिषेक ने इस मैच में 17 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्के लगाकर 34 रन बनाये। वहीं हेड 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हुए।

## चेतेश्वर पुजारा ने चुनी ऑल टाइम इंडिया टेस्ट इलेवन

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम इंडिया टेस्ट इलेवन का ऐलान किया है। पुजारा ने इस टीम में देश के दिग्गज क्रिकेटरों को शामिल किया है, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन किए हैं। उन्होंने यह टीम एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान साझा की। ओपनिंग के लिए पुजारा ने सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग को चुना है। उन्होंने कहा कि दोनों का खेल एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत है गावस्कर शांत और संयमित, जबकि सहवाग आक्रामक और बेखौफ बल्लेबाज। नंबर तीन पर पुजारा ने खुद को नहीं, बल्कि राहुल द्रविड़ को रखा और यह स्वीकार किया कि द्रविड़ उनसे बेहतर खिलाड़ी रहे हैं। द्रविड़ को उन्होंने भारतीय क्रिकेट की दीवार बताते हुए सम्मान दिया।



मिडिल ऑर्डर में चौथे नंबर पर सचिन तेंदुलकर, पांचवें पर विराट कोहली और छठे पर वीवीएस लक्ष्मण को रखा गया है। पुजारा ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों की स्थिति उनके डेब्यू क्रम के आधार पर तय की है। उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका को 'कम सराहे गए लेकिन अहम' बताया। गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो पुजारा ने दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। स्पिन विभाग में अनिल कुंबले और आर अश्विन को चुना गया, जबकि तेज गेंदबाजी के लिए कपिल देव, जहीर खान और जसप्रीत बुमराह को जगह दी गई। बुमराह का चयन थोड़ा चौंकाने वाला था, क्योंकि उन्होंने अभी तक केवल 45 टेस्ट खेले हैं, लेकिन पुजारा का मानना है कि वे ऑल टाइम ग्रेट्स में गिने जा सकते हैं।

विकेटकीपर के तौर पर पुजारा ने राहुल द्रविड़ का नाम लिया ताकि उन्हें एक अतिरिक्त खिलाड़ी शामिल करने का विकल्प मिल सके। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी विशेषज्ञ की बात करें, तो वह एमएस धोनी को चुनते। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भविष्य में ऋषभ पंत इस स्थान के प्रबल दावेदार हो सकते हैं। इस तरह पुजारा की यह टेस्ट इलेवन अनुभवी और आधुनिक सितारों का संतुलित मिश्रण है।

चेतेश्वर पुजारा ऑल टाइम टेस्ट इलेवन - सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, वीवीएस लक्ष्मण, आर अश्विन, कपिल देव, अनिल कुंबले, जहीर खान, जसप्रीत बुमराह

## आरबीसी के खिलाफ सबसे अधिक छक्के लगाने वाले क्लब में पहुंचे ईशान

मुम्बई। सनराजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए बल्लेबाज ईशान किशन ने आईपीएल में एक नया रिकार्ड बनाया है। ईशान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के क्लब में शामिल हो गये हैं। आरसीबी के खिलाफ सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी शीर्ष पर हैं। धोनी ने आरसीबी के खिलाफ अब तक सबसे अधिक 50 छक्के लगाए हैं, जो इस मामले में रिकॉर्ड है। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर 44 छक्कों के साथ दूसरे और दिल्ली कैपिटलस के केएल राहुल 43 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं आंद्रे रसेल और रोहित शर्मा ने संयुक्त रूप से 38-38 छक्के लगाए हैं। अब इस सूची में ईशान भी शामिल हो गये हैं। ईशान के नाम 32 छक्के हैं। ईशान ने 14 मैच में ही ये आंकड़ा हासिल किया है।

## आईपीएल 2025 : सबसे ज्यादा छक्के लगें राशिद खान की गेंदों पर

नई दिल्ली। इस समय आईपीएल 2025 अपने पूरे शबाब पर हैं, प्लेऑफ की चारों टीमें लगभग तय हो चुकी हैं। यह सीजन बल्लेबाजों के लिए काफी धमाकेदार रहा है। चौकों-छक्कों की बारिश ने गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली, और कई नामी गेंदबाज रन लुटाने में सबसे आगे नजर आए। इस सीजन कुछ गेंदबाज ऐसे रहे, जिन्हें बल्लेबाजों ने निशाना बनाकर सबसे ज्यादा छक्के जड़े। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि टॉप पर अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का नाम है। राशिद खान ने इस सीजन सबसे ज्यादा 28 छक्के खाए हैं। गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे राशिद की सबसे ज्यादा धुलाई लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ हुई थी। मिशेल मार्श और निकोलस पूरन ने उन्हें बुरी तरह निशाना बनाया, जिसके चलते वह अपने चार ओवर भी पूरे नहीं कर सके। महज दो ओवर में ही उन्होंने 36 रन दे दिए।



छक्के खाने वालों की सूची में दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज खलील अहमद हैं। उन्होंने इस सीजन 13 मैचों में 14 विकेट तो लिए, लेकिन रन रोकने में पूरी तरह नाकाम रहे। खलील ने अब तक 26 छक्के झेले हैं और उनकी गेंदबाजी में निरंतरता की कमी साफ नजर आई। तीसरे स्थान पर लखनऊ के स्पिनर रवि बिश्नोई हैं। उन्होंने इस सीजन 25 छक्के खाए हैं। उनका प्रदर्शन इस बार उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और वह बल्लेबाजों को दबाव में नहीं ला सके।

'बेबी मलिंगा' कहे जाने वाले मथीशा पथिराना भी इस लिस्ट में शामिल हैं। श्रीलंकाई गेंदबाज पथिराना ने अब तक 23 छक्के खाए हैं और चेन्नई के लिए यह सीजन उनके लिए कुछ खास नहीं रहा। हालांकि चेन्नई का एक मुकाबला अभी बाकी है, जिससे यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। इस सूची में आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज युजवेंद्र चहल भी हैं। उन्होंने इस सीजन 12 मैचों में 14 विकेट लिए, लेकिन वह भी छक्के खाने से नहीं बच सके। चहल ने अब तक 21 छक्के झेले हैं और वह इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। इस सीजन की ये लिस्ट दिखाती है कि बड़े नाम वाले गेंदबाज भी आईपीएल 2025 में बल्लेबाजों के कहर से नहीं बच सके।

## रोहित-विराट के बगैर भी भारतीय टीम मजबूत

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के दौरे पर अगले महीने जाने वाली है। इसकी खास वजह ये है कि टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं होंगे क्योंकि इन दोनों ही दिग्गज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का मानना ??है कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी के बावजूद भारत मजबूत होगा। भारत के पास बड़ी संख्या में वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं।



बेन स्टोक्स 20 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज में घरेलू टीम की अगुआई करेंगे। दिसंबर में बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी के बाद टीम में वापसी कर रहे 33 साल के स्टोक्स ने कहा कि कोहली के रूप में भारत को मैदान पर कड़ी चुनौती पेश करने वाले और प्रतिस्पर्धात्मक खिलाड़ी की कमी खलेगी। स्टोक्स ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि भारत के बारे में एक बात यह है कि उनके पास स्तरीय बल्लेबाजों की बड़ी संख्या है, यह अविश्वसनीय है।

स्टोक्स ने कहा कि शुरुआती टेस्ट में भारत को दबाव में लाने की जिम्मेदारी उनके गेंदबाजों पर होगी। उन्होंने कहा कि हम हमेशा टेस्ट मैच की शुरुआत में विपक्षी टीम को आउट करने की कोशिश करते हैं और फिर देखते हैं कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, हम कैसे खुद को ढालते हैं। मुझे पता है कि भारत ने दो बड़े संन्यास का सामना करना पड़ा है। वे भारतीय टीम और उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा रहे हैं। कोहली की प्रतिस्पर्धी होने की क्षमता ने पिछले कुछ सालों में टीम की सफलता में बहुत योगदान दिया है।

स्टोक्स ने आगे कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से मैदान पर उनकी कमी महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को शायद मैच में उनकी मैदान पर कड़ी चुनौती पेश करने की क्षमता, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता, जीतने की इच्छा की कमी खलेगी। उन्होंने नंबर 18 जर्सी को अपना बना लिया है, है ना? स्टोक्स ने कहा कि इसलिए हमने किसी भी भारतीय शर्ट के पीछे नंबर 18 नहीं देखा है। उनके खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक होगा क्योंकि हम दोनों एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं, हम दोनों की मैदान पर एक जैसी मानसिकता होती है।

## एंजेलो मैथ्यूज कहेगें टेस्ट क्रिकेट को अलविदा, सफेद गेंद में खेल जारी रखेंगे

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट के दिग्गज ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 37 वर्षीय मैथ्यूज जून में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के साथ अपने टेस्ट करियर का अंतिम मुकाबला खेलेंगे। यह मुकाबला 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा। हालांकि, मैथ्यूज सफेद गेंद के प्रारूप यानी वनडे और टी20 क्रिकेट में अपने करियर को आगे बढ़ाते रहेंगे।

मैथ्यूज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप, टेस्ट क्रिकेट से विदा लूं। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट मेरे अंतरराष्ट्रीय टेस्ट करियर का आखिरी मैच होगा। मैथ्यूज ने आगे लिखा कि अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी टेस्ट क्रिकेट में कमान संभाले। मैं सिर्फ सफेद गेंद क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहूंगा।

मैथ्यूज के टेस्ट करियर पर एक नजर डाले को उनका टेस्ट करियर शानदार रहा है। उन्होंने 2009 में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी और अब तक 118 टेस्ट मैचों में 8167 रन बना चुके हैं। वह श्रीलंका की टेस्ट क्रिकेट की इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे आगे केवल कुमार संगकारा (12400 रन) और माहेला जयवर्धने (11814 रन) हैं। उनके करियर में 14 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। मैथ्यूज एक उपयोगी मध्यम गति के गेंदबाज भी रहे हैं, जिन्होंने टेस्ट में 33 विकेट झटके हैं।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने मैथ्यूज के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें श्रीलंका क्रिकेट का असली सेवक बताया। बोर्ड ने कहा, 17 वर्षों तक आपके नेतृत्व, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन ने हमें गौरवान्वित किया है। टेस्ट क्रिकेट में आपकी यादगार पारियां और जुनून ने कई युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया है।

## अर्शदीप को इस खूबी के कारण मिली इंग्लैंड दौरे के लिए जगह

मुम्बई। पिछले कुछ समय से शानदार प्रदर्शन कर रहे बांए हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इंग्लैंड दौरे के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी की जगह शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति के अनुसार शमी पूरी तरह से अभी फिट नहीं हैं। ऐसे मे अर्शदीप जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। अर्शदीप को टीम में जगह मिलने का कारण लगातार अच्छा प्रदर्शन करना रहा है। जब उन्हें अवसर मिला है उन्होंने अपने को साबित किया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज होने का भी उन्हें लाभ मिला है इससे तेज गेंदबाजी आक्रमण को संतुलन मिलता है। वह ड्यूक्स गेंद के साथ दोनों तरफ स्विंग कराने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में इंग्लैंड के हालातों में जहां स्विंग गेंदबाजी मैच की दिशा तय करती है अर्शदीप काफी फायदेमंद हो सकते हैं। उनकी गेंदबाजी में विविधता से भी बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान नहीं होता। साल 2023 में अर्शदीप ने काउंटी चैंपियनशिप में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच मैच में 13 विकेट लिए। इससे भी उन्हें वहां के हालातों का अधिक अंदाजा हुआ है। जिसके कारण माना जा रहा है कि वह टेस्ट सीरीज प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल सत्र में भी अबतक पंजाब किंग्स की ओर से काफी विकेट लिए हैं।

## सनराइजर्स से हारी आरसीबी, शीर्ष पर रहने की उम्मीदें कम हुई

लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए अपने अंतिम लीग मुकाबले में हार गयी। इससे उसके शीर्ष पर रहने की संभावना समाप्त कम हुई हैं। इस मैच में आरसीबी की ओर से विराट कोहली और फिल सॉल्ट ने शानदार पारियां भी टीम की हार के कारण बेकार हो गयीं। इस मैच में सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सहायता से तेज शुरुआत की पर दोनो ही बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। अभिषेक ने 34 जबकि ट्रेविस हेड ने 17 रन बनाकर। क्लासेन भी 24 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। ईशान किशन ने तेजी से खेलते हुए 48 गेंदों पर 7 चौके और पांच छक्के लगाकर 94 रन बनाये इस प्रकार सनराइजर्स ने 231 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी असफल रही। हैदराबाद की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 28 रन देकर 3 जबकि मलिंगा ने 2 विकेट लिए।

आरसी की शुरुआत तेज रहीं। सॉल्ट ने 32 गेंदों पर 62 रन बनाए जबकि विराट ने 25 गेंदों पर 43 रन बनाये। वहीं मयंक अग्रवाल, रोमोरियो शैफर्ड और जितेश शर्मा अधिक रन नहीं बना पाये। इस मैच में आरसीबी का मध्यक्रम असफल रहा। मयंक अग्रवाल 10 रन ही बना पाए वहीं रजत पाटीदार ने 16 गेंदों पर 18 रन बनाए।

## वेस्टइंडीज के मैथ्यू ने डिविलियर्स के रिकार्ड की बराबरी की

जमैका। वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 16 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। इसी के साथ ही मैथ्यू ने दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के सबसे तेजी से अर्धशतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। डिविलियर्स ने यह रिकॉर्ड साल 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने 16 गेंदों में पचास रन पूरे किये थे।

वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले में केसी कार्टी के 102 और फोर्ड के 19 गेंदों में 58 रनों की सहायता से 8 विकेट पर 352 रन बनाए हालांकि इसके बाद भी उसे बारिश की बाधा के कारण जीत नहीं मिल पायी। फोर्ड ने इस मैच में लगातार दो छक्के लगाकर सबसे तेजी से 50 रन बनाने के डिविलियर्स के रिकार्ड की बराबरी की। फोर्ड ने अपनी पारी की शुरुआत से ही छक्के लगाना शुरु किया। उन्होंने बैरी मैकार्थी की दूसरी गेंद पर ही छक्का लगा दिया। इसके बाद जोश लिटिल के एक ओवर में ही चार छक्के जड़ दिये। इसके बाद थॉमस मेयस की लगातार दो गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाया। फोर्ड ने 19 गेंदों में 2 चौके और 8 छक्के लगाकर 58 रन बनाये। फोर्ड के इस मैच में 96.55 फीसदी रन बाउंड्री से बने। इससे पहले यह रिकॉर्ड 96.15 फीसदी का आंद्रे फ्लेचर का था। फ्लेचर ने ये रिकार्ड साल 2009 में बांग्लादेश के खिलाफ बनाया था। इस मैच में बारिश की बाधा के कारण आयरलैंड की टीम बल्लेबाजी नहीं कर सकती जिससे इस मैच का परिणाम नहीं निकला।



## पोलैंड : ओरलेन मेमोरियल भाला फेंक में दूसरे स्थान पर रहे नीरज

वारसा। भारत के शीर्ष भाला फैंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यहां पोलैंड में आयोजित ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये और दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने पहला स्थान हासिल किया। नीरज इस स्पर्धा में लय में नहीं थे। वह अंतिम दौर से पहले तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में अपना भाला 84.14 मीटर की दूरी पर फेंका जिससे वह दूसरे स्थान पर आ पाये। वह अपने दूसरे और पांचवें प्रयास में 81.28 मीटर और 81.80 मीटर तक ही भाला फेंक पाये। इसके अलावा उनके बचे हुए तीन प्रयास फाउल रहे थे। वहीं जर्मनी के वेबर दूसरे दौर में 86.12 मीटर की दूरी तक थ्रो के साथ ही नंबर एक स्थान हासिल किया ।

इस मुकाबले में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये और 83.24 मीटर तक भाला फेंककर तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने पिछले साल 2024 फेडरेशन कप में 82.27 मीटर तक भाला फेंका था। उसके बाद ये पहली बार है जब नीरज किसी स्पर्धा में 85 मीटर से कम का थ्रो कर पाये हैं। उन्होंने इस साल पहली बार दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका था।

# देश में 25 मई से 2 जून तक रहेगा नौतपा

**नई दिल्ली। भारत में 25 मई से 2 जून तक नौतपा का दौर शुरू हो रहा है। देश के लिए यह वो समय होता है जबकि सूर्य की किरणें पृथ्वी पर लंबवत पड़ती हैं और यह समय सबसे तीव्र माना जाता है क्योंकि गर्मी अपने चरम पर होती है। इस बार भी नौतपा के साथ भीषण लू और आंधी-बारिश दोनों का खतरा मंडरा रहा है। देश भर में मौसम विभाग ने 28 राज्यों में चेतावनी और अलर्ट जारी किए हैं।**

**इसी बीच राजस्थान में पारा 48 पार दर्ज किया गया है, लू का रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। दरअसल जैसलमेर में शुक्रवार को तापमान 48 रिकॉर्ड किया गया, जो अब तक का सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान के 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। 11 जिलों में लू की चेतावनी जारी करते हुए लोगों को दोपहर में बाहर न निकलने की**



सलाह भी दी गई।

### मध्य प्रदेश में आंधी और बारिश

मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के 4 जिलों में तेज आंधी और 17 जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। राज्य में गर्मी और नमी के मेल से मौसम तेजी से बदल रहा है।

### उत्तर प्रदेश के 65 जिलों में बारिश

मौसम विभाग ने तेज हवाओं (40ङ्क60 किमी/घंटा) के साथ वज्रपात और बारिश का अलर्ट जारी किया है। ग्रामीण इलाकों में किसानों और खुले क्षेत्र में काम करने वालों के लिए विशेष चेतावनी दी गई है।

### छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की दस्तक

रायपुर और दुर्ग में तेज बारिश के साथ मौसम ने करवट ली है। इसके चलते अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मतलब साफ है कि यहां नौतपा का वो असर नहीं दिखाई देगा जो कि पिछले वर्षों में दिखता रहा है।

### बिहार, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में भी असर

बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

पंजाब में भी 12 जिलों में बारिश, लेकिन 4 जिलों में अभी भी लू का असर देखने को मिल सकता है।

हरियाणा के 7 जिलों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

हिमाचल प्रदेश के 8 जिलों में ओलावृष्टि और तूफान का ऑरेंज अलर्ट है।

### पिछले साल का रिकॉर्ड

गौरतलब है कि 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान 52.3 अंश सेंटिग्रेट तापमान दर्ज हुआ था, जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। इस बार भी कई शहरों में तापमान 47ङ्क49 के आस-पास पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। अंततः जहां प्री मानसून या बारिश का दौर देखने को मिल रहा है वहां नौतपा का असर कम ही रहने वाला है, लेकिन तब बारिश कितनी टिकेगी कहना फिलहाल मुश्किल है। दक्षिण कोंकण, गोवा तट के पास और पूर्व मध्य अरब सागर में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चलते आईएमडी ने अगले तीन दिनों के लिए कोंकण क्षेत्र में अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि रायगढ़ और रत्नागिरी जिले के लिए अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना का पूर्वानुमान लगाते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि मुंबई, ठाणे, पालघर, सिंधुदुर्ग के साथ-साथ पुणे और सतारा के लिए भारी बारिश, गरज और तेज हवाओं के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने मुंबई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें भारी से बहुत भारी वर्षा, गरज के साथ छींटे पड़ने और अलग-अलग स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है।

## शादी में बालाघाट आए एक युवक से तीन लोगों ने की मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शादी में बालाघाट आए एक युवक को बस स्टैंड के पास तीन लोगों ने हाथ बुक्के से मारपीट कर उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। यह युवक शहजाद शेख पिता सलीम शेख 22 वर्ष ग्राम साकोली जिला भंडारा महाराष्ट्र निवासी है जिसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने रहमान खान, पर्व जैन और सौरभ के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहजाद शेख बी टेक की पढ़ाई कर रहा है। 19 मई को शहजाद शेख अपने मामा सोएब कुरैशी के घर शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बालाघाट आया था। 22 मई को देर रात तक मढ़ा का कार्यक्रम चला। फिर सभी लोग सो गए थे। 23 मई को सुबह 4:30 बजे करीब शहजाद शेख भाई हुसैन कुरैशी, इस्माइल कुरैशी शहबाज शेख के साथ बालाघाट बस स्टैंड स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने पोहा खाने के लिए गए थे दुकान में तीनों पोहा खा रहे थे। तभी रहमान खान, पर्व जैन और सौरभ आये तीनो शराब के नशे में थे। अचानक तीनों ने शहजाद शेख को अश्लील गालियां देने लगे। शहजाद शेख ने उन्हें गाली देने से मना किया तो अभी रहमान खान ने किसी ठोस वस्तु से शहजाद शेख के सिर में मार दिया। उसके बाद उसके साथ आए और पर्व जैन और सौरभ ने भी शहजाद शेख को हाथ बुक्के से मारपीट कर दोबारा सामने आने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी और वहा से फरार हो गए। बीच बचाव के बाद शहजाद शेख रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने शहजाद शेख 22 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर रहमान खान, पर्व जैन और सौरभ के विरुद्ध धारा 296 115(2) 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में जूडो कैंप का आयोजन आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ द्वारा जूडो कैंप का आयोजन रविवार को शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में रखा गया है। दोपहर 1बजे से श्याम 5 बजे तक 25 मई दिन रविवार को कॉलेज प्राचार्य तथा संस्था के संरक्षक अनिल धुवारे उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया संस्था सचिव संतोष पारधी सह सचिव चंद्रकांत पिंपलेवार सदस्य शुभम मनेश्वर द्वारा प्रशिक्षण जबलपुर से जूडो प्रशिक्षक आबिद हुसैन खान जो की मध्य प्रदेश जूडो संघ के कोषाध्यक्ष तथा सीनियर नेशनल रेफरी तथा उनके खिलाड़ी छात्राओं द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर मध्य प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी नरेश टटवाडे के मार्गदर्शन में बालाघाट कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ द्वारा आयोजित किया है।यह कैंप बालाघाट जिले में पहली बार आयोजित किया जा रहा है जूडो एक ऐसा खेल है जिससे खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष खेल एवं कल्याण विभाग द्वारा खेल वृत्ति प्राप्त होती है यह खेल खेलो इंडिया नेशनल गेम तथा ओलंपिक में शामिल है।

## देश का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन बनकर हुआ, 2029 से दौड़ने लगेगी हाईस्पीड ट्रेन

नई दिल्ली। देश की पहली बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट ने एक अहम मील का पत्थर पार कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में एक वीडियो साझा कर बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के तहत 300 किलोमीटर लंबा वायाडक्ट तैयार हो चुका है। इसके साथ ही गुजरात के सूरत में देश का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन लगभग बनकर तैयार हो गया है।

रेल मंत्री वैष्णव के अनुसार, इस बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर 257.4 किमी का निर्माण फुल स्पैन लॉन्चिंग तकनीक से हुआ है, जिससे निर्माण गति में लगभग 10 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक 383 किमी पियर्स, 401 किमी फाउंडेशन एवं 326 किमी गर्डर कास्टिंग पूरा हो चुका है। सूरत स्टेशन के अतिरिक्त 11 और स्टेशनों पर भी कार्य तेजी से जारी है।

### स्वदेशी निर्माण से आत्मनिर्भर भारत की ओर

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में उपयोग हो रही अधिकतर तकनीक और मशीनें भारत में ही विकसित की गई हैं। लॉन्चिंग गैंट्री, ब्रिज गैंट्री, गर्डर ट्रांसपोर्टर आदि पूरी तरह से स्वदेशी हैं। प्रत्येक स्पैन गर्डर करीब 970 टन वजनी है, और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए तीन लाख से अधिक नॉइज़ बैरियर लगाए जा रहे हैं।

### 2026 तक आ सकता है पहला ट्रायल

रेल मंत्री के अनुसार, यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार चलता रहा, तो 2026 के मध्य तक सूरत से बिलीमोरा के बीच बुलेट ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हो सकता है। इसके लिए आवश्यक कोच जापान से मंगाए जाएंगे, जो शिंकानसेन तकनीक पर आधारित होंगे।

## कांग्रेस के कई नेताओं ने यंग इंडियन को लाखों रुपये दान किए

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से जुड़े एक और बड़े खुलासे में प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दोनों वरिष्ठ नेताओं से जुड़ी एक कंपनी को भारी रकम दान करने के लिए कहा गया था। ईडी ने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि यंग इंडियन लिमिटेड को कई कांग्रेस नेताओं से लाखों की रकम मिली है। वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए कंपनी की अब जांच हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया है कि राहुल और सोनिया गांधी दान के बहाने यंग इंडियन लिमिटेड को हस्तांतरित धन के प्रत्यक्ष लाभार्थी थे। मात्र 50 लाख में 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की।

ईडी का दावा है कि यंग इंडियन लिमिटेड ने नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति केवल 50 लाख रुपये में हासिल की। इस लेन-देन ने संभावित हेराफेरी और मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। इस विवादास्पद लेन-देन का एक बड़ा हिस्सा कथित तौर पर तेलंगाना से आया था। तत्कालीन विधायक और वर्तमान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के कथित निर्देशों पर चार कांग्रेस नेताओं ने 2022 में यंग इंडियन को 80 लाख रुपये से अधिक का दान दिया।

दानदाताओं में 2019 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार गली अनिल कुमार ने जून 2022 में 20 लाख रुपये का योगदान दिया है। पूर्व विधायक अली शब्बीर ने भी 20 लाख रुपये का दान दिया, जबकि तत्कालीन तेलंगाना कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पी सुदर्शन ने 15 लाख रुपये दिए। कथित तौर पर सबसे अधिक एकल दान, 25 लाख रुपये, तेलंगाना कांग्रेस के तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष से आया था। ये सभी योगदान एक महीने के भीतर हुए थे। ईडी की जांच में कर्नाटक और पंजाब में भी इसतरह के दान पैटर्न का खुलासा है। सूत्रों के मुताबिक, दिग्गज कांग्रेस नेता पवन बंसल ने कथित तौर पर कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार और उनके भाई, सांसद डीके सुरेश को अप्रैल 2022 में 25-25 लाख रुपये दान करने को कहा था। तभी शिवकुमार से जुड़े एक ट्रस्ट, नेशनल एजुकेशन ट्रस्ट ने यंग इंडियन को 2 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बवाना की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, धमाकों से भरभराकर गिरी बिल्डिंग

नई दिल्ली। बवाना में डीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर-2 में शनिवार तड़के एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इसके बाद एक के बाद एक धमाके होने लगे और थोड़ी ही देर में बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने से इमारत के अंदर विस्फोट हुआ, जिसके कारण इमारत ढह गई। दमकल की 17 गाड़िया आग बुझाने में जुटी हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। फैक्ट्री में आग लगने के चलते अंदर से ऊंची-ऊंची लपटें उठती दिखीं और चारों और काले धुएं का गुबार छाने लगा। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## मेरी हर सांस में खेती और रोम-रोम में किसान बसे हैं - शिवराज सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में है। 29 मई को श्री जगन्नाथ की पावन धरती पुरी, ओडिशा से इस व्यापक अभियान का शुभारंभ होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का पूरा अमला राज्यों के सहयोग से इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है।

## नहीं रहे अभिनेता मुकुल देव, सिनेमा जगत में शोक की लहर

मुंबई। हिंदी और पंजाबी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 वर्ष की उम्र में उन्होंने बीती रात अंतिम सांस ली। वे बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन की पुष्टि अभिनेता विंदू दारा सिंह ने एक बातचीत के दौरान की है, जिन्होंने उनके साथ फिल्म सन ऑफ सरदार में काम किया था।

शानदार अभिनेता मुकुल देव के निधन की खबर से फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके साथियों और चाहने वालों के लिए यह खबर किसी गहरे आघात से कम नहीं है। परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार, मुकुल देव पिछले कुछ समय से खुद को सामाजिक जीवन से अलग-थलग कर चुके थे। माता-पिता के निधन के बाद वे गहरे अवसाद में थे और शायद ही किसी से मिलते थे।




निधन की पुष्टि करते हुए विंदू दारा सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा, मुकुल अब खुद को बड़े पर्दे पर नहीं देख पाएंगे। वो एक अद्भुत व्यक्ति थे और हम सभी उन्हें याद करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर मुकुल के साथ एक वीडियो शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की है और लिखा, रिप ब्रदर मुकुल देव। हेजटैग सन ऑफ सरदार-2 में आपका आखिरी गाना दर्शकों को हंसी और आनंद से भर देगा।

### मुकुल के करियर की शुरुआत

दिल्ली में जन्मे मुकुल देव ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1996 में टीवी सीरियल 'मुमकिन' से की थी। उन्होंने दूरदर्शन के लोकप्रिय शो 'एक से बढ़कर एक' में भी काम किया। उसी वर्ष उन्होंने सुष्मिता सेन के साथ फिल्म 'दस्तक' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने वजूद (1998), कोहराम (1999), मुझे मेरी बीवी से बचाओ (2001), यमला पगला दीवाना, और सन ऑफ सरदार जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया।

### बहुभाषी सिनेमा में भी बिखेरा जलवा

मुकुल देव ने हिंदी के अलावा पंजाबी, बंगाली, कन्नड़, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में भी अभिनय किया। उनकी बहुआयामी प्रतिभा ने उन्हें इंडस्ट्री में एक वर्सेटाइल कलाकार के रूप में पहचान दिलाई। 2011 में उन्हें 'यमला पगला दीवाना' में शानदार अभिनय के लिए 7वां अमरीश पुरी पुरस्कार प्रदान किया गया था। मुकुल देव के निधन से भारतीय फिल्म जगत ने एक और प्रतिभाशाली अभिनेता को खो दिया है। उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

## पाकिस्तान को ड्रोन सप्लाई करने वाली तुर्की की कंपनी मुंबई, पुणे मेट्रो को दे रही टिकट

मुंबई,। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकियों के सफाए के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने तुर्की द्वारा मुहैया कराए गए ड्रोन से भारत पर हमला किया। लेकिन भारतीय वायु सेना ने हवा में उन हमलों को विफल कर दिया। इसके बाद देशभर में तुर्की के प्रति लोगों के बीच आक्रोश है और और तुर्की के सामानों का बहिष्कार कर रहे हैं साथ ही तुर्की घूमने का कार्यक्रम रद्द कर रहे हैं। इस बीच यह बात सामने आई है कि तुर्की द्वारा मुहैया कराए गए इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी एसिस गार्ड से संबद्ध तुर्की की कंपनी एसिस इलेक्ट्रॉनिक को महाराष्ट्र के मुंबई और पुणे में मेट्रो परियोजनाओं में टिकटिंग प्रणाली से जुड़ा काम मिला है और कंपनी अभी भी इस काम पर काम कर रही है। जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सरकार मामले की जांच करेगी।

### - मध्य प्रदेश सरकार ने शुरू की कार्यों की समीक्षा

यह खुलासा होने के बाद कि पाकिस्तान ने तुर्की की कंपनी के ड्रोन का इस्तेमाल कर भारत पर हमला किया, भारत में तुर्की के खिलाफ गुस्सा है। देश भर में तुर्की का बहिष्कार हो रहा है। फलों का आयात बंद हो गया है। पर्यटकों ने भी तुर्की न जाने का निर्णय लिया है। 70 प्रतिशत से अधिक टूर बुकिंग रद्द कर दी गई हैं। इस बीच, पाकिस्तान के लिए ड्रोन बनाने वाली कंपनी एसिस गार्ड से संबंधित भारत में एसिस को दिए गए ठेकों पर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं पर किए गए कार्यों की समीक्षा शुरू की है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एसिस गार्ड और एसिस इलेक्ट्रॉनिक के बीच संबंधों की जांच की जा रही है।

### * क्या काम करती है एसिस कंपनी ?

एसिस इलेक्ट्रॉनिक पुणे और मुंबई मेट्रो रेल परियोजनाओं में स्वचालित किराया संग्रह पर काम कर रही है।

## एनडीए की बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए नीतीश कुमार

पटना। एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की उच्चस्तरीय बैठक दिल्ली में होने वाली है। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार की दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनके साथ मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा भी हैं। रविवार को होने वाली बैठक में केंद्र की योजनाओं का ग्राउंड रिपोर्ट, आगामी नीतियों और सुशासन के मॉडल पर चर्चा की जाएगी। बिहार विस चुनाव से पहले होने वाली एनडीए की बैठक बिहार के लिए अहम मानी जा रही है। बैठक में पीएम मोदी चुनावी मैसेज दे सकते हैं। वहीं, सीएम नीतीश बैठक के बाद रविवार शाम तक पटना लौटने वाले है।

## तिहाड़ जेल में बंद 20 हजार कैदियों को मिलेगा नया काम, प्रस्ताव तैयार

### पैरों की चप्पल से लेकर टूथपेस्ट तक अब सब बनाएंगे कैदी

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। अब तिहाड़ जेल में बंद कैदी अपने डेली यूज के समान का प्रोडक्शन खुद ही करेंगे। इसके लिए तिहाड़ जेल प्रशासन इन हाउस यूनिट लगवाएगा। इसके जरिए चप्पल, टूथपेस्ट और यहां तक कि अंडरवियर से लेकर वे सभी सामान जल्द ही तिहाड़ जेल के कैदी अपने डेली उपयोग के लिए बना सकते हैं। जेल प्रशासन ने अनुमति लेने के लिए प्रस्ताव भेजने का फैसला किया है।

सूत्रों ने बताया कि यह प्रस्ताव तिहाड़ प्रशासन द्वारा 20,000 कैदियों वाली जेल प्रणाली को चलाने की लागत में कटौती करने के लिए विचार किए जा रहे कई प्रस्तावों में से एक है। तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अगर मंजूरी मिल जाती है, तो इकाइयों को संचालित करने के लिए एक बोर्ड का गठन किया जाएगा। बोर्ड में तिहाड़ के अधिकारी और कैदी दोनों शामिल होंगे। पहले दो यूनिट स्थापित करने के लिए प्रारंभिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। अधिकारी ने कहा कि एक चप्पल बनाने के लिए और दूसरी रजिस्टर बनाने के लिए होगी। रजिस्टर यूनिट में कैदियों को पन्नों को रंगना, प्रिंट करना और बांधना होगा। यह ज्यादातर इन-हाउस इस्तेमाल के लिए होगा। यहां तक कि जो चप्पलें बनाई जाएंगी, वे भी कैदियों के लिए होंगी।

### अभी तिहाड़ में क्या बनता है?

वर्तमान में तिहाड़ जेल में अन्य चीजों के अलावा बेकड मिठाइयां, फर्नीचर, मसाले और स्नैक्स बनाने वाली इकाइयां हैं। तिहाड़ के कैदियों द्वारा बनाए गए फर्नीचर का इस्तेमाल दिल्ली के सरकारी स्कूलों में किया जाता है, जबकि तिहाड़ बेकरी आउटलेट दिल्ली में कई जगहों पर बेक्ड आइटम बेचते हैं। दर्जी के तौर पर काम करने वाले कैदियों द्वारा बनाई गई सफेद शर्ट दिल्ली के वकील भी खरीदते हैं। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि हालांकि मौजूदा इकाइयां जेल के अंदर की मांग को पूरा करेंगी और लाभ कमाने के लिए नहीं होंगी। लेकिन कैदियों को शामिल करते हुए प्रबंधन की एक नई प्रणाली बनाई जाएगी ताकि बेहतर व्यावसायिक प्रथाओं को लागू किया जा सके और संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सके। अधिकारी ने कहा कि इन इकाइयों को बनाने का प्राथमिक उद्देश्य श्रमिकों के बीच रोजगार दर को बढ़ाना है, साथ ही दैनिक उपयोग के उत्पादों की खरीद की लागत में भी काफी कमी लाना है। अधिकारी ने कहा कि हम ऐसे उत्पादों के निर्माण का प्रस्ताव देंगे, जिनकी आम तौर पर बड़े पैमाने पर खरीद की आवश्यकता होती है। हमारी गणना से पता चलता है कि तिहाड़ जेल के अंदर उन्हें बनाने में हमें बहुत कम लागत आएगी। लेकिन हमारा प्राथमिक उद्देश्य कैदियों को यथासंभव व्यस्त रखना है। इन इकाइयों में कैदियों को विभिन्न भूमिकाओं में नियुक्त किया जाता है, जिन्हें अकुशल, अर्ध-कुशल और कुशल श्रमिकों के रूप में लेबल किया जाता है।

### तीन श्रेणी के होता है श्रमिक

जिन कैदियों को जेल के अंदर कभी काम नहीं मिला है, वे अकुशल श्रमिक के रूप में काम शुरू करते हैं। तीन महीने के बाद, वे अर्ध-कुशल श्रमिकों में बदल जाते हैं और छह महीने के बाद, उन्हें कुशल श्रमिक माना जाता है। तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक अकुशल श्रमिक औसतन 7,000 रुपये प्रति माह कमाता है, जबकि एक कुशल श्रमिक 10,000 रुपये प्रति माह तक कमाता है। सभी कैदियों में से कम से कम 8 प्रतिशत को किसी न किसी तरह की नौकरी में नियोजित होना आवश्यक है। हमारा उद्देश्य रोजगार के इन नए अवसरों के साथ इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना है। तिहाड़ की वर्तमान क्षमता के बारे में अधिकारी ने कहा था कि जेल 1 से 9 को लगभग 5,000 कैदियों को रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन वर्तमान में इनमें 12,000 से अधिक कैदी हैं। एक सूत्र ने बताया कि जेल संख्या 10 से 16 को लगभग 3,700 कैदियों को रखने के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन वर्तमान में इनमें 3,900 से ज्यादा कैदी हैं। तिहाड़ में जेल संख्या 4 और मंडोली जेल में जेल संख्या 12 को 'मुलेजा जेल' के नाम से जाना जाता है, जिसका मतलब है पहली बार अपराध करने वाले।

## एनकाउंटर में मारा गया 15 लाख का इनामी जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा

लातेहार। झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा और उसका एक साथ एनकाउंटर में मारा गया। घटना शनिवार सुबह लातेहार के इचाबार सलैया के जंगलों में हुई है। पप्पू लोहरा पहले नक्सली था। बीते सालों बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों के खात्मे के बाद लोहरा ने अपना अलग संगठन बना लिया था। संगठन बनाने के बाद लोहर अवैध वसूली के साथ-साथ कई अपराधों में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि जबसे पप्पू ने अपना संगठन बनाया है, उसका गैंग लोगों से लूटपाट करता है।

मामला लातेहार के इचाबार सलैया जंगल का है। शनिवार सुबह पुलिस और उग्रवादियों के भीषण मुठभेड़ देखने को मिली। इस मुठभेड़ में झारखंड पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दो उग्रवादियों को ढेर कर दिया है। इस घटना में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा भी मारा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, पप्पू लोहरा पर कुल 15 लाख रुपए का इनाम भी था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा अपने साथियों के साथ लातेहार के इचाबार सलैया जंगल में छिपा है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने जंगल में सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान पुलिस और लोहरा गैंग के बीच भीषण मुठभेड़ देखने को मिली। काफी देर तक चली इस मुठभेड़ में पुलिस के जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया। जब शव की पहचान की गई तो पता चला कि मारे गए दोनों उग्रवादियों में से एक जेजेएमपी का सुप्रीम लीडर पप्पू लोहरा है।

# सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक के बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पुलिस ने अलग-अलग एंगल से शुरू की जांच , मोबाइल फोन में मिले कई फोटो और वीडियो जल्द पुलिस करेगी आत्महत्या का खुलासा





**बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहर के वार्ड क्रमांक 32 प्रेम नगर सावजी गली में उसे समय चीखपुकार मच गई , जब एक 24 वर्षीय युवक ने अपने ही घर के सीलिंग फैन से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली , बताया जा रहा है कि मृतक युवक रिटायर्ड पुलिसकर्मी का बेटा था जो गत रात्रि 12:00 बजे अपने घर पहुंचा और दरवाजा बंद कर सो गया था , सुबह जब 7:30 से 8:00 बजे के बीच उनकी मां ने उन्हें कॉल किया तो, युवक द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया, तब उनकी माता ने घर की खिड़कियों से झांक कर देखा तो, युवक घर के ही कमरे में फांसी पर लटका हुआ था, परिजनों ने इस पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी ,पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद फांसी पर लटक रहे युवक के शव को उतार कर अग्रिम कार्रवाई की गई , जहां पुलिस द्वारा इस मामले में जांच करते हुए युवक के मोबाइल को जप्त कर लिया है वहीं पुलिस युवक के इस आत्महत्या की घटना को अलग-अलग पहलू से जोड़कर देख रही है, जिसमें पुलिस को प्रथम दृष्टिया यह आत्महत्या की वजह प्रेम प्रसंग लग रही है ।**

प्राप्त जानकारी अनुसार नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32, सावजी गली में निवासरत रिटायर्ड टीआई एम.एल. झाड़ेकर के 24 वर्षीय बेटे वीरेन्द्र उर्फ सोनु झाड़ेकर का शव आज उसके कमरे में फांसी पर लटका मिला। बताया जाता है कि युवक वीरेन्द्र, परिवार का दूसरा बेटा है, जबकि परिवार में एक बड़ी बहन और एक छोटा भाई है। बताया जाता है कि वीरेन्द्र, रात लगभग 12 बजे घर आया था। जिसके बाद वह बिना खाए सोने चला गया। आज सुबह, जब उसे उठाने फोन लगाया गया तो रिंग बजती रही लेकिन, उसने मोबाईल नहीं उठाया। जिसके बाद बड़ी मां उसके कमरे में पहुंची, जहां दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला, उसने खिड़की से अंदर झांककर देखा। जिसके बाद उसके होश फाख्ता हो गए। वीरेन्द्र का शव कमरे में लगे पंखे से रस्सी में लटका था। जिसके बाद बड़ी मां ने शोर मचाया। जिसका शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग दौड़े। वीरेन्द्र जीवित होगा, यह सोचकर, वीरेन्द्र के कमरे का दरवाजा तोड़ा गया लेकिन तब तक वीरेन्द्र की मौत हो गई थी। बहरहाल, वीरेन्द्र ने क्यों और कब फांसी लगाई। यह जांच के बाद ही साफ हो पाएगा। घटना की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंची। जहां घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है, युवक का शव बरामद कर उसे, पीएम के लिए भिजवाया जा रहा है। मामले में युवक के मोबाईल की जांच के साथ ही परिजनों के बयान लिए जाएंगे। जिसके बाद ही साफ हो पाएगा कि युवक की मौत के कारण क्या है।

### प्रेमप्रसंग के मामले से जोड़कर भी जांच की जा रही है - विजय राजपूत

जब हमारे द्वारा इस पूरे विषय को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मृतक युवक की आत्महत्या की सूचना पर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। जिसमें मृतक की आत्महत्या को सर्वप्रथम प्रेम प्रसंग के मामले से जोड़कर भी जांच की जा रही है। मृतक युवक के मोबाइल में फोटो और वीडियो भी खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही पुलिस द्वारा अलग-अलग पहलू अनुसार जांच कर युवक द्वारा की गई आत्महत्या के विषय का खुलासा किया जाएगा । फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है । पुलिस द्वारा मृतक के साथियों को भी तलब किया जाएगा जो युवक के साथ प्रतिदिन रहते थे।

# तिरोड़ी पुलिस ने चोर पिंडकेपार के जंगल में की छापा मार करवाई

### 80 लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी पुलिस ने ग्राम चोर पिंडकेपार के बंजारी जंगल में छापा मार कार्यवाही करते हुए वहा पर हाथ भट्टी से कच्ची शराब बना रहे एक युवक को गिरफ्तार किया और मौके से हाथ भट्टी से बनी 80 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। गिरफ्तार युवक पवन पिता धर्मराज टेकाम 24 वर्ष वार्ड नंबर 13 ग्राम चोर पिंडकेपार निवासी है।

तिरोड़ी पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि ग्राम चोर पिंडकेपार में बंजारी जंगल में एक युवक भारी मात्रा में हाथ भट्टी से कच्ची महुआ बना कर रखा हुआ है और शराब बनाने की भट्टी चालू है। इस सूचना पर सहायक उप निरीक्षक उमेश दियेवार, प्रधान आरक्षक कौशल शर्मा, आरक्षक दीपक धुर्वे सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ ग्राम चोर पिंडकेपार बंजारी जंगल पहुंचे जहां पर एक युवक के भारी मात्रा में कच्ची शराब निकल रहा था। भट्टी के आसपास दो बड़ी अल्युमिनियम की करची भट्टी के ऊपर रखी हुई थी और नीचे आग जल रही थी ।आसपास प्लास्टिक की जरीकेन रखी हुई। यह युवक पुलिस को देखकर घबरा कर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़े नाम पूछने पर उसने अपना नाम पवन पिता धर्मराज टेकाम 24 साल वार्ड नंबर 13 चोर पिंडकेपार निवासी बताया। मौके पर चार पीले रंग की जरीकेन में 15-15 लीटर और दो काले रंग की जरीकेन में 10-10 लीटर कच्ची शराब भरी पाई गई। पवन टेकाम जंगल में अवैध रूप से हाथ भट्टी से कच्ची शराब बना रहा था। मौके से 80 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के अलावा इस शराब को बनाने में उपयुक्त सामान जप्त किया गया और भारी मात्रा में शराब अवैध रूप से बनाने के आरोप में पवन टेकाम के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे इस अपराध में गिरफ्तार किया गया।






















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट